रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 1 दिसंबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 102 मूल्य 3.00 ₹

# प्रदेश में आज से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

## 22.66 लाख पंजीकृत किसानों से 2399 सहकारी समितियों के माध्यम से होगा उपार्जन

**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com

आज से खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू होगी। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। इस खरीफ वर्ष में लगभग 22.66 लाख पंजीकृत किसानों से 2399 सहकारी समितियों के माध्यम से धान उपार्जन किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा पंजीकृत किसानों से लगभग 105 लाख मीटरिक टन धान खरीदी का अनुमान है। इस वर्ष किसानों-ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा 88 नवीन धान उपार्जन केन्द्रों को प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के तहत समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की नकद एवं लिंकिंग के माध्यम सें खरीदी एक दिसम्बर 2021 से 31 जनवरी 2022 तक तथा मक्का की खरीदी एक दिसम्बर 2021 से 28 फरवरी 2022 तक की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए औसत अच्छी किस्म के धान के लिए समर्थन मूल्य की दर, धान कॉमन 1940 रूपए प्रति क्विंटल, धान ग्रेड ए 1960 रूपए प्रति क्विंटल तथा औसत अच्छी किस्म के मक्का का समर्थन मूल्य 1870 रूपए प्रति क्विंटल का दर निर्धारित है। अधिकारियों ने बताया कि 105 लाख मीटरिक टन धान खरीदने के लिए सवा पांच लाख गठान



बारदाने की जरूरत पड़ेगी। जूट कमिश्नर के माध्यम से राज्य को 86 हजार जूट बारदाने प्राप्त हो चुके हैं। भारत सरकार द्वारा राज्य को 2.14 लाख गठान नये जूट बारदाने की आपूर्ति जूट कमिश्नर के माध्यम से किये जाने की सहमति प्रदान की गई है। इसके अलावा राज्य शासन द्वारा उचित मूल्य की दूकानों और मिलरों के माध्यम से लगभग एक लाख गठान बारदाने की व्यवस्था कर ली गई है तथा ओपन मार्केट से लगभग 1.13 लाख गठान एचडीपीई-पी.पी. बारदाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को बारदाना क्रय, वितरण, केन्द्रीय तथा अन्य अधिकारियों से नियमित समन्वय के लिए ओ.एस.डी नियुक्त किया गया है। साथ ही किसानों द्वारा सुगमतपूर्वक धान विक्रय किया जा सके इस उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी के पहले दिन से ही किसानों को स्वयं के बारदानों में धान विक्रय की अनुमति दे दी गयी है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि धान खरीदी व्यवस्था के सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। इन नोडल अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन धान खरीदी तथा अन्य व्यवस्था व समस्याओं से संबंधित स्थितियों की मॉनिटरिंग की जाएगी। यदि इन नोडल अधिकारियों के प्रभार वाले खरीदी केन्द्रों में गड़बड़ी पाई जाती है तो इसके लिए नोडल अधिकारी जवाबदेह होंगे। इसके अलावा राज्य के किसानों के ही उत्पाद खरीदी केन्द्रों में आए इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सीमाओं के संवेदनशील क्षेत्रों में चेक-पोस्ट लगाकर पुलिस, राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। वहीं अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर टीम द्वारा धान जप्त कर सख्त कार्यवाही भी की जा रही है।

### विचक न्यूज़

### 'हर घर दस्तक' अभियान 31 दिसंबर तक बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कोविड टीकाकरण को प्रोत्साहन देने के लिए 'हर घर दस्तक' अभियान की अवधि और एक महीने बढ़ा दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव राजेश भूषण की अध्यक्षता में मंगलवार को एक समीक्षा बैठक में यह निर्णय किया गया। बैठक में नीति आयोग के स्वास्थ्य सदस्य डा. वी के पाल और अन्य मंत्रालयों, राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस महीने की शुरुआत में हर घर दस्तक अभियान एक महीने के लिये आरंभ किया गया था।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भारत तीसरे नंबर पर

**दुबई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर में पहला टेस्ट मैच ड्रॉ होने के बाद भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021-2023 चक्र की अंक तालिका में तीसरे नंबर पर खिसक गया है। आईसीसी की ओर से मंगलवार को जारी अंक तालिका में भारत को नुकसान, जबकि पाकिस्तान को फायदा हुआ है। एक तरफ भारत जहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच ड्रॉ होने से अंक नहीं बटौर पाया। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान मेजबान बंगलादेश को उसी के घर पर पहले टेस्ट मैच में हरा कर 12 अंक लेकर 24 अंकों और 66.66 की जीत प्रतिशत के साथ अब भारत से आगे दूसरे नंबर पर पहुंच गया है।

### अक्टूबर में औद्योगिक श्रमिकों से संबद्ध खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ी

**नई दिल्ली।** मौजूदा वर्ष के अक्टूबर में औद्योगिक श्रमिकों से संबद्ध खुदरा मुद्रास्फीति 4.50 प्रतिशत रही है जबकि इससे पिछले महीने यह 4.41 प्रतिशत रही है। श्रम ब्यूरो के मंगलवार को यहां जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल के इसी माह में औद्योगिक श्रमिकों से संबद्ध खुदरा मुद्रास्फीति की दर 5.91 प्रतिशत रही थी। इसी तरह से अक्टूबर 2021 में खाद्य मुद्रास्फीति 2.20 प्रतिशत रही है। पिछले महीने यह 2.26 प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले इसी महीने के दौरान 8.21 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। आलोच्य माह में खाद्य और पेय समूह की वस्तुओं की खुदरा कीमतों में वृद्धि दर्ज की गयी।

## टेंडर घोटाला : हाईकोर्ट ने मुख्य सूचना आयुक्त और लोनिवि अधिकारियों से मांगा जवाब

**पायनियर संवाददाता < बिलासपुर**
www.dailypioneer.com

चर्चित टेंडर घोटाले में दस्तावेज सूचना के अधिकार के तहत याचिकाकर्ता के मांगने के बावजूद नहीं देने के मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मुख्य सूचना आयुक्त और लोनिवि अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि चिप्स में बैठकर कुछ लोगों ने कंप्यूटर का पासवर्ड चेंज किया था।. इसके बाद करोड़ों के टेंडर घोटाले को अंजाम दिया था । मामला प्रकाश में आने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों ने इस पर रिपोर्ट भी दर्ज किया है. करोड़ों रुपए के घोटाले का मामला उजागर हुआ था। महालेखाकार ने अपने ऑडिट आपत्ति में भी इसका उल्लेख किया है।. राज्य में सरकार बदलने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने मुकदमा दर्ज करने की बात कही थी. इन सबके दस्तावेज सूचना के अधिकार के तहत याचिकाकर्ता ने मांगे थे. मामले में अब 4 सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश हाइकोर्ट ने जारी किया है. फिर छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के आयुक्त अशोक अग्रवाल और लोनिवि विभाग के जनसूचना अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सूचना के अधिकार के तहत छत्तीसगढ़ आरटीआई संघ अध्यक्ष ने एक आवेदन जन सूचना अधिकारी मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया था. जानकारी न मिलने पर प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष आवेदन किया गया. फिर भी जानकारी न मिलने पर राज्य सूचना आयोग के समक्ष आवेदन किया लेकिन जांच प्रक्रियाधीन होने की बात कह कर जानकारी नहीं दी गई।. फिर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई. जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 4 हफ्ते में जवाब मांगा है।

## हंगामे के बाद संसद भवन में विपक्ष का प्रदर्शन

**वार्ता < नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन विपक्ष के सदस्यों के निलम्बन को लेकर लोकसभा में विपक्ष के सदस्यों ने मंगलवार को भी जबरदस्त हंगामा किया जिसके कारण अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही स्थगित होते ही कांग्रेस के साथ ही विपक्ष के कई दलों के नेता संसद परिसर में महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष एकत्र हुए और धरना प्रदर्शन कर




सरकार विरोधी नारे लगाए। उन्होंने कहा कि सदस्यों को अपनी बात रखने का अधिकार है और उन्होंने कोई ऐसा काम नहीं किया जिसके कारण सदन से उनको निलम्बित करने का कदम सरकार ने उठाया है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के नेतृत्व में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, शिवसेना, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, वामदलों के साथ ही कई दलों के सदस्य गांधीजी की मूर्ति के सामने आ गये और सरकार पर संसदीय नियमों एवं कानूनों को तोड़मरोड़ कर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। खडगे ने संवाददाताओं से कहा ÷आज सदन में हम सब लोगों ने सभापति एम वेंकैया नायडू से मिल कर 12 सदस्यों का निलंबन वापस लेने का आग्रह किया।

## बहकावे में न आकर एकता बनाये रखे हिन्दू समाज : तोगड़िया

**एजेंसी < बहराइच**
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद (अहिप) के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया मंगलवार को कहा कि हिंदू समाज को किसी भी बहकावे में न आकर एकता बनाकर रखनी चाहिये और हिंदुओं की रक्षा सर्वोपरी होना चाहिए। अहिप एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया मंगलवार को रूपईडीहा क्षेत्र में पहुंचे। तोगड़िया का नानपारा से लेकर बरवालिया गांव तक जगह जगह कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बरवलिया गांव निवासी ऋषभ त्रिपाठी के यहां आयोजित कार्यक्रम में प्रवीण तोगड़िया दोपहर एक बजे पहुंचे। यहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह बाबागंज निवासी पंकज मिश्रा के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद रूपईडीहा के लिए वह रवाना हो गए। कार्यकर्ताओं ने हिंदू रक्षा के लिए लिफाफा और थैली भेंट किया।



पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में उन्होने कहा कि आज के समय में भी हिंदू समाज दबकर जीवन जी रहा है। ऐसे में समाज को एकजुट होकर देशविरोधी तत्वों से निपटना होगा। अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार हिंदू समाज को आगे बढ़ाने में साथ दे। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के आवागमन को लेकर पुलिस सुरक्षा में तैनात रही। इस दौरान हृदय प्रसाद तिवारी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश मिश्र, राम भारत सिंह, इंद्र बली, ललित त्रिपाठी, अजय मिश्रा, अरुण पाठक, सतीश पाठक समेत अन्य मौजूद रहे।

## जनता की बात उठाने पर माफी मांगने का सवाल ही नहीं : राहुल

**एजेंसी < नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विपक्ष के सदस्यों के निलम्बन को वापस लेने के लिए माफी मांगने की सरकार की शर्त पर पलटवार करते हुए कहा कि उसे बताना चाहिए कि सदन में जनता से जुड़े मुद्दों को उठाना क्या गलत है और इसके लिए क्या माफी मांगी जानी चाहिए। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज जब सदस्यों का निलम्बन वापस लेने की बात की तो उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने इस संबंध में कहा कि जब तक विपक्ष के सदस्य माफी नहीं मांगते उनका निलम्बन वापस नहीं लिया जा सकता है। गांधी ने इस पर ट्वीट करते हुए पलटकर सवाल किया ÷किस बात की माफ़ी? संसद में जनता की बात उठाने की? बिलकुल नहीं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद भवन परिसर में विपक्ष के धरने के दौरान



पत्रकारों से इस संबंध में कहा कि विपक्ष के सदस्यों का निलम्बन पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है और यह लोकतंत्र की हत्या करने एवं विपक्ष को कुचलने की साजिश है। उन्होंने विपक्षी दलों की एकजुटता का दावा करते हुए कहा कि हम सब एक हैं और एक स्वर से सरकार के कृत्य की निंदा करते हैं।

### यूपी में अपराध के आंकड़े डराने वालेः प्रियंका

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर खासकर किसान राजनीति और कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को घेरने की कोशिश कर रही कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि राज्य में अपराध के आंकड़े बेहद डरावने हैं। श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर्मक्षेत्र गोरखपुर में पुलिस अपराधियों के सामने आत्मसमर्पण की मुद्रा में है, यह पूरे प्रदेश में बदतर कानून व्यवस्था की स्थिति का परिचायक है। उन्होने ट्वीट किया अपराधियों के सामने भाजपा की दूरबीन के ढोल सुहावने हैं लेकिन असलियत में यूपी में अपराध के आंकड़े डरावने हैं। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में कानून व्यवस्था अपराधियों के सामने सरेंडर है, बाकी प्रदेश का हाल आप समझ सकते हैं।'



## माल्या की सजा पर अब इंतजार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**वार्ता < नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि अदालत की अवमानना के दोषी भगोड़ा शराब कारोबारी विजय माल्या की सजा तय करने के मामले में अब वह और अधिक इंतजार नहीं करेगा। शीष अदालत ने कहा कि वह माल्या के खिलाफ सजा पर अगले साल 18 जनवरी को सुनवायी करेगी। न्यायमूर्ति यू. यू. ललित, न्यायमूर्ति रविंद्र भट्ट और न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अदालती अवमानना के दोषी माल्या को केवल सजा देने के मामले की सुनवायी चार वर्षों से लंबित है। उसे 2017 दोषी करार दिया गया था और तभी से यह मामला लंबित है। केंद्र सरकार को बार-बार आदेश दिये जाने बावजूद दोषी को पेश नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए पीठ ने कहा कि हम अब अधिक इंतजार नहीं कर सकते। माल्या पर निर्भर करता है कि



उसे खुद या वकील के माध्यम से पेश होना है। शीर्ष अदालत ने 14 जुलाई 2017 को माल्या को दोषी करार दिया था। माल्या को अपने बच्चों के बैंक खातों में 40 मिलियन अमेरिकी डालर के हस्तांतरण का खुलासा नहीं करने का दोषी पाया गया था। बैंकों के 9000 करोड़ रुपये अधिक की देनदारी के विभिन्न मामलों में उसे बिना अदालती आदेश के अपने बैंक खाते से लेन-देन करने पर रोक लगायी गयी थी। अदालत की अवमानना का दोषी करार दिये जाने के बाद माल्या ने अगस्त 2020 में रिव्यू पिटिशन दाखिल की थी, जिसे खारिज दिया गया था।

### स्वास्थ्य विभाग ने परिपत्र जारी कर सभी कलेक्टरों को कोरोना जांच और टीकाकरण में तेजी लाने कहा

## दूसरे देशों से छत्तीसगढ़ आने वालों की स्क्रीनिंग और जानकारी जुटाने प्रदेश के तीनों हवाई अड्डों पर हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश

**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग ने दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिकॉर्न को देखते हुए समुचित निगरानी और व्यापक सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर कोविड-19 के नए वेरिएंट की त्वरित पहचान और बचाव के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रदेश के तीनों हवाई अड्डों रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में हेल्प डेस्क स्थापित कर विदेश से आने वालों की स्क्रीनिंग, कोविड-19 जांच रिपोर्ट, टीकाकरण तथा भारत आने के बाद क्वारेंटाइन एवं कोरोना के लक्षण सम्बन्धी जानकारी लेते हुए केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने राज्य सर्वेलेंस इकाई से समन्वय कर सभी जिलों को



प्रतिदिन विदेशों से अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा कर आने वाले व्यक्तियों की जानकारी लेने के निर्देश दिए हैं। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने भारत आने के बाद अपनी सात दिनों की क्वारेंटाइन अवधि पूरी नहीं की है, उन्हें सात दिनों के होम-क्वारेंटाइन का पालन सुनिश्चित कराने कहा गया है। इन व्यक्तियों के आठवें दिन आरटीपीसीआर जांच कराने और रिपोर्ट के धनात्मक आने पर सैंपल को डब्ल्यू.जी.एस. जांच के लिए भेजने के भी निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने सभी जिलों को नए वेरिएंट से बचाव एवं उसकी त्वरित पहचान के लिए कोविड-19 जांच की संख्या बढ़ाने कहा है। सभी जिलों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कोरोना जांच सुनिश्चित करने कहा गया है।

नए वेरिएंट की पहचान एवं निगरानी के लिए रोज हर जिले को आरटीपीसीआर जांच में धनात्मक आने वाले कम से कम पांच प्रतिशत सैंपलों को डब्ल्यू.जी.एस. जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों में कोरोना टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा है। साथ ही कोविड अनुकूल व्यवहार जैसे मास्क लगाना, परस्पर दूरी एवं समय-समय पर हाथ धोने की आदतों के पालन के लिए कलेक्टरों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

### भारत में अभी ओमीक्रान का कोई मामला नहीं : स्वास्थ्य मंत्री

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यसभा को सूचित किया कि कोरोना के नये वेरिएंट ओमी  ान का देश में अब तक एक भी मामले का पता नहीं चला है लेकिन इसको लेकर पूरा ऐहतियात बरता जा रहा है। मांडविया ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में कहा कि दुनिया के 14 देशों में इस नये वेरिएंट का पता चल चुका है लेकिन भारत में अब तक एक भी मामला सामने नहीं आया है। इसको लेकर एक एडवाइजरी जारी की गयी है और सारे एहतियात बरते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में अब तक कोरोना के 124 करोड़ टीके लगाये जा चके हैं। 18 वर्ष आयु से अधिक के 84 प्रतिशत लोगों को पहला डोज और 47 प्रतिशत लोगों को दोनों डोज लगाये जा चुके हैं। अब हर घर दस्तक अभियान भी शुरू किया गया है जहां स्वास्थ्यकर्मी घर घर जाकर टीके लगा रहे हैं ताकि देश में कोई भी व्यक्ति इससे वंचित नहीं रह जाये। एक अन्य प्रश्न के उत्तर उन्होंने कहा कि हाल ही बारिश के कारण देश में डेंगी के मामलों में बढ़ोतरी हुयी थी लेकिन अब स्थिति नियंत्रण में है और इसके लिए टीके बनाने का काम जारी है।

## भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर अमित शाह बिताएंगे रात

### जवानों की करेंगे हौसला अफजाई

**एजेंसी < नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 4 दिसंबर को राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक रात बिताएंगे। शाह 4 से 5 दिसंबर के बीच राजस्थान की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान बीएसएफ कर्मियों के साथ रहेंगे। गृह मंत्री चार दिसंबर को जैसलमेर जाएंगे और क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवानों से मुलाकात करेंगे। अमित शाह की जैसलमेर यात्रा पहली बार वहां मनाए जा रहे बीएसएफ के 57वें स्थापना दिवस समारोह के समय हो रही है। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री चार दिसंबर को जैसलमेर पहुंचकर देश की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा की समीक्षा करेंगे



और बीएसएफ जवानों द्वारा की जा रही रात्रि गश्त पर करीब से नजर रखेंगे। वह क्षेत्र में एक सीमा चौकी पर बीएसएफ जवानों के साथ एक रात भी बिताएंगे। यह पहला मौका होगा जब गृह मंत्री सीमा के पास बीएसएफ जवानों के साथ रात बिताएंगे। बीएसएफ पहले अपना स्थापना दिवस दिल्ली में मनाती थी। 1 दिसंबर 1965 को स्थापित, भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश सीमाओं की रक्षा के लिए जिम्मेदार है।


# मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत कुकिंग कास्ट एवं रसोईया मानदेय का भुगतान अब पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम से होगा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण जो पूर्व में मध्यान्ह भोजन योजना के नाम से जाना जाता था, के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा कुकिंग कास्ट और रसोईया मानदेय के लिए 309 करोड़ रूपए की राशि विकासखण्डवार जारी की गई है। इस राशि का भुगतान अब पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) के माध्यम से होगा। आयुक्त लोक शिक्षण डॉ. कमलप्रीत सिंह ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि मध्यान्ह भोजन का नाम बदलकर अब प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कर दिया गया है। इस योजना का संचालन केन्द्र और राज्य शासन के माध्यम से हो रहा है। भारत सरकार द्वारा की गई नई व्यवस्था के तहत अब प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के तहत जारी होने वाली राशि अब जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखण्ड जिला शिक्षा अधिकारी के खाते में नहीं जाएगी। कुकिंग कास्ट और रसोईयों के मानदेय का भुगतान पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) के माध्यम से होगा। जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है कि हर माह की 10 तारीख को रसोईयों का भुगतान किया जाना है और जिला शिक्षा अधिकारियों को इस कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे।

## महिला मोर्चा ने रेडी टू ईट पोषण आहार का कार्य महिला स्व सहायता समूह को यथावत रखने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा





भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की एक प्रतिनिधिमंडल ने महिला स्व सहायता समूह के द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले रेडी टू ईट पोषण आहार का कार्य महिला समूह से छीन कर छत्तीसगढ़ बीज विकास निगम को दिए जाने को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। भारतीय जनता पार्टी तत्कालीन सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार वर्ष 2009-10 में आंगनबाड़ियों में रेडी टू ईट पोषण आहार का कार्य ठेकेदारों से लेकर बड़ा निर्णय लेते हुए महिला स्व सहायता समूह को दिया गया था। तत्कालीन समय लगभग 400-500 करोड़ रू. का कार्य जो कि वर्तमान में 1 हजार करोड़ रू. तक हैं, महिला स्व सहायता समूहों को दिया गया था। प्रदेश में महिलाएं इस कार्य को सुचारू रूप से व गणुवत्तापूर्ण रूप से सम्पादित कर रही है तथा प्रत्येक समूह 01 वर्ष में 25 लाख से लेकर 50 लाख रू. तक पोषण आहार प्रदाय का कार्य कर रहा है तथा आर्थिक रूप से सक्षम हो रहा है। इस कार्य में प्रदेश में 20 हजार महिलाएं जुड़ी है तथा इनके माध्यम से 20 हजार परिवार आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने महिला समूहों से उक्त कार्य छीनकर बीज निगम को दिये जाने का निर्णयर्ण लिया है, जिसका प्रमुख उद्देश्य एक कंपनी विशेष तथा इस कंपनी/सस्था/निगम के साथ अनुबंधित निजी सस्था को लाभ देने व महिलाओं को आर्थिक रूप से चोट पहुंचाना है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा भी आगंनबाड़ियों में पोषण आहार का कार्य स्व सहायता समूहों को दिये जाने के पूर्व में निर्देश भी दिये गये है मगर सरकार की हठधर्मिता के कारण आज प्रदेश में न केवल यायालय के निर्देशों की अवहेलना की जा रही ह ैबल्कि प्रदेश की सशक्त हो रही महिलाओं को कमजोर करने व सस्था विशेष व उसके निजी भागीदार को फायदा पहुंचाने का कार्य कि या जा रहा है। जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की रायपुर शहर एवं रायपुर ग्रामीण के एक प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर रेडी-टू-ईट आपूर्ति का कार्य महिला स्व सहायता समूहों को यथावत बनाये रखने प्रदेश सरकार को निर्देशित करे। प्रतिनिधि मंडल में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी लता उसेंडी, सह प्रभारी उषा टावरी, प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, ममता साहू, चंपादेवी पावले, विभा अवस्थी, किरण बघेल, सोना वर्मा, सरिता साहू ,प्रीति परगनी या प्रतिनिधि मंडल में शामिल हुए।

# गुजरात के राज्यपाल ने राजभवन एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन की सराहना की

### राज्यपाल उइके से गुजरात के राज्यपाल ने की भेंट



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भेंट की। इस अवसर पर गुजरात की प्रथम महिला दर्शना देवी भी उपस्थित थीं। आचार्य देवव्रत ने छत्तीसगढ़ राजभवन का अवलोकन किया और यहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा, इड़हर कढ़ी तथा चौलाई भाजी का स्वाद चखा और उसे स्वादिष्ट बताया। राज्यपाल उइके ने गुजरात के राज्यपाल को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, यहां के भौगोलिक परिवेश, प्राकृतिक सौंदर्य, यहां के धान की अनेक प्रजातियों, अपार वन संपदा, आदिवासियों के रीति-रिवाज आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य आदिवासी बाहुल्य राज्य है। यहां के वनवासियों की जीविका का प्रमुख साधन लघु वनोपज है। आदिवासी संस्कृति अत्यंत समृद्ध है। वे परंपरागत रूप से बेलमेटल, काष्ठशिल्प आदि बनाते हैं और इनके द्वारा बनाए गए उत्पाद देश-विदेश में भी पसंद किये जाते हैं। उइके ने उन्हें राजभवन का भ्रमण कराया। गुजरात के राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ राजभवन की अत्यंत सराहना की। उन्होंने लॉन में बनाए गए ओपन जिम और दरबार हॉल की अत्यंत प्रशंसा की। उन्होंने उइके को उनके द्वारा प्राकृतिक खेती को दिये जा रहे प्रोत्साहन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा और गुजरात में भी वे किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने यहां दुर्ग जिले के किसानों से भी भेंटकर उन्हें प्राकृतिक खेती से कम लागत में अधिक उत्पादन होने और अन्य लाभों के बारे में जानकारी दी है। आचार्य देवव्रत ने उइके और सभी अधिकारियों को गुजरात आने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल के परिसहाय यशपाल जगनिया एवं विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार उपस्थित थे। राज्यपाल आचार्य देवव्रत के राजभवन आगमन पर राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो एवं उप सचिव दीपक कुमार अग्रवाल ने स्वागत किया। राज्यपाल उइके ने शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर आचार्य देवव्रत को सम्मानित किया। गुजरात के राज्यपाल ने भी उइके को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# पहले भी डा. रमन सिंह बारदाना की कमी को लेकर पीएम और मंत्रियों को लिखते रहे हैं पत्र: आरपी सिंह

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने कहा है कि ऐसा लगता है कि सत्ता जाने के साथ ही डॉ रमन सिंह की याददाश्त भी चली गई है। अन्यथा वह इतनी हल्की बातें पत्रकारों के साथ चर्चा करते हुए कभी नहीं कहते। कांग्रेस प्रवक्ता ने सन् 2018 का डॉ. रमन सिंह का लिखा हुआ पत्र सार्वजनिक करते हुए यह दावा किया है कि रमन सिंह भी अपने कार्यकाल में बारदाने की कमी होने पर देश के प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों को बारदाना उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखते रहे हैं। कांग्रेस द्वारा आज जारी किए गए पत्र में भी वे केंद्र सरकार से पुराने बारदाने की मांग और रायपुर, बिलासपुर जैसे मैदानी क्षेत्रों में एफसीआई के माध्यम से धान खरीदी कराने का आग्रह कर रहे हैं। अब यह भला कैसे संभव हो सकता है कि जब रमन सिंह मुख्यमंत्री पद पर थे तो उन्हें यह पता होता था कि राज्य में धान की खरीदी के लिए बारदाने की सप्लाई केंद्र सरकार करती है और जब पद से हट जाते हैं तब उन्हें यह दिव्य जानकारी प्राप्त हो जाती है कि धान खरीदी के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को बारदाने की व्यवस्था करनी पड़ती है। कांग्रेस प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने डॉ. रमन सिंह को चुनौती देते हुए कहा है कि अगर यह पत्र उनका लिखा हुआ नहीं है तो मीडिया के सामने आकर स्वीकार करें कि यह पत्र उन्होंने नहीं लिखा है और अगर यह पत्र उनका ही लिखा हुआ है तो मीडिया के सामने आकर प्रदेश की जनता से विशेषकर किसानों से उन्हें गुमराह करने और सार्वजनिक रूप से झूठ बोलने के लिए माफी मांगनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार की बढ़ती लोकप्रियता और किसानों के बीच भूपेश सरकार के प्रति जो एक नया विश्वास पैदा हुआ है उसे देखकर डॉ. रमन सिंह समेत पूरी भारतीय जनता पार्टी घबराई हुई है। स्थानीय चुनाव को लेकर आपसी कलह से जूझती हुई भाजपा अब लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इस तरीके से झूठ का सहारा ले रही है जो की बहुत ही शर्मनाक है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को यह चाहिए कि किसानों के हक में खड़े हो, ना कि उनके खिलाफ। उन्हें देश के प्रधानमंत्री मोदी जी से बातचीत करके यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य में बारदाना की आपूर्ति सुनिश्चित रूप से हो और इसमें कोई बाधा ना आए। इस वर्ष भूपेश बघेल सरकार राज्य स्थापना के बाद पहली बार एक करोड़ मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद कर एक नया कीर्तिमान बनाने जा रही है। इस वर्ष प्रदेश में लगभग दो लाख नए किसान धान की बिक्री से जुड़े हैं। भाजपा के लोग चाहे इस राह में जितनी भी बाधाएं पहुंचाएं भूपेश बघेल सरकार राज्य के किसानों के साथ खड़ी है।

# धरने को विवश एक लाख शिक्षक जिम्मेदार कौन: कौशिक

पायनियर संवाददाता ✓ रायपर
www.dailypioneer.com



नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश में एक साथ 1 लाख शिक्षकों ने धरने पर जाने का एलान कर दिया है इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में किसी भी वर्ग की चिंता प्रदेश की कांग्रेस सरकार नहीं कर रही है। किसान धान बेचने के लिए भटक रहे हैं तो कर्मचारी वादा पूरा नहीं होने पर धरना पर विवश है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार केवल मात्र खुद की चिंता कर रही है प्रदेश की जनता भगवान भरोसे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में शिक्षक जब धरने पर चले जाएंगे तो शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी और इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा। सहायक शिक्षकों के कई मुद्दे है जिनको पूरा करने की दिशा में प्रदेश की कांग्रेस सरकार अभी तक कोई पहल नहीं कर रही है। जिसके कारण ही अलग-अलग शिक्षा संगठन के शिक्षक मिलकर एक साथ राज्यव्यापी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने वाले है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि शिक्षकों को न ही समय पर प्रमोशन मिल रहा है और न ही प्रमोशन के स्तर का वेतन मिल रहा है। इसके अलावा पेंशन, वरिष्ठता व पदोन्नति का भी शिक्षकों को लाभ नहीं मिल रहा है जिसके कारण प्रदेश में शिक्षक काफी आक्रोशित है। यही कारण है कि प्रदेश के शिक्षक बड़ी संख्या में धरना-प्रदर्शन करने को विवश है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि शिक्षकों की बुनियादी मांगों पर तत्काल चिंता करते हुए न्यायोचित फैसला प्रदेश सरकार को लेना चाहिए जिससे शिक्षक धरने पर न जाए और शिक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

# गणित और विज्ञान की शिक्षा को आसान बनाने रामानुजन अमृत गणित यात्रा का कोलंबिया ग्रुप ने स्वागत किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत की आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए महान गणितज्ञ रामानुजन के प्रति अपना सम्मान और कृतज्ञता दिखाने के लिए और छात्रों के लिए गणित और विज्ञान की शिक्षा को आसान बनाने के लिए रामानुजन अमृत गणित यात्रा. 2021 का टेकारी में कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा मंगलवार, 30 नवंबर को स्वागत किया गया था। मुख्य अतिथि बी के राय, महानिदेशक विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के साथ डॉ चंद्रमौली जोशी, अध्यक्ष रामानुजन मैथ्स क्लब, जे जे रावल और जयंत जोशी, इसरो के प्रख्यात वैज्ञानिक, बी एन राव, भारत के गणित गुरु ब्रजेश दीक्षित, विज्ञान विशेषज्ञ और मेहुलकुमार हरसोला . गणित विशेषज्ञ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति का तिलक कर स्वागत किया गया। दीप प्रज्ज्वलित कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के छात्रों द्वारा एक मधुर स्वागत गीत गाया गया और उसके बाद सर्व धर्म प्रार्थना की गई, जिसे कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के कक्षा 6 के छात्रों ने सुनाया। जन प्रगति एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोर जादवानी ने स्वागत किया और पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। डॉ चंद्रमौली जोशी ने संक्षेप में इस यात्रा के महत्व के बारे में बताया जो 2 अक्टूबर को गुजरात के सोमनाथ से शुरू हुई और 22 दिसंबर को रामानुजन के जन्मदिन पर अगरतला में समाप्त होगी। गणमान्य व्यक्तियों ने अपने अनुभव साझा किए और वहां मौजूद छात्रों को गणित को समझने और गणित का डर दूर करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बी के राय इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर बहुत खुश थे, जहां हमारे क्षेत्र के छात्रों को इसरो के वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करने का मौका मिला। उन्होंने सभी छात्रों को रायपुर में विज्ञान केंद्र का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया और कामना की कि कुछ छात्र एक दिन वैज्ञानिक बन कर राष्ट्र की सेवा कर सकें। जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के सचिव हरजीत सिंह हुरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पहले डोज के 90 प्रतिशत कवरेज वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ भी शामिल

**रायपुर।** प्रदेश में कोरोना टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य जल्द से जल्द हासिल करने के लिए तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी कलेक्टरों और संभागायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से बैठक कर इसकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों पर भी कोरोना की जांच और टीकाकरण की व्यवस्था के निर्देश दिए। कोविड-19 के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी नए वेरिएंट की त्वरित पहचान और बचाव के लिए सभी जिलों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। टीकाकरण में तेजी लाने और रोजाना जांच की संख्या बढ़ाने भी कहा गया है। मुख्य सचिव ने शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में कोविड अनुकूल व्यवहार के प्रचार-प्रसार, संक्रमण बढ़ने की स्थिति से निपटने के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों और कोविड केयर सेंटर्स में पर्याप्त बिस्तरों, दवाईयों, ऑक्सीजन सिलेण्डर, वेंटिलेटर सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

# भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज

**उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष विष्णुदेव साय, धरमलाल कौशिक,पवन साय व समापन सत्र में ब्रजमोहन अग्रवाल,अजय चंद्राकर उपस्थित रहेंगे**

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति 1 दिसंबर दोपहर 12:00 बजे भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठक आयोजित की गई है। बैठक के उद्घाटन सत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, महामंत्री संगठन पवन साय व समापन सत्र में ब्रजमोहन अग्रवाल ,अजय चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित ने कहा यह सरकार गरीब के प्रत्येक हक पर कुठाराघात कर रही है । प्रधानमंत्री आवास योजना के लिस्ट जारी न होने के कारण लाखों लोगों के पक्के मकान का सपना अधूरा रह गया। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पट्टे देने का वादा किया था । जो अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। केंद्र सरकार ने गरीबों की चिंता करते हुए अन्य योजना में 5 किलो चावल मुफ्त प्रदान करने की योजना मार्च तक बढ़ा दी है परंतु राज्य सरकार की एक भी योजना गरीब हितैषी नहीं है। इन सब बातों को लेकर कल कार्यसमिति में राजनीतिक प्रस्ताव लाया जाएगा। भविष्य में गरीबों के हक की लड़ाई के लिए आंदोलन की रूपरेखा बनेगी।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर को होंगे कई आयोजन




**रायपुर।** प्रदेश में 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति समाज में सकारात्मक वातारण और दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से कई आयोजन किए जाएंगे। सभी जिलों में समारोह, सेमीनार, जागरूकता शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजन को मुख्यधारा में लाने के प्रयास होंगे। समाज कल्याण संचालनालय द्वारा सभी कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आयोजन के दौरान कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सभी नियमों का पालन करने कहा गया है।

# हाट-बाजारों में लग रहे स्वास्थ्य शिविरों से अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच रही है स्वास्थ्य सुविधा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में सबको स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में और दूर दराज के दुर्गम इलाकों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना संचालित है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजारों में आये ग्रामीणों का इलाज करने के लिए जिला अस्पतालों से मोबाइल क्लीनिक लगाई जाती है, जिसमें चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ चिकित्सा उपकरणों एवं दवाईयां लेकर जाते हैं और चिकित्सकों के परीक्षण के उपरांत मरीज का इलाज एवं जरूरी दवाएं दी जाती है और जरूरत पड़ने पर मरीज को दूसरे अस्पताल में रिफर किया जाता है। प्रदेश में 14 लाख 86 हजार 238 से ज्यादा मरीजों का इलाज हाट बाजार क्लीनिकों में किया जा चुका है। बिलासपुर जिले में भी इस वर्ष अब तक 24 हाट-बाजारों में 426 मोबाइल क्लीनिक लगाकर लगभग 53 हजार 953 ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई है। जिसमें 26 हजार 152 महिलाएं और 27 हजार 801 पुरूष शामिल है। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत जिले में आवश्यकता अनुरूप तथा गांवों से स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी के आधार पर 24 हाट बाजारों का चिन्हांकन किया गया है।

### बिल्हा विकासखंड में चार गांवों के हाट-बाजार चिन्हांकित

बिल्हा विकासखंड में चार गांवों के हाट-बाजार चिन्हांकित हैं जहां सोमवार को ग्राम सेलर, मंगलवार को मंगला, बुधवार को खैरा (डगनिया) गुरुवार को सिलपहरी, शु वार को सेंदरी, और शनिवार को लगरा में मोबाइल क्लीनिक पहुंचती है। इसी तरह कोटा के चार हाट बाजारों में सोमवार को ग्राम लालपुर, मंगलवार को ग्राम धूमा, बुधवार को रानीगांव, गुरुवार को आमागोहन और शुक्रवार को करगीखुर्द, शनिवार को झिंगटपुर में क्लीनिक पहुंचती है। मस्तूरी विकासखण्ड में सोमवार को ग्राम पंधी महाल में, मंगलवार को ग्राम धनिया, बुधवार को भटचरौना, गुरुवार को सरसेनी और शुक्रवार को चिस्दा, शनिवार को जांजी में मोबाइल क्लीनिक आयोजित होती है। तखतपुर में सोमवार को लोखंडी, मंगलवार को तुर्काडीह, बुधवार को उसलापुर, गुरुवार को खम्हरिया, शुक्रवार को खरकेना तथा शनिवार को बांधा के हाट बाजार में मोबाइल क्लीनिक लगाई जाती है। प्रत्येक हाट-बाजार में चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स अथवा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, फॉर्मासिस्ट तथा पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता होते हैं। हाट-बाजारों के लिये डेडिकेटेड वाहन उपलब्ध कराये गये हैं जिनमें सभी प्रकार की आवश्यक औषधियां उपलब्ध रहती हैं। हाट-बाजार पहुंचने पर मोबाइल एप के माध्यम से लोकेशन मैपिंग की जाती है।

## ओपीजेसीसी ने चलाया कौशल विकास अभियान

# देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना संस्थापक चेयरमैन ओपी जिन्दल का सपना था: नीलेश टी. शाह

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर/रायगढ़
www.dailypioneer.com




जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) की सेवा शाखा जेएसपीएल फ उंडेशन की पहल पर संचालित ओपी जिन्दल कम्युनिटी कॉलेज (ओपीजेसीसी) ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने कौशल विकास अभियान में कुछ नए आयाम जोड़े हैं। जेएसपीएल के संस्थापक चेयरमैन ओपी जिन्दल जी का कहना था कि देश के युवाओं को कुशल बनाने पर ध्यान दिया जाए और उनके सपनों के अनुरूप ही उद्योगों की आवश्यकताएं पूरी करने के उद्देश्य से ओपीजेसीसी ने एक नया कौशल विकास अभियान चलाया है, जिसके तहत प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रमाणपत्र दिये जाएंगे ताकि वे बेहतरीन आजीविका प्राप्त कर खुशहाल जीवन जी सकें। ओपीजेसीसी के प्रशासक नीलेश टी. शाह ने बताया कि इस अभियान में उन प्रतिभाशाली युवाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास कौशल तो है लेकिन प्रमाणपत्र के अभाव में वे अनेक अवसरों का लाभ उठाने से वंचित हैं। ऐसे युवाओं को कौशल-पूर्व मान्यता (रिकोग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग) के तहत विशेष प्रशिक्षण के बाद प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) ने कौशल विकास कार्यक्रमों को एक नई मजबूती दी है। इस नई संस्था के गठन से कौशल विकास कार्यक्रमों की गुणवत्ता बढ़ी है और निजी क्षेत्र को आगे आकर सरकार के साथ-साथ लोगों के हाथ मजबूत करने का बेहतरीन अवसर मिल रहा है, जिससे कुशल मानव संसाधन के जरिये देश का विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि शालू जिन्दल के नेतृत्व वाला जेएसपीएल फ उंडेशन युवाओं के कौशल विकास के लिए कृतसंकल्प है इसलिए ओपीजेसीसी के माध्यम से अल्प अवधि का कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है एवं पुरस्कार के रूप में एक निश्चित राशि प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन युवाओं के प्रशिक्षण के लिए विशेष प्रशिक्षक भी नियुक्त किये गए हैं। कौशल विकास के इस अभियान को युवाओं की आवश्यकताओं के अनुसार अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है। पहली श्रेणी में 45 दिन की अवधि वाले कार्य के दौरान प्रशिक्षण (ऑन द जॉब ट्रेनिंग) की व्यवस्था की गई है, जिसमें प्रशिक्षक की देखरेख में निर्धारित स्थान के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं शौचालय निर्माण कार्य में लगाया जा रहा है। 45 दिवसीय प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के रायगढ़, ओडिशा के अंगुल और झारखंड के पतरातू स्थित प्लांट क्षेत्र में चलाया जा रहा है। दूसरी श्रेणी में 10 दिन के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, जिसके तहत प्रतिरूप (सिमुलेटेड) वातावरण में अनुभवी युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें सभी लाभार्थियों को सेतु पाठ्यक्रम (ब्रिज कोर्स) में दाखिला दिया जाता है और उनके कौशल को मानकों के अनुरूप बेहतर बनाया जाता है ताकि वे प्रमाणपत्र प्राप्त करने योग्य बन सकें। 10 दिवसीय यह कार्यक्रम अंगुल में चलाया जा रहा है।

गौरतलब है कि ओपी जिन्दल कम्युनिटी कॉलेज ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उद्योगों के लिए कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाले देश के अग्रणी प्रशिक्षण प्रदाताओं में से एक है।

# महिलाओं को पंजीयन शुल्क में 51.36 करोड़ रूपए से ज्यादा की मिली छूट

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं को जमीन जायदाद के दस्तावेजों के पंजीयन कराने पर पंजीयन शुल्क में छूट प्रदान की जा रही है। पंजीयन विभाग द्वारा ई.डब्ल्यू.एस. एल.आई.जी. मकानों में प्रधानमंत्री आवास तथा परिवार की महिला सदस्य को स्वामित्व दस्तावेज में शामिल करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। योजनांतर्गत महिलाओं को पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 में 01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 तक पंजीयन विभाग द्वारा महिलाओं द्वारा कराये गये पंजीयन के दस्तावेजों पर 51 करो? 36 लाख 26 हजार 951 रूपए की छूट प्रदान की गई है। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में पंजीयन विभाग द्वारा महिलाओं के पक्ष में 76 हजार 30 निष्पादित दस्तावेजों का पंजीयन कराया गया है। कार्यालय पंजीयक पंजीयन मुद्रांक छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में सभी जिलों में महिलाओं के पक्ष में निष्पादित विलेख पर एक प्रतिशत की छूट मुद्रांक शुल्क में दी गई है। जिलों में महिलाओं के पक्ष में पंजीयन किया गया है। इसमें बालोद जिले में 2110 दस्तावेजों का पंजीयन महिलाओं के पक्ष में किया गया। बलौदाबाजार में 3587, बस्तर में 801, बेमेतरा में 2786 और बिलासपुर में 8650 दस्तावेजों का पंजीयन महिलाओं के पक्ष में किया गया। इसी तरह से दंतेवा?ा में 229, धमतरी 1556, दुर्ग में 11,200, गरियाबंद में 893, जांजगीर-चांपा में 5679 और जशपुर में 835 दस्तावेजों का पंजीयन महिलाओं के पक्ष में किया गया है।

# शिक्षक नियुक्ति की मांग और विद्युत समस्या के निराकरण के लिए कलेक्टर ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम मे कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के समक्ष लोगो ने अपनी समस्याओं एवं मांगो से अवगत कराया। जनदर्शन में प्राप्त कुल 17 आवेदनो में मजदूरी भुगतान अतिक्रमण पर रोक, राशन कार्ड, वेतन भुगतान जैसे आवेदन प्रमुख थे। जनदर्शन में ग्राम रांधना से आये हाई स्कूल के छात्रो ने अपने आवेदन में बताया कि स्कूल की एकमात्र विज्ञान महिला टीचर द्वारा लंबे अवकाश पर चले जाने से कक्षा 11 वीं और 12 वीं में भौतिकी विषय की पढ़ाई नही हो पा रही है। जिसका खामियाजा छात्रो को भुगतना पड़ रहा है। इसे देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को हाई स्कूल रांधना के लिए अतिरिक्त टीचर व्यवस्था करने को कहा। इसी प्रकार शिक्षको की मांग लेकर प्राथमिक शाला करंजीपानी के ग्रामीणो ने शिक्षक अथवा ट्विटर की मांग करते हुए बताया की गांव की एकमात्र प्राथमिक शाला एक शिक्षकीय है जबकि यहां छात्रो की संख्या 91 है। ऐसे में शिक्षक द्वारा किसी भी कार्यवश बाहर जाने पर शाला शिक्षक विहीन हो जाता है जिसका बच्चो की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। उक्त प्राथमिक शाला में कम से कम ट्विटर की नियुक्ति की जानी चाहिएं यहां पर भी कलेक्टर ने शिक्षा अधिकारी को तुरंत शिक्षक नियुक्त करने के निर्देश दिये। इस क्रम में आड़काछेपड़ा महात्मा गांधी वार्ड की पूर्णिमा पटेल ने राशन कार्ड प्रदाय करने हेतु गुहार लगाते हुए कहा कि पति के स्वर्गवास होने के पश्चात ना ही उसका राशन कार्ड बना है ना ही निराश्रित राशि मिली है। अतः उसे जीविकोपार्जन में कठिनाई हो रही है। ग्राम मड़कड़ा के सोतनाथ नेताम ने अपने शिकायती आवेदन में बताया की ग्राम पंचायत भादागांव के आश्रित ग्राम में सड़क के बीचोबीच बिजली पोल होने से आने-जाने में कठिनाई हो रही है इसके अलावा पड़ोसी राज्य ओड़िसा बोरीगुमा से आयी बी कमला नायडु ने उनके ग्राम सिंगनपुर में स्थित अधिकार की भुमि का सीमांकन करने, ग्राम बड़ेडोंगर की मनीषा मांझी एवं ग्राम गोलावण्ड के दिलीप बघेल ने अपने दिव्यागंता के चलते जीवन यापन में सहयोग करने, जिला चिकित्सालय के सुरक्षाकर्मियों द्वारा विगत चार माह से वेतन भुगतान ना होने, ग्राम बरकई के सग्राम मरकाम द्वारा मोबाईल टावर लगाये जाने, ग्राम बानगांव के ग्रामीणो द्वारा ट्रांसफार्मर के खराब होने से नल-जल योजना बंद होने, ग्राम कारसिंग के गाण्डाराम में वनभूमि में अतिक्रमण पर रोक लगाने संबंधी आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने सभी आवेदनो को टीप करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे तत्काल आवेदनों पर कार्यवाही करके अवगत करावें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा सहित सभी विभागो के विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

## महिलाओं को रोजगार देकर रमन ने बनाया सशक्त बेरोजगार कर भूपेश बना रहे निःशक्त : दीपिका

पायनियर संवाददाता ◂ सुकमा
www.dailypioneer.com



भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष दीपिका शोरी ने महिला स्व.सहायता समूह से रेडी टू ईट निर्माम कार्य को छीनकर उन्हें बेरोजगार करने के कांग्रेस सरकार के फैसले के विषय मे प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि रेडी टू ईट फूड निर्माण व वितरण का कार्य एक फरवरी 2022 से स्थानीय महिला स्व सहायता समूह के स्थान पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा स्थापित यूनिट के माध्यम से होगा। इस विषय में महिला व बाल विकास सचिव रीना बाला साहेब कंगाले ने पत्र जारी किया है छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने फैसला लिया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट फूड का वितरण महिला समूहों की बजाय राज्य बीज व कृषि विकास निगम के माध्यम से किया जाएगा। इससे प्रदेश भर की हजारो महिलाओं के जीवन पर असर पड़ेगा। छत्तीसगढ़ में महिला समूहों को सरकार के एक फैसले ने बेरोजगार कर दिया जिससे भूपेश सरकार का महिला विरोधी चेहरा उजागर हो गया इससे साफ पता चलता है कि भूपेश सरकार की कथनी एवं करनी में बड़ा अंतर है महिलाओं को सशक्त बनाने की जगह निशक्त बनाने का कार्य कर रही है भूपेश सरकार दीपिका ने कहा कि रेडी टू ईट का निर्माण व वितरण का काम कृषि विकास व कृषक कल्याण व जैव प्रद्योगिकी विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य बीज व विकास निगम के माध्यम से किया जाएगा, पोषण आहार का काम पहले केंद्रीकृत था, लेकिन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतू डॉक्टर रमन सिंह की सरकार ने इसका विकेंद्रीकरण किया गया और महिला समूहों को इसका काम दिया परन्तु वर्तमान की कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण मंत्री परिषद के इस गलत फैसले में इसे अपने खास लोगों को लाभ दिलाने का कार्य कर जनहित के इस कार्य को स्वहित कर व्यापार के रूप में लिया गया है।

**कर्ज में पैसा लेकर कार्य कर रही हैं समूह की महिलाएं-** दीपिका ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में लाखों महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं रेडी टू ईट पोषण आहार का निर्माण सालों से करती आ रही है। इससे जीवन यापन के लिए उन्हें रोजगार मिला है। रेडी टू ईट निर्माण के लिए कहीं से भी शिकायत व आपत्ति नहीं है। उनका कहना है कि रेडी टू ईट निर्माण के लिए कर्ज कर व स्वयं की राशि लगाकर लाखों रुपये के मशीन लगाए है, जो काम बंद होने के बाद बेकार साबित होगा। समूह कर्ज में डूब जाएगा। भाजयुमो प्रदेस उपाध्यक्ष अधि.दीपिका ने मांग की है कि पहले की तरह स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रेडी टू ईट निर्माण बनाने के काम को यथावत रखा जाए। क्योंकि महिलाएं आंगनबाड़ियों में सफलतापूर्वक रेडी टू ईट का निर्माण कर वितरण कर रही है। सामग्रियों का मूल्य बाजार मूल्य से अधिक होने के बाद भी समूह घाटा सहन कर कार्य कर रही है। एकीकृत बाल विकास परियोजना के सभी सेक्टरों में पोषण आहार की व्यवस्था महिला स्व सहायता समूह रेडी टू ईट फूड का निर्माण कर वितरण कर रही थी। नई व्यवस्था के बाद इन समूहों में कार्य करने वाली महिलाएं बेरोजगार हो जाएंगी।जिससे आने वाले दिनों में उन्हें बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है जिसकी जिम्मेदार कांग्रेस भूपेश सरकार होगी।

## झूठे वादे कर सत्ता हासिल करने वाली भूपेश सरकार को छत्तीसगढ़ की महिलाओं का हक नहीं छिनने देंगे : उसेण्डी

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



भाजपा कोण्डागांव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें महिला सशक्तिकरण की बात करने वाली भूपेश सरकार का असली चरित्र एक बार फिर जनता के सामने आ गया है। सालों से रेडी टू ईट फूड बना रहीं 20 हजार से अधिक स्व सहायता समूह की बहनों का हक छीनकर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने बीज एवं कृषि विकास निगम को दे दिया। सरकार का ये फैसला कमीशनखोरी के लिए लिया गया है। इनके दोगलेपन का हिसाब नहीं, भूपेश सरकार ने झूठे वादे कर सत्ता हासिल की है। कदम-कदम पर छत्तीसगढ़ की महिलाओं को धोखा देने का काम किया है। उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। भाजपा नेत्री लता उसेंडी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्व सहायता समूह की बहनों से रेडी टू ईट का काम छीन लिया, बेटियों से सरस्वती साइकिल योजना की साइकिल छीन ली, स्काई योजना से महिलाओं को मिल रहे स्मार्टफोन छीन लिए है। हाथ मे गंगाजल लेकर शराब बंदी करने की कसम खाने वाली छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने महिलाओं के साथ छलावा किया है। उन्हें ठगने का काम किया है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी भूपेश सरकार के घटिया मंसूबे को पूरा नहीं होने देंगी। हमने हमेशा महिलाओं के हक के लिए लड़ा है और आगे भी लड़ेंगे। आज स्थानी कलेक्ट्रेट में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने कलेक्टर के पास ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मनोज जैन, दीपेश अरोरा, हेमकुंवर पटेल, अनीता नेताम, जैनेंद्र सिंह ठाकुर, ईना श्रीवास्तव, गोविंदा तलवार, रौनक पटेल, बुधनी बाई, गौरव ठाकुर, कुलवंत सिंह चहल एवं अन्य सहयोगी जन उपस्थित रहे।

## मंत्री लखमा प्रवास के दौरान सर्व आदिवासी समाज जिला कोण्डागांव ने पेसा ड्राप्ट और पेसा नियम लागू करने की बात कही

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



29 नवम्बर को आबकारी मंत्री कवासी लखमा के कोंडागांव में प्रवास के दौरान सर्व आदिवासी समाज जिला कोंडागांव से मुलाकात किए। मुलाकात के दौरान समाज के द्वारा 25 वर्ष बाद पेशा नियम का सुझाव छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सुझाव अभिमत मांगे जाने की कड़ी में सर्व आदिवासी समाज जिला कोंडागांव के द्वारा 64 पेज का ड्राफ्ट तैयार कर पंचायत मंत्री टीएस सिंह देव, आबकारी मंत्री कवासी लखमा को ड्राप्ट सौंपा गया। ड्राफ्ट हाथ में लेते ही लखमा जी ने जल्द ही पेशा नियम लागू होने का आश्वासन दिया।

मुलाकात में सर्व आदिवासी समाज से तिरुमाल बंगाराम सोढ़ी जिला अध्यक्ष कोंडागांव, तुलसी नेताम युवा प्रभाग संरक्षक कोंडागांव, ब्लाक सचिव लक्ष्मण मरकाम बड़ेराजपुर , तरुण नेताम ब्लाक अध्यक्ष युवा प्रभाग बड़ेराजपुर ,मिथलेश नेताम , शिवा नेताम, शिवा नेताम ब्लाक अध्यक्ष युवा प्रभाग कोंडागांव , त्रिनाथ नेताम, उमेश कोर्राम, पनकु नेताम ब्लाक अध्यक्ष कोंडागांव, जीवन नाग जिला कार्यकारणी सचिव कोंडागांव बड़ी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के लोग मैजूद रहे।

## कुटुम्ब न्यायालय में परामर्शदाता के 1 रिक्त पद के लिए 11 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव।** कार्यालय कुटुम्ब न्यायालय कोण्डागांव द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार कुटुम्ब न्यायालय कोण्डागांव में परामर्शदाता के रिक्त 01 पद की पूर्ति हेतु निर्धारित अर्हता रखने वाले आवेदकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 11 दिसम्बर 2021 तक आमंत्रित किया गया है। उक्त पद हेतु निर्धारित की गई योग्यता के अनुसार कोई भी व्यक्ति जिसके पास एक विषय के रूप में समाज विज्ञान या मनोविज्ञान के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की उपाधि (डिग्री) हो और विशेषतः समाज कार्य बाल मनोविज्ञान या कुटुम्ब संबंधी परामर्श से न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव हो, परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होगा। परन्तु शैक्षणिक अर्हताएं/न्यूनतम अनुभव के उच्च न्यायालय के परामर्श से राज्य शासन द्वारा आपवादित परिस्थितियों में छूट दी जा सकेगी। इस संबंध में अपेक्षित अर्हता रखने वाली महिलाओं को प्राथमिकता दी जा सकेगी। परन्तु आयु संबंधी नियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति के लिए तभी पात्र होगा, जब उसने 35 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और वह 60 वर्ष की आयु से कम का हो।

इसके साथ ही ऐसे अभ्यर्थी जो न्यायाधीश रह चुके हो या फिर कुटुम्ब संबंधी विषयों में परामर्श के अनुभवी हो, उन्हें भी नियुक्ति के मामले में प्राथमिकता दी जायेगी।

## आंतरिक सुरक्षा सलाहकार के. विजय कुमार ने किया अबूझमाड़ का भ्रमण

पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के घोर नक्सल प्रभावित सोनपुर पहुंच आंतरिक सुरक्षा सलाहकार के. विजय कुमार जिला नारायणपुर के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिला के घोर नक्सल प्रभावित अंचल अबूझमाड़ के सोनपुर का भ्रमण किया। वहां उन्होने 53वीं बटालियन आईटीबीपी कैम्प का आकस्मिक निरीक्षण कर जवानों से चर्चा की। इसके बाद उन्होने वरिष्ट अधिकारियों और डीआरजी टीम प्रभारियों की मीटिंग ली। थाना सोनपुर में उन्होने जवानों से मिलकर उनकी हौसला अफजाई किया, उन्होने अधिकारियों और डीआरजी कमाण्डर्स को निर्देशित किया कि आगामी 7माह तक निरंतर प्रभावी नक्सल अभियान संचालित किया जावे। आंतरिक सुरक्षा सलाहकार के. विजय कुमार ने हाल ही में पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल के नेतृत्व में 10 लाख रूपये की ईनामी नक्सली, कंपनी नंबर-06 का कमाण्डर साकेत नुरेटी उर्फ भास्कर नुरेटी के एनकाउण्टर करने पर पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर और डीआरजी जवानों की तारीफ की। उन्होने कहा अपेक्षा है कि नारायणपुर पुलिस आगामी दिनों में इसी तरह प्रभावी नक्सल अभियान करते हुए नक्सलवाद के खात्मे के लिये विशेष किर्तिमान स्थापित करेगा। कुमार ने कहा कि जैसा कि आप सबको ज्ञात है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विकास में पुलिस और सशस्त्र बल के जवानों का महत्वपूर्ण योगदान होता है अतः न सिर्फ प्रभावी नक्सल अभियान संचालित किये जाये। वरन् क्षेत्र के विकास कार्यों और यहां के आम नागरिकों के सर्वांगीण विकास में भी उल्लेखनीय कार्य करें। आंतरिक सुरक्षा सलाहकार के. विजय कुमार के सोनपुर प्रवास के दौरान उनके साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा, महानिरीक्षक बी.के. मेहता (बीएसएफ), महानिरीक्षक संजीव रैना (आईटीबीपी), उप महानिरीक्षक अखिलेश्वर सिंह (बीएसएफ), पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल (आईपीएस) सेनानी भानूप्रताप सिंह (45वीं बटालियन, आईटीबीपी), सेनानी समर बहादूर सिंह (29वीं बटालियन आईटीबीपी), उप सेनानी पूदम सिंह बग्गा , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चन्द्राकर और उप पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार सहित जिले के पुलिस वरिष्ट अधिकारी और डीआरजी कमाण्डर्स उपस्थित रहे।

## पी.के. मजुमदार को मिला सीएसआर लीडरशिप अवार्ड

पायनियर संवाददाता ◂ बचेली
www.dailypioneer.com




देश की सबसे बड़ी लौह-अयस्क उत्पादक एवं नवरत्न कंपनी, एनएमडीसी लिमिटेड, बचेली को एपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा मेटल एंड माइनिंग सेक्टर की एकल श्रेणी में पी.के. मजुमदार, मुख्य महाप्रबंधक, एनएमडीसी बचेली को 'एपेक्स इंडिया सीएसआर लीडरशिप अवार्ड' हाल ही में गोवा में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया गया । उपरोक्त कार्यक्रम में ही एपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा 'एपेक्स इंडिया सीएसआर अवार्ड्स' के तहत एनएमडीसी, बचेली को एजुकेशन सिटी, जवांगा के लिए प्रोजेक्ट ऑफ़ दा डिकेड अवार्ड 2020 अंतर्गत 'प्लैटिनम अवार्ड' एवं कोविड के दौरान एनएमडीसी, बचेली द्वारा किये गए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'बेस्ट सीएसआर रेस्पॉन्स टुवर्ड्स कोरोना पेन्डेमिक 2021' प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि पिछले 02 वर्ष हम सभी के लिए चुनौतीपूर्ण रहे हैं, मुख्यतः कोरोना महामारी के कारण। एनएमडीसी एक संगठन के रूप में, इस कठिन समय के दौरान एनएमडीसी ने समुदायों को ना सिर्फ स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की, बल्कि निकटवर्ती ग्रामों के ग्रामीणों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के अलावा लग- भग 20,000 प्रोफिलैक्सिस किट, सैनिटाइज़र, मास्क्स और लग- भग 25,000 कोरोना टेस्टिंग भी कीं । यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि एपेक्स इंडिया सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड्स बहुत ही प्रतिष्ठित अवार्ड हैं । क्यूंकि देश की लग भग 1200 जानी मानी पीएसयूस, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं आवेदन करती हैं जिनके आवेदनों की छटनी, प्रेजेंटेशन उपरांत जूरी के अनुभवी सदस्यों द्वारा बहुत ही कम संस्थाओं/ कम्पनियों एवं व्यक्तियों को यह पुरस्कार दिए जाते हैं । उपरोक्त पुरस्कार कार्यक्रम के दौरान मनोज तिवारी (संसद सदस्य), रिटा. मेजर जनरल पी.के. सहगल (भारत के रक्षा विशेषज्ञ और टेडेक्स स्पीकर), ललित गभाने (भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महानिदेशक और सीईओ) द्वारा उनके करकमलों से प्रदान किए गए। लग-भग 200 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, प्राइवेट उद्योग, एनजीओ, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में एनएमडीसी ही एक ऐसी पीएसयू थी जिसे मंच पर आकर उपरोक्त गणमान्य अतिथिओं के समक्ष एनएमडीसी द्वारा सीएसआर अंतर्गत किये जा रहे कार्यों के विषय में एवं सीएसआर के क्षेत्र में हासिल की गयी उपलब्धिओं के विषय में बताने के अवसर प्रदान किया गया था। उपरोक्त गणमान्य अतिथिओं में मौजूद संसद सदस्य मनोज तिवारी ने एनएमडीसी बचेली सीएसआर के द्वारा किये जा रहे सभी कार्यों की सराहना की एवं एनएमडीसी, बचेली के कार्यों को देखने हेतु बचेली आने की इच्छा भी ज़ाहिर की । इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथिओं तथा प्रतिष्ठित संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए उप महाप्रबंधक (सीएसआर एवं सीसी) ने एनएमडीसी, बचेली द्वारा सीएसआर के तहत किये जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी दी । यह पुरस्कार उस काम का प्रमाण है जो एनएमडीसी जरूरतमंद समुदायों के लिए कर रही है। उपरोक्त अवार्ड्स प्राप्ति पर पी.के. मजुमदार ने एनएमडीसी, बचेली के समस्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए इसे उनके परिश्रम का फल बताया एवं यह पुरस्कार परियोजना के सभी कर्मचारियों को डेडिकेट किए। मजुमदार ने उपरोक्त अवार्ड हेतु कम्पनी के सीएमडी एवं सभी डायरेक्टर्स को उनके सफल नेतृत्व एवं लगातार मार्गदर्शन हेतु धन्यवाद दिया है।

# मटन मार्केट के अपशिष्ट की दुर्गंध से 4 महीनों से परेशान वार्डवासियों ने किया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ◂ कांकेर
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय स्थित डेली मार्केट के मुर्गा मटन दुकान पीछे अपशिष्ट फेंके जाने व उसके दुर्गंध से परेशान वार्डवासियों ने आज बाई पास सड़क अन्नपूर्णा पारा में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदशन कर लगभग आधे घण्टे सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर 15 दिवस के भीतर अपशिष्ट को बाहर फेंकने की व्यवस्था बनाने व वार्ड में इस प्रकार की गंदगी दुबारा न हो इसको ध्यान में रखते हुए अच्छी व्यवस्था बनाने की मांग करते हुए धरना को समाप्त किया गया।

सुभाष वार्ड, अन्नपूर्णापारा, एमजी वार्ड के पार्षद व वार्डवासियों ने मीडिया को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुये बताया कि सुभाष वार्ड स्थित मटन मार्केट का बचा खुचा अपशिष्ट को दुकान के पीछे नदी में खुले में फेंक दिया जाता है लगभग 4 महीनों से यह चल रहा जिसके चलते दुर्गंध इतना बढ़ गया है है कि राहगीरों व मोहल्लेवासियों का सांस लेना दूभर हो गया है। जिसको लेकर नगर पालिका को लिखित व मौखिक शिकायत की जा चुकी है किंतु नगर पालिका अपशिष्ट फेंकने के लिए जगह नही है कहकर पल्ला झाड़ देती है जिससे मोहल्लेवासियों में नगर पालिका के खिलाफ रोष व्याप्त है।

वहीं धरना प्रदर्शन के समाप्ति के पहले पूर्व पार्षद सुभास वार्ड ने कहा बताया कि वार्ड में दुर्गंध की समस्या अब असहनीय हो गई है जिसके चलते हमें नपा प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराने प्रर्दशन करना पड़ा।

### वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी-सीएमओ नपा

इस सबन्ध में कांकेर नगर पालिका के सीएमओ दिनेश यादव ने कहा कि समस्या को देखते हुए कल से वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी जिसमें जगह चिन्हांकित किया गया है नगर पालिका द्वारा कचरा ढोने वाले वाहन से मटन मार्केट की गंदगी को शहर से बाहर फेंका जाएगा।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060122643150, लखननिराला (ऋणी), धर्मेन्द्र कुमार निराला (सहऋणी) | 16-अगस्त-21 ₹ 9,58,607/- नौ लाख अट्ठावन हजार छः सौ सात रूपये मात्र 16 अगस्त 21 तक | रिहायशी / व्यावसायिक संपत्ति भूमि/ बिल्डिंग/ स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 44 ग्राम भातागांव खसरा नं. 193 का भाग आरएनएम कोमाखान महासमुंद बागबहारा छत्तीसगढ क्षेत्रफल 189.98 वर्गगज, | 25-नवम्बर-21 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060116367839, संजय पहूजा ( ऋणी ), मनोज कुमार पहूजा ( सहऋणी ) | 13-जुलाई-21 ₹ 2,90,118/- दो लाख नब्बे हजार एक सौ अठारह रूपये मात्र 07-जुलाई-21 तक | रिहायशी / व्यावसायिक संपत्ति भूमि/ बिल्डिंग/ स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 1031 5 मनोज का प्लॉट पीएच नं. 4 9 मौजा पुरानी बस्ती रानी रोड कोरबा वार्ड नं. 04 कोरबा छत्तीसगढ 495678, क्षेत्रफल 112 वर्ग फीट | 24-नवम्बर-21 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8)के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांक: 30/11/2021** **स्थान: छत्तीसगढ** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# अतिक्रमण से स्कूली बच्चे हो रहे परेशान सेप्टिक टेंक हुआ बंद, निकासी की नहीं सुविधा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

हाईस्कूल रोड में स्थित ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चे इन दिनों सेप्टिक टेंक से आ रही बदबू से परेशान है,वही उनके स्वास्थ्य की भी खराब होने की आशंका है। इस बात को लेकर कलेक्टर से लेकर मंत्री तक आवेदन देने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से स्कूल संचालक सहित बच्चे परेशान है। हाईस्कूल रोड स्थित ज्ञानदीप स्कूल के बच्चे इन दिनों सेप्टिक की गंदगी व उसकी बदबू से परेशान है तथा बदबुदार हवा के बीच पढ़ाई करने मजबूर है जिससे उनके स्वास्थ्य खराब होने का खतरा है। इस बात को लेकर उन्होंने नगरपालिका एसडीएम व कलेक्टर व मंत्री तक गुहार लगा चुके है पर उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्कूल की संचालिका शारदा सोनी ने बताया है कि स्कूल की स्थापना 1995 मे हुई है तब से निर्वाध और बगैर किसी परेशानी के स्कूल का संचालन हो रहा है पर इस वर्ष डेढ़ माह पूर्व बगल मे रहने वाले रमेश अग्रवाल ने अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुए तेजी से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है जिससे सेप्टिक से निकलने वाली पानी का निकास



रूक गया है उन्होंने आगे यह भी बताया कि उनके निर्माण कार्य से स्कूल के खिड़की दरवाजे बंद हो गये है जिससे हवा आदि भी बच्चो को नहीं मिल पा रहा है। जबकि हमारे पास जमीन के पूरे दस्तावेज है तथा वैधानिक दस्तावेज है जिस पर हमने स्कूल भवन का निर्माण कराकर वहां पर निर्वाध गति से स्कूल का संचालन कर रहे थे। पर कोरोना काल के बाद यह समस्या आ रही है इस बात को लेकर हमने नगरपालिका, तहसील कार्यालय एसडीएम कलेक्टर व मंत्री शिवकुमार डहरिया को भी इस बात से अवगत कराया है। वही बच्चो की स्थिति को देखते हुए मंत्री ने कलेक्टर को पत्र के माध्यम से इसमे तत्काल संज्ञान लेकर समस्या का निदान कर अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने कहा था पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जा रही हे जिसकी वजह से बच्चों की शिक्षा पर भी असर पड रहा हे। वही जब सेप्टिक टेंक की सफाई व अतिक्रमण हटाने नगरपालिका मे निवेदन किया गया तो नगरपालिका अधिकारी ने शासकीय कार्य नहीं है कहकर टाल दिया वही पैसे की कमी कहकर बात को टाल दिया। अवैध अतिक्रमण की शिकायत होने के बाद रमेश अग्रवाल द्वारा नगरपालिका में नक्शा पास कराने आवेदन दिया गया है जबकि इसके पूर्व ही बगैर अनुमति के मेरे स्वयं के भवन में जो कि नगरपालिका से स्वीकृत है निर्मित सेप्टिक टेक के उपर मकान का निर्माण कार्य करा दिया गया है जो कि सरासर अवैध है। आगे उन्होंने कहा कि बच्चों के हितों की अनदेखी कर शासन प्रशासन उनके भविष्य एवं स्वास्थ्य के साथ खिलवाड करने में उतारू है जो कि कही न कही उनकी कर्तव्यहीनता का घोतक है। यदि इसके बाद भी कार्यवाही नहीं होती है तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# एडिशनल कलेक्टर कार्यालय भवन तहसील परिसर में बनकर तैयार

## पिछले 8 वर्षों में न तो एडिशनल कलेक्टर की नियुक्ति हुई है और न ही स्टाफ उपलब्ध कराए गए

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने एक अर्से पूर्व मुख्यमंत्री रहते हुए ग्राम तरेंगा में अपने प्रवास के दौरान अतिरिक्त क्लेक्टर का मुख्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की थी। उक्त घोषणा का एडिशनल कलेक्टर कार्यालय भवन स्थानीय तहसील परिसर में बनकर तैयार है। लेकिन पिछले 8 वर्षों में उक्त कार्यालय में न तो एडिशनल कलेक्टर की नियुक्ति हुई है और ना ही कार्यालय के लिए स्टाफ उपलब्ध कराए गए हैं, इस तरह भाजपा व कांग्रेस के कुल 8 से 10 वर्षों के कार्यकाल में भाटापारा के साथ उपेक्षा पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। इस मुद्दे पर न तो भाजपा के जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और ना ही कांग्रेस के दिग्गज नेता रूचि ले रहे हैं। फलस्वरूप एडिशनल कलेक्टर कार्यालय भवन अब खंडहर में तब्दील होने की ओर आगे बढ़ रहा है। भाटापारा में एडिशनल कलेक्टर की पदस्थापना के लिए जिला कलेक्टर व राजस्व संभागायुक्त ध्यान नहीं दे रहे हैं। पृथक जिला के लिए सबसे मजबूत दावेदार भाटापारा में अतिशीघ्र एडिशनल कलेक्टर की नियुक्ति करने तथा निर्मित एडिशनल कलेक्टर भवन में पर्याप्त स्टाफ की तैनाती की मांग लोगों ने पुनः की है। वर्तमान में राजस्व के तमाम प्रकरण एडिशनल कलेक्टर कार्यालय बलौदाबाजार में पेंडिंग है। फलस्वरूप आम नागरिकों को बात- बात में बलौदाबाजार जाना पड़ रहा है। चूंकि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए डॉ. रमन सिंह ने जिम्मेदारी से भाटापारा को अतिरिक्त कलेक्टर कार्यालय की सौगात दी थी, उस पर अब शासन को पहल करते हुए एडिशनल कलेक्टर कार्यालय प्रारंभ करना चाहिए। इस दिशा में लोगों ने भाजपा विधायक के साथ साथ कांग्रेसी नेताओं का भी ध्यान आकृष्ट किया है साथ ही जनहित में उक्त कार्यालय को विधि सम्मत शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की है।

इस संबंध में हमारे द्वारा वर्तमान सरकार को तीन से चार बार पत्र लिखा गया है। परंतु उस पर कोई भी कार्यवाही नहीं हो रही है भविष्य में एडिशनल कलेक्टर के कार्यालय हेतु फिर से पुरजोर प्रयास किया जाएगा।
**-शिवरतन शर्मा,** विधायक भाटापारा

कुछ समय पूर्व वर्तमान कलेक्टर सुनील जैन से इस संबंध में चर्चा हुई थी तो उन्होंने कर्मचारियों की कमी का हवाला दिया व कहा जब तक पर्याप्त स्टाफ नहीं होगा तब तक एडिशनल कलेक्टर की नियुक्ति संभव नहीं हैं।
**-सतीश अग्रवाल,** निगम मंडल सदस्य, भाटापारा

# कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन करने अमोदिडीह पहुँचे नीलांचल के संस्थापक सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ बसना
www.dailypioneer.com



विधानसभा के ग्राम अमोदिडीह में कल रात 9 बजे जय ठाकुर देव कबड्डी क्लब के तत्वावधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया जा रहा है। ग्रामवासियों ने गाजे-बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए पुष्पमाला से आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संपत अग्रवाल ने श्रीफल फोड़कर व फीता काटकर उद्घाटन किया गया। खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर राष्ट्रगान के साथ कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने कहा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए नीलांचल सेवा समिति से जुड़कर उचित प्रशिक्षण के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक प्रतियोगिता में भाग लेने कहा गया। उक्त कार्यक्रम में सुखीपाली सेक्टर प्रभारी कन्हैया प्रधान, फुलझर सोसायटी समिति के अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि शिवकिशोर साहू, मीडिया सलाहकार प्रकाश सिन्हा, ग्राम प्रमुख विनोद बारिक, नंद कुमार प्रधान, सदानंद भोई, देवेन्द्र बरिहा, रेशमलाल साहू, विलास प्रधान, सरपंच प्रतिनिधि जगेश्वर नेताम, तरुण पटेल, सुधीर प्रधान, हरिराम प्रधान, नयन प्रधान, पदुम साहू, पीताम्बर साहू, नरेश निषाद, भोजराज बरिहा, अमरसिंह पटेल, लव कुमार निषाद, बाबूलाल खड़यिा, अनिल बारीक, लक्की दास मानिकपुरी, उदय मिरी, छबी राम बरिहा, खिरोद्र भोई, मिनेश कुमार सिदार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अवैध गांजा परिवहन के आरोपी को 15 वर्ष का सश्रम कारावास

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अवैध गांजा परिवहन करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) ऋषि कुमार बर्मन के द्वारा 15 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है.। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 जून 2019 को बिलाईगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वाहन में बड़ी मात्रा में अवैध गांजा का परिवहन किया जा रहा है. जिस पर पुलिस के द्वारा इंदिरा मार्केट मेन रोड मंदिर के निकट बिलाईगढ़ में नाकाबंदी का वाहनों का जाँच किया जा रहा था. वाहन स्पार्क शेवरलेट कार क्रमांक सी जी 04 ए ई 7700 के जाँच के दौरान वाहन की डिक्की से 40 पैकेट कुल 39.20 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था. जिस पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पाया गया कि उक्त वाहन के नंबर प्लेट क्र.ओ आर 02 ए आर 3373 को बदल कर दूसरा नंबर प्लेट सी जी 04 ए ई 7700 लगाकर कूटरचना किया गया है. पुलिस द्वारा आरोपी हेमंत राणा पिता बलराम राणा 22 वर्ष निवासी रहेनमाल, थाना तुसुरा, जिला बलांगीर(उड़ीसा) के विरूद्ध धारा 20बी(2) एनडीपीएस एक्ट, 468/34, 471/34 भादवि के तहत अभियोग पत्र न्यायालय विशेष न्यायाधीश एन.डी.पी.एस. बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत किया गया. वहीं सह अभियुक्त प्रेमलाल फरार हो गया था. विशेष न्यायाधीश ऋषि कुमार बर्मन के द्वारा अभियोजन साक्षियों के कथनों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत आरोपी का अपराध प्रमाणित पाया गया. जिस पर 26 नवंबर 2021 को आरोपी हेमंत राणा को धारा 20 बी एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत 15 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदण्ड, धारा 468 भादवि के तहत 3 वर्ष सश्रम करावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड तथ धारा 471 भादवि के तहत 6 माह का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया. अभियोजन की ओर से अतिरिक्त शासकीय लोक अभियोजक राजेश कुमार द्विवेदी ने पैरवी किया।

# रैना खपरी में मितानिनों को श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान



**बलौदाबाजार/रिसदा।** मितानिन दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत पुरैना खपरी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिला पंचायत सभापति डा कुशलराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और मितानिन मानकी साहू ,मुक्ता साहू ,नीर बाई, सुशील वर्मा, वसुधा वर्मा, सुशीला साहू, सभी को साल, फल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें सरपंच संतोषीभगवानी ध्रुव,भगमती साहू नारायण यादव राजेश निषाद, सम्मत बाई डहरिया, उत्तरा साहू, प्रभा मानिकपुरी, शुकवारा निषाद, नीलकमल साहू, सावित्री साहू, सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# भाजपा सुहेला मंडल की बैठक आयोजित

**बलौदाबाजार।** ग्राम रावन में सुहेला मंडल का बैठक आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम की जानकारी दी गई संगठन को मजबूत करने के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस की भूपेश सरकार के द्वारा किये जा रहे अनैतिक कार्यो पर चर्चा की गई। मुख्य रूप से वक्ता के रूप वरिष्ठ नेता टेसूलाल धुरंधर द्वारा छत्तीसगढ़ में बारदाने की पहुंच किसानों तक न होने पर भूपेश बघेल को दोषी ठहराया। मंडल प्रभारी धनंजय साहू के द्वारा घर घर शराब को बढ़ावा देने, शराब बंद न करने के झूठे वादे कर प्रलोभन देकर सरकार बनाने पर बात कही। नीलम सोनी के द्वारा भाजपा सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई एवं बैठक में मुख्यरूप से उपस्थित थे। सुहेला मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, हेमंत बघमार, लूनकरण वर्मा, मुरलीधर वैष्णव,कृष्णकुमार वर्मा, डॉ. नरेन्द्र वर्मा, पुनेश्वर साहू मीडिया प्रभारी ग्रामीण मंडल बलौदाबाजार, शेष नारायण वर्मा, जगेश्वरी वर्मा, परमेश्वरी वर्मा, टुकेश्वरी साहू, कुलेश्वर, शिला विश्वास सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एक-एक दाना खरीदने का दावा करने वाली बघेल सरकार के पास बरदाना तक नहीं : अनिल अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा क्षेत्र अंतर्गत सभी धान खरीदी केन्द्रों सहकारी समिति में में 1 दिसंबर से धान खरीदी प्रारंभ होने वाला है जिसके लिए मंगलवार 30 नवम्बर से टोकन मिलना प्रारम्भ हो जाएगा। सरकार द्वारा धान खरीदी में किसानों से 25प्र. बारदाना मंगाया गया है जिसके कारण तिल्दा नेवरा क्षेत्र में सुबह से ही बारदाना खरीदने किसान तिल्दा नेवरा पहुंच रहे हैं यहां कोचिये द्वारा 35-40 रुपए प्रति नग तक जुट का बारदाना बेचा जा रहा है धान खरीदी केंद्र पर चबूतरे की रंगाई पुताई और सभी समिति में बाउंड्री सुधार सहित बिजली लाइट का व्यवस्था दुरूस्त किया जा रहा है किसानों को बजार से जुट का पुराना बारदाना 35 से 40 रुपए प्रति नग में मिल रहा है जिसके लिए किसान सस्ता बारदाना प्राप्त करने की कोशिश में दर बदर भटक रहे हैं लेकिन हर जगह बारदाना 35-40 रुपए प्रति नग से ही मिल रही है। वहीं भूर्सुदा किसान सेवक साहू व परमानन्द ने बताया कि 30 रू में बार दाना मिल रहा था करके तिल्दा आया था लेकिन वो पूरी कमजोर फटा हुआ बारदाना था इसलिए 35 रुपए वाला ले जा रहा हूं राज्य



शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए धान एवं मक्का खरीदी में उपयोग किए जाने वाला पुराने जूट बारदानों की दर का निर्धारण कर दिया गया है। प्रति नग जूट बारदानें की दर 18 रूपए निर्धारित की गई है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों, मिलरों एवं पीडीएस दुकानों के पुराने जूट बारदानें का उपयोग किया जाएगा।

**सरकार जानबूझकर बारदाने का खेल खेला जा रहा है**

किसान बृजलाल वर्मा ,हरिचंद्र ध्रुव ,छेदू पटेल ने कहा कि धान खरीदी के प्रारंभ में सारी तैयारी सरकार को करनी चाहिए था लेकिन धान खरीदी में विलंब करने हेतु बारदाना कमी का यह सरकार द्वारा नाटक रची जा रही है वैसे भी हम किसान मौसम दंश झेल रहे हैं अब सरकार का भी दंश झेलना पड़ेगा।

**तिल्दा में लग रहा बारदाना बजार**

तिल्दा नेवरा में सुबह से ही बारदाना बिकना प्रारम्भ हो जाता है विभिन्न खाद्य पदार्थो एवं पुराने बारदाना कोचिए द्वारा बेचा जा रहा है जो गुणवत्ता के आधार 35-40 तक बिक रहा है। भाजपा महामंत्री अनिल अग्रवालने कहा कि मौसम का मार झेल रहे किसान के साथ सरकार द्वारा अन्याय किया जा रहा है सरकार किसान का दाना दाना खरीदने की बात करती हैं और दूसरी ओर कहती हैं कि बारदाना किसान लाएगा वहीं पंजीयन हेतु छूट गए किसान भटक रहे हैं उनका पंजीयन होना चाहिए और मौसम में नुकसान कि मुआवजा मिलना चाहिए। भाजपा मण्डल अध्यक्ष ईश्वर यद ने कहा कि प्रति एकड़ किसान 9-10 बारदाना समिति को देना पड़ेगा जो 2500 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का कीमत किसान से छल करके लिया जा रहा है। सासाहोली किसान सौरभ जैन ने कहा सरकार पहले ही एक माह लेट धान खरीदी करने जा रही है और कुछ दिन पूर्व बारदाना का नाट्य प्रस्तुति कर हम किसानों के साथ न्याय योजना से अन्याय का कार्य किया जा रहा है जो शर्मनाक है। बिलाड़ी के किसान द्वारिका यदु फूल दास बनजारे तोरण यदु ने कहा कि जुट के बारदाना महंगा है हम खाद प्लास्टिक के बोरे से लिए है सरकार जुट के जगह प्लास्टिक बोर का अनुमति देते तो राहत मिलता। प्रदेश किसान संघ ने जारी किया बयान - बारदाने की समस्या को लेकर पुनः एक बार किसान चिंतित दिखाई दे रहे हैं।

पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी में किसानों को समस्याओं से दो चार होना पड़ेगा क्योंकि सभी समितियों में जो दिशानिर्देश जारी किये गए है उन निर्देशों के अनुसार धान खरीदी के पहले दिन से ही 25 से 30 प्रतिशत बारदाने किसानों से ही लेने की बात कही गई है। इन दिशानिर्देशों के पश्चात् व्यापारियों के चेहरे खिल गए है और किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खींच गई है क्योंकि जैसे ही यह बात सामने आई की बारदाने की समस्या है रातों रात बारदाने की कीमतें आसमान पर पहुंच गई जो बारदाना 15 से 20 रु में मिलना चाहिए वह अब 35 रु का हो गया है जिसका पूरा भार किसानों पर ही आयेगा। किसानों कहना है की हमें प्रति क्विंटल 100 रु का अतिरिक्त खर्च बारदानों पर करना होगा। धान का समर्थन मूल्य 1940रु मिलना है वह अब बारदाने के खर्च के पश्चात् 1840रु ही मिलेगा क्योंकि 100रु का खर्च बारदाने का बढ़ गया है।

100रु के खर्च को इस प्रकार से समझा जा सकता है जैसे एक बारदाना 35 रु का तो एक क्विंटल धान के लिए तीन बारदाने की आवश्यकता होगी और तीन बारदाने का खर्च लगभग 100 रु आयेगा। इसका भार तो किसानों के उपर ही आयेगा। किसानों का धान किसानों की सुविधा को देखते हुए प्लास्टिक की बोरियों में भी लेना चाहिए क्योंकि किसानों के पास प्लास्टिक बोरियां खाद उसमें आने के कारण उपलब्ध रहती है। प्रदेश के किसानों से चर्चा के पश्चात् किसानों का कहना की यदि बाहर से बारदाने किसानों को मिल सकते है तो सरकार क्यों व्यवस्था नहीं कर पा रही है। किसानों ने अपनी बात में यह भी कहा की सरकार ने पिछले वर्ष बारदाने का पैसा देने की बात की थी उसका भुगतान सरकार ने आज तक नहीं किया है।

## व्यवसायिक काम्पलेक्स से प्राप्त राजस्व से पालिका की आय बढ़ेगी

# नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदगणों ने निर्माण कार्य के लिए किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत मण्डी रोड में व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण किये जाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं पार्षदगणों व मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल के द्वारा व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य प्रारंभ किये जाने के पूर्व पूजा-अर्चना की गई। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने इस दौरान कहा कि नगर के व्यवसायिक क्षेत्रों के विकास एवं प्रगति को देखते हुए रिक्त पड़े नगर पालिका के उक्त प्लॉट में व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स बनाये जाने के लिए निर्णय लिया गया, जिसमें नये रोजगार करने वाले व्यवसायियों को बाजार के मध्य एक सुव्यवस्थित व्यवसायिक क्षेत्र मिलेगा। इस व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स से प्राप्त होने वाले राजस्व से नगर पालिका के आय में वृद्धि होगी, वहीं नगर का विकास भी होगा। उक्त



निर्माण कार्य प्रारंभ किये जाने के लिए नगर के व्यापारियों एवं परिषद के सम्माननीय सदस्यों को आभार व्यक्त किया गया। मण्डी रोड बाजार क्षेत्र में मस्जिद के पीछे बनने वाले व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण के पूर्व किये जाने वाले पूजा-अर्चना में नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदगणों द्वारा श्रीफल तोड़कर कार्य प्रारंभ कराया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, चेम्बर ऑफकॉमर्स के प्रतिनिधि श्यामसुंदर केशरवानी, किराना एसोसिएषन से बद्री प्रसाद केषरवानी, मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष सैय्यद आरिफ अली, पार्षद एवं सभापति-संकेत शुक्ला, रोहित साहू, जितेन्द्र महाले, सविता साहू, मनोजकांत पुरेना, पंकज मरईया, क्रांति दिगम्बर साहू, अंजली भारद्वाज, गौतम ठेठवार, कमल टण्डन, सतीष पटेल, एल्डरमेंन-हेमचंद केषरवानी, अम्बु पंजवानी, सुखदेव साहू, राजू सलूजा, कमल भारद्वाज, रविन्द्र नामदेव, प्रदीप साहू, जाकिर हुसैन, रषीद खान, जावेद खान, सोहराब चौहान, हसरत अली, पूर्व पार्षद संतोष साहू, शास्वत यादव, विषाल श्रीवास्तव, निरंजन जायसवाल, रामपरसवानी, अजय श्रीवास, सचिन जायसवाल, राजेन्द्र साहू, सहित नगर पालिका के उप अभियंता-राकेष कुमार सोनी, मुगलकिषोर साहू, गणेष राम पाड़े, अमित वर्मा, आनंद राठौर, कृष्णकांत कुर्रे, सतेन्द्र सिन्हा, राजेष यादव, प्रषुन शर्मा, भुनेष्वर साहू, समयपाल-रामनरेष मतावले, कृष्णा गेण्डरे, कैलाष सोनी, रजनीश मिश्रा, संजय कुमार साहू, विजय पाड़े, खिलेष गोस्वामी, अभिषेक साहू एवं गुरूदत्त तिवारी सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी एवं नागरिकगण व आसपास के व्यापारी उपस्थित थे।


## कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़
## अल्पकालिक तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना (जिला निर्माण समिति)

निविदा क्र./39 बीजापुर, दिनांक -24/11/2021

कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर से नीति आयोग (पीएफएमएस) एवं जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्य को जिला निर्माण समिति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित एस.ओ.आर.(भवन निर्माण के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर तथा लोक निर्माण विभाग में एकल पद्धति से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमा. लागत राशि रू. (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 01 | उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य- 1. सागमेटा, 2. संकनपल्ली 3. जैगूर 4. गंगालूर | 26.46/प्रति इकाई | 19900/प्रति इकाई |

**महत्वपूर्ण निर्देशः-**

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 04/12/2021 सायं 5.00 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 13/12/2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 13/12/2021 अपरान्ह 3.30 बजे तक
टेंडर फार्म का मूल्य - 1500.00 प्रति फार्म
कार्य पूर्ण करने की समय सीमा - 08 माह वर्षा ऋतु सहित
ठेकेदारों की श्रेणी - डी-श्रेणी या उससे ऊपर

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाये अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट, चेक एवं नगद जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है)।

**टीपः-** निर्माण के संबंध में अन्य आवश्यक विशेष नियम व शर्तों की जानकारी वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।

कलेक्टर
जिला बीजापर

G- 65433/3

# कबीरधाम जिले में 2 और नए धान खरीदी केंद्र खोलने की मंजूरी मिली

## कैबिनेट मंत्री अकबर और पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर के प्रयासों से राज्य शासन से दी मंजूरी

- खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में नए धान उपार्जन केंद्रों की संख्या 8 हुई
- जिले में अब कुल धान खरीदी केंद्रों की संख्या 102 हुई



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन ने कबीरधाम जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए आज 2 और नवीन धान खरीदी खोलने की मंजूरी प्रदान की है। नए धान खरीदी केंद्रों में सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के गौरमाटी और पंडरिया विकासखण्ड के नवागांव टिकैत शामिल है। इस सीजन में कबीरधाम जिले में कुल 8 नए धान खरीदी केंद्र खुलेंगे। इससे पहले 6 नवीन धान खरीदी केंद्र की मंजूरी मिली थी। राज्य शासन द्वारा जारी पहली सूची में जिले में 06 नवीन धान खरीदी केन्द्र खोले जाने की अनुमति प्रदान थी जिसमें सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में गोरखपुर कला, मोतिमपुर, क्षीरबांधा, कवर्धा विकासखण्ड में कान्हाभैरा, जरती, और बोडला विकासखण्ड बेंदरची शामिल है। अब जिले में कुल धान खरीदी केंद्रों की संख्या 102 हो गई है।

कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर तथा पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर के प्रस्ताव के आधार पर कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेजा था। बोडला, सहसपुर लोहारा, कवर्धा और पंडरिया विकासखण्ड के किसानों ने कवर्धा विधायक व कैबिनेट मंत्री अकबर तथा पंडरिया विधायक चंद्राकर से भेंट कर नए धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग रखी थी। जिले में नए धान खरीदी खोलने की मंजूरी मिलने के बाद किसानों की मांग पूरी हो गई। जिले के किसानों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने नवीन धान उपर्जान केन्द्रों के लिए स्थल चयन करने के निर्देश दिए है। उन्होने संबंधित एसडीएम और तहसीलदार को शीघ्र स्थल चयन करने और धान खरीदी शुरू करने के लिए आवश्यक सभी तैयारियों शीध्र पूरा करने के निर्देश दिए है। साथ ही उपार्जन के लिए डाटा एंट्री आपरेटर एवं अन्य स्टाफकी व्यवस्था समिति करने के निर्देश दिए है।

# अपराध पर अंकुश लगाने नपाध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शहर में हो रहे अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा। सोमवार 29 नवम्बर को लगभग 3 बजे जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ता नगर पालिका परिसर में एकत्र होकर पैदल मार्च करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुचे जहां शहर में बढते अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने व अपराधियों पर तत्काल कार्यवाही करने ज्ञापन सौपा। नगर पालिका के अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे को बताया कि विगत कुछ दिनों से शहर में हो रहे आपराधिक गतिविधियों के कारण लोगो मे आक्रोश उत्पन्न हो रहा है लगातार हो रहे चाकू बाजी, मारपीट, झूमा-झटकी चोरी व नशा खोरी जैसे अन्य अपराध हो रहे हैं साथ ही आम जगहों पर शराब खोरी तथा छोटे बच्चों द्वारा सिलोशन व अन्य नशा खोरी बढते जा रहा है जिससे नगर की छवि धूमिल हो रहा है इन अपराधों पर अंकुश लगाते हुए शहर में सर्चिंग बढ़ाना एवं सघन जांच कर अपराधियों का जुलुश निकाल कर जन-जागरण करने की आवश्यकता है उन्होंने पुलिस अधीक्षक को कहा कि अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुए दिन व रात्रि में गशत बढ़ाने व अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करने को कहा। ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से नगर पालिका के अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष जमील खान प्रवक्ता राजकुमार तिवारी सहित समस्त पार्षद एल्डरमेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# अर्द्धविक्षिप्त महिला को प्रदाय किया गया कंबल और गर्म पकड़े

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



मानव सेवा से बढ़कर न को कोई धर्म है और न ही कोई सेवा। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा जिले के हर थानाक्षेत्र अन्तर्गत बीट प्रणाली दुरूस्त कर बीट कर्मचारियों को उनके बीट में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगाह रखने, रहवासिसों को अपराधों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही उनके द्वारा पुलिस की छवि लोगों के बीच सुरक्षा देने के साथ सहयोगात्मक हो इस बावत् उनके द्वारा पुलिसकर्मियों प्रेरित किया जाता है। अपने वरिष्ठ अधिकारियों से प्रेरित होकर थाना छाल के प्रधान आरक्षक दादू सिंह सिदार, आरक्षक हरेन्द्रपाल जगत एवं किशनो उरांव द्वारा उनके बीट में फटे, पुराने कपड़े पहनेकर घुमने वाली अर्द्धविक्षिप्त महिला को ठंड से से कंबल और गर्म कपड़े दिया गया है। महिला खरसिया के मौहापाली गांव की रहने वाली है, छाल बाजार, दुकान पास घूमते रहती है। पूर्व में पुलिसकर्मी उसे उसके घर पहुंचाकर आये थे , उसके बाद भी महिला छाल में आकर रहती है। पुलिसकर्मी उसे पहले भी भोजन, कपड़ो आदि की मदद किये हैं, बढ़ते ठंड को देखते हुए पुलिसकर्मियों द्वारा महिला को गर्म कपड़ो के साथ, कम्बल प्रदान किया गया है। थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा कर्मचारियों की सराहना करते हुए शीघ्र ही थाना क्षेत्र के ऐसे और असहाय लोगों में कंबल व गर्म कपड़े वितरण करना बताया गया है।

# नीलांचल' के सेवा कार्य से प्रभावित होकर जुड़े 85 सरपंच, कहा 'मैं हूँ सम्पत'





- सरपंचो को साल-श्रीफल भेटकर सम्पत अग्रवाल ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < बसना
www.dailypioneer.com

विधानसभा अंतर्गत फुलझर परिक्षेत्र के लगभग 20 सरपंचों ने नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक सम्पत अग्रवाल के सेवा कार्यो से प्रभावित होकर सेवा कार्य से जुड़ गए है।

ज्ञात हो कि नीलांचल भवन बसना में आज सोमवार को फुलझर परिक्षेत्र के करीब 20 सरपंचो ने मिलकर नीलांचल से जुड़ने आगे आए। बैठक के दौरान अग्रवाल ने नीलांचल सेवा समिति के उद्देश्य नर सेवा नारायण सेवा के साथ जनसेवा कार्यो को अवगत कराया। साथ ही सभी सरपंचो को साथ मिलकर कदम से कदम चलने को कहा। बैठक के दौरान उपस्थित सभी सरपंच व उनके प्रतिनिधियों को साल-श्रीफल से सम्मानित किया साथ मे नीलांचल सेवा समिति का परिचय पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। बैठक में नीलांचल सेवा समिति के गढ़फुलझर सेक्टर प्रभारी खोलबाहरा निराला, हरजिंदर सिंह (हरजु) डॉ. हेमचंद्र साव मीडिया सलाहकार जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, सरपंच श्रीमती सुशीला मलिक, भोजकुमार साव, हीरालाल साव, उद्धव सिदार, कमलेश साव, जयकांत भोई, निरंजन चौहान, अचिंतानंद भोई, राजेश गड़तिया, बिरेंद्र चौहान, शिवकिशोर साहू, रविन्द्र डड़सेना, निलमणी पारेश्वर, गुणनिधि बंधु, चतुर्भूज प्रधान आदि उपस्थित थे।

### नीलांचल से जुड़े 85 ग्राम पंचायतों के सरपंच

नीलांचल सेवा समिति के सेवा कार्य से ग्राम पंचायत कुरचुंडी, कपसाखुंटा, गणेशपुर, बरोली, चोरभट्ठी, सरायपाली, मेदनीपुर, बिछिया, गढ़फुलझर, केवंटापाली, साल्हेझरिया, अंकोरी, कायतपाली, नानकसागर, पलसापाली, सोनामुंदी समेत बसना विधानसभा के 85 सरपंच सेवा कार्य से जुड़ चुके है।

# पीपरछेड़ी पहुंचे पूर्व विधायक भैयाराम, ग्रामीणों से कहा सभी का धान सरकार खरीदेगी

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम पीपरछेड़ी में धान खरीदी केंद्र में हुए भगदड़ के मामले में जहां एक और कलेक्टर और एसपी ने निरीक्षण कर प्रबंधक की लापरवाही देखते हुए तत्काल उसे निलंबित कर दिया। वहीं पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ग्राम पीपरछेड़ी पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की। जहां चोटिल हुए ग्रामीणों के बारे में हालचाल जाना और डॉक्टर की टीम को निर्देश दिया कि उनका समुचित इलाज हो साथ ही उन्हें घर जाकर एक

### किसी के बहकावे में न आये

बार और देखा जाए साथ ही पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। जहां भैयाराम सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि धान खरीदी शासन की सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। जिसको लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न हो किसानों के लिए बैठक से लेकर पानी की व्यवस्था की जाए और गांव के हिसाब से टोकन वितरण किया जाए। एक साथ ग्रामीणों को बुलाने से आव्यवस्था हो जाती है और विधायक इस बात को लेकर नाराजगी जाहिर की, की गेट को क्यों बंद रखा गया था। अगर गेट खुला रहता तो भगदड़ नहीं होती। वही समिति वालो से कहा कि किसानों की लिस्ट उनके पास रहती है। घर पहुंचा कर टोकन देने की व्यवस्था भी बनाए, ताकि किसानों को यहां आकर इंतजार न करना पड़े। अगर किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत होगी तो यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। वही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें समझाया भी की हर एक किसान का धान कांग्रेस सरकार खरीदेगी। किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। व्यवस्थाएं बनी हुई है सब का धान खरीदा जाएगा। किसी के बहकावे में ना आए। सरकार आप ही के लिए ही कार्य कर रही है। इस दौरान उनके साथ ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव सहित तमाम ग्रामीण और समिति के संचालक मंडल मौजूद रहे।

# डॉ. खुबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना

**बेमेतरा।** राज्य के नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बाल हृदय सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संजीवनी सहायता कोष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) आदि योजनाओं को एकीकृत कर डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत हितग्राही मरीज के लिए पंजीकृत शासकीय या निजी अस्पतालों में पात्रतानुसार निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। योजनांतर्गत सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना में निर्धारित वंचित श्रेणी के हितग्राहियों को प्रतिवर्ष 5 लाख रूपए नगद रहित उपचार की सुविधा प्राप्त है।

# प्रशासनिक अधिकारियों की पेंटिंग ने दिलाई शोहरत

## पेंटिंग कला के क्षेत्र में राजकुमार यादव की हो रही प्रशंसा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

कहते हैं कला एक ऐसी विधा है जिससे व्यक्ति रातो रात स्टार बन जाता है सक्ती विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बोरदा निवासी पेंटर राजकुमार यादव की पहचान भी अब कला के क्षेत्र में तेजी से सामने आने लगा है नगर एवं ग्रामीण अंचल में राजकुमार यादव की चर्चा होने लगी है ज्ञात हो कि कराओके क्लब सक्ती के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में बौद्धिक चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था जिसमें कार्य म के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आईएएस रेना जमील को क्लब के द्वारा एक पेंटिंग भेंट की गई जिसमें प्रशासनिक अधिकारी के रूप में एसडीएम रेना जमील तत्कालीन एसडीओपी शोभराज अग्रवाल नगर निरीक्षक थाना सक्ती रूपक शर्मा तहसीलदार शिवकुमार डनसेना नायब तहसीलदार पटेल के द्वारा शहर में मार्च पास्ट करते हुए तस्वीर ली गई थी जिसका जीवंत पेंटिंग पेंटर राजकुमार यादव ने बनाया था।

# अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के दिव्यांग विकास विभाग के राष्ट्रीय संयोजक बनाए गए राजस्थान के हेमंत भाई गोयल

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



अंतराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने डिसेबिलिटी राइट्स एडवोकेट डा.हेमंत भाई गोयल को अंतराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का दिव्यांग विकास विभाग का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया है,दिव्यांग अधिकार महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोयल विगत 22 साल से दिव्यांग सबलीकरण एंव अधिकार संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं,इन्हें देशभर में दिव्यांग जनों के वन मैन आर्मी के लिए जाना जाता है,अंतराष्ट्रीय एंव राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित गोयल के सुझावों पर सरकार ने अनेकों ऐसी योजनाओं को लागू किया है जो दिव्यांग सशक्तीकरण में अहम साबित हुई हैं,बड़ी बात यह है कि इन्होंने अपने सामाजिक सरोकारों को संपादित करने के लिए आज तक भी किसी भी प्रकार का सरकारी अथवा निजी स्त्रोत से आर्थिक मदद प्राप्त नहीं की है,गोयल को राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस सरकार के तत्कालीन केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डी नेपोलियन ने बैस्ट पैरेंट आफ पर्सन विद डिसेबलिटी अवार्ड से सम्मानित किया., तत्कालीन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने राष्ट्रीय प्रेरणा दूत अवार्ड से सम्मानित किया।


Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002''की धारा 13(2)के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13(4)एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **श्री कात्यायनी सिंह** महेन्द्र सिंह (सह-ऋणी), दीपक कुमार ठाकुर (सह-ऋणी) खाता सं. LNRAI00319-200132793 | 29 नवम्बर 2021 ₹ 1734865 25 नवम्बर 2021 | प्रोपर्टी केएच. नं. 181/40 चंगोरभता, डॉ. खूबचन्द बघेल, वार्ड नं. 67, आरएनएम, रायपुर, छत्तीसगढ **क्षेत्रफल 765 वर्ग फीट** |
| **श्री सुनीता कनौजी** राधेश्याम कनौजी (सह-ऋणी), सारंग कनौजी (सह-ऋणी), शुभम कनौजी (सह-ऋणी) जमानतदार: विजय कुमार साहू खाता सं. LNRAI02219-200141925 | 29 नवम्बर 2021 ₹ 1986347 25 नवम्बर 2021 | प्रोपर्टी का हिस्सा पुराना खसरा नं. 128/1, 128/5, 128/18( नया खसरा नं. 128/181 ), स्थित पी.ए. नं. 107/37, वार्ड नं. 2, कोटा, रामकिशनपुरा परमहंस वार्ड, आर.एन.एम रायपुर, रायपुर छत्तीसगढ **क्षेत्रफल 588 वर्ग फीट** |

स्थान : जयपुर  दिनांक 01.12.2021  प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra  कार्पोरेशन Corporation

**STRESSED ASSETS MANAGEMENT BRANCH :** 104, Ground Floor, Bharat House, Mumbai Samachar Marg, Fort, Mumbai-400023. ▪ **Tel. No.:** (022) 2261 5201, 2261 5202, 2261 5205 ▪ **E-mail:** samvmumbai@unionbankofindia.com

**SALE NOTICE FOR SALE OF IMMOVABLE PROPERTY**

**E-Auction Sale Notice for Sale of Immovable Assets under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 read with proviso to Rule 8(6) of the Security Interest (Enforcement) Rule, 2002**

Notice of 15 days is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower(s) and Guarantor (s) that the below described immovable property mortgaged / charged to the Secured Creditor, the constructive / **SYMBOLIC POSSESSION** of which has been taken by the Authorized Officer of **Union Bank of India** (secured creditor), will be sold on **"As is where is", "As is what is"** and **"Whatever there is"** on the **dated On 16.12.2021 at 11.00 a. m. to. 01.00 p. m. below,** for recovery of dues as mentioned hereunder to **Union Bank of India** from the below mentioned Borrower(s) & Guarantor(s). The Reserve Price and the Earnest Money Deposit are also mentioned hereunder :-

| | |
|---|---|
| **Name of the Borrower, Co-Applicant & Guarantor :- 1.** M/s. JSK Marketing Ltd. **2.** Mr. Kunal Jiwarjka **3.** Laxmi Devi Jiwarjka **4.** Ms. Sakshi Jiwarajka **5.** M/s. Associate Electrical agencies **6.** M/s. JSK Propmart LLP **7.** JSK Distribution LLP. • **Date of Demand Notice(s) : Union Bank of India** Dtd. 16.07.2019, **Bank of Baroda (e-Vijaya Bank)** Dtd. 04.07.2019; **DBS Bank Ltd.** Dtd.19.12.2019; **Indusind Bank** Dtd. 09.10.2019; **HDFC Bank** Dtd. 30.06.2020; **RBL Bank Ltd.** Dtd. 24.09.20219, **Axis Bank Ltd.** Dtd. 07.11.2019, **South Indian Bank** Dtd. 05.09.2019, **State Bank of India** 01.06.2020 & **Saraswat Bank** Dtd. 27.08.2019. | **Amount due : ₹ 272,18,22,929.11** as per Demand notices with further interest thereon, cost & expenses |

**Property No. 1 :-** Office Units No. 114, 117, 118, 119, 124, 125, 128, 129, 135, 138, 140, 141, 142, 143, 144, 145, 146, 147, 149, 150, 1st Floor, Golden Trade Center, Dr. Rajendra Prasad Nagar, Near Dronachary Public School, Tal. & Dist. Raipur, State CG-492 001 in the name of **M/s Associated Electrical Agencies** admeasuring 5760 Sq. Ft. Super built-up Area.
•**Date & Time of E-Auction :** 16.12.2021 at 11.00 a. m. to 01.00 p. m. • **Reserve Price** : ₹ 37,50,0000/- • Earnest money to be deposited : ₹ 37,50,000/- •**Date of Possession Notice :** 26.03.2021. **(Under Symbolic Possession)**

**For detailed terms and condition of the sale, please refer to the link provided i. e. www.unionbankofindia.co.in OR https://www.ibapi.in OR www.mstcecommerce.com**

**DATE OF INSPECTION OF ALL THE PROPERTY(IES) ON 09th December, 2021**

For Registration & Login and Bidding Rules visit
**https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp**

**For Further Details Contact : Vijay Kumar Sherkhane, Authorised Officer, Mob. No. 98819 89430**

sd/-
**Date :** 30.11.2021  **Authorised Officer,**
**Place:** Raipur, Chhattisgarh  **Union Bank of India**



Bandhan Bank
रीजनल ऑफिस : नेताजी मार्ग, मीठाखली
छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-6.
फैक्स: +91-79-26560649 | टोल फ्री नं.: 18002335300
Website: www.bandhanbank.com

**बिक्री सूचना सह निविदा आमंत्रण**

इसके द्वारा आम जनता और विशेष रुप से ऋणकर्ताओ को बिक्री सूचना सह निविदा के लिए आमंत्रण दिया जाता है कि गृह **(अब ''बंधन बैंक'')** के पास गिरवी रखी गई नीचे बताई गई अचल संपत्ति की बिक्री हो रही है। संपत्ति की बिक्री के लिए आवश्यक जानकारी अनुसूची में दी गई है।

| ऋणी का(के) नाम, लोन खाता नं., कब्जे की दिनांक और निविदा रेफ. नं. | बेची जाने वाली संपत्ति का वर्णन (सुरक्षित आस्ति) | सिक्योर्ड डेब्ट मांग की सूचना के दिनांक और 31.10.2021 के अनुसार (रू. में) की राशि, जिसमें कर्जदार द्वारा भुगतान योग् राशि, मांग पत्र से संबंधित दिनांक तक के अतिरिक्त ब्याज, खर्च, शुल्क आदि सहित की राशि शामिल है | रिजर्व प्राइस और देय ईएमडी |
|---|---|---|---|
| श्री मोती दास साहू श्रीमती लालेश्वरी साहू लोन खाता नंबरः 856/541 24.10.2018 856-833 | सभी चल और अचल संपत्ति खाता नंबर 175 भाग, पी.एच. नंबर 26, गांव रैतपाली, सामुदायिक भवन के पास, पोस्ट रुडगाँव, अर्जुनी, ब्लॉक और तहसील – डोंगरगाँव, जिला राजनांदगाँव स्थित है और जिसकी चतुर्सीमा निम्नलिखित हैः उत्तरः सड़क, पूर्वः देवसिंह का घर पश्चिमः नाथेरामी का घर, दक्षिणः खेलू राम | रू.8,32,580/- जो डिमान्ड नोटीस कि दिनांक 28.07.2018 के अनुसार एवं दिनांक 31.10.2021 के दिन, रू.12,06,515/- | रू.8,85,000/- ईएमडी ओफर मूल्य के 10 प्रतिशत |
| श्री अमीरा यादव श्रीमती बिमला बाई यादव गारंटर का नाम श्री खिलेश्वर कुमार यादव लोन खाता नंबरः 856/304 21.10.2020 856-1039 | सभी चल और अचल संपत्ति ख. नंबर 394/1 भाग, नया ख. नंबर 394/4, पी.एच. नंबर 16, ग्राम खैरीडीह, खेरथा ब्लॉक, जनपद क्षेत्र, ग्राम पंचायत परसाडीह, तहसील डोंडीलोहारा, जिला बालोद और जिसकी चतुर्सीमा निम्नलिखित हैः उत्तरः विक्रेता की भूमि, पूर्वः अन्नुरान की भूमि पश्चिमः विक्रेताओं की भूमि, दक्षिणः अमीरा की भूमि | रू.6,97,710.83 जो डिमान्ड नोटीस कि दिनांक 11.10.2018 के अनुसार एवं दिनांक 31.10.2021 के दिन, रू.10,74,503/- | रू.10,70,000/- ईएमडी ओफर मूल्य के 10 प्रतिशत |

निविदा खोलने का दिनांक और ऊपर वर्णित संपत्ति के अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं.

| | |
|---|---|
| निविदा फॉर्म शुल्क | रू. 100/- प्रति निविदा उपर वर्णित संपत्ति के लिए ''बंधन बैंक लिमिटेड'' के पक्ष में बेन्कर्स चैक/डीमान्ड ड्राफ्ट द्वारा भुगतान (नोन-रीफंडेबल) |
| संपत्तियों के निरीक्षण की दिनांक | दि. 21.12.2021 को सुबह 10:00 से सायं 5:00 के बीच |
| निविदाएं प्राप्त करने के लिए अंतिम दिनांक और समय | 10.01.2022 को सांय 5 बजे तक बंधन बैंक लिमिटेड के रीजनल कार्यालय, नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ता के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380 006 |
| देय अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) | प्रस्तावित मूल्य का 10% निविदा के साथ ''बंधन बैंक लिमिटेड'' के पक्ष में बने बैंकर्स चेक/डिमांड ड्राफ्ट द्वारा देय |
| निविदाएँ खोलने का दिनांक और स्थान | बंधन बैंक के रीजनल कार्यालय में 13.01.2022 को निविदाएं खोली जाएंगी |
| निविदा उपलब्धता का स्थान | **बंधन बैंक लिमिटेड,- राजनांदगाँव शाखा** पहली मंज़िल, सोनी कॉम्प्लेक्स, कमल टॉकीज के सामने, भरखापरा, राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़- 491441 संपर्क व्यक्ति(यों) के नाम : श्री मनीष न्यायखोरेः 9303432100, श्री आशीष साहूः 7898053974 |

सिंपत्ति की बिक्री **''जहाँ है जैसे है'', ''जैसे है वैसे'', ''कोई तबदीली नहीं''** और **''वहाँ जो भी है''** के आधार पर की जाएगी। संपत्ति को आरक्षित मूल्य (रिजर्व प्राइस) से नीचे नहीं बेचा जा सकता है। बैंक यह स्वीकार करता है कि बैंक में गिरवी रखी गई उपरोक्त संपत्ति के खिलाफ कोई भी मुकद्दमा, विवाद फाइल किए जाने की अथवा पेन्डिंग होने की कोई सूचना हमें प्राप्त नहीं हुई है। ऋणकर्ता/गिरवीदार गिरवी संपत्ति को SARFAESI ACT की धारा 13 (8) के तहत बिक्री निश्चित होने की तारीख तक वापिस पा सकते हैं। बिक्री सूचना सह निविदा आमंत्रण के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.gruh.com\tender देखें।

**दिनांक: 01/12/2021**  **बंधन बैंक लिमिटेड**
**स्थान: राजनांदगाँव-बालोद**  **प्राधिकृत अधिकारी**

संपादकीय

## संभावित खतरा

### कोरोना का नया प्रतिरूप

**कोरोनावायरस** में नया परिवर्तन खतरे का संकेत दे रहा है और हम अभी एक बार फिर इसके लिए तैयार नहीं हैं। भारत में सामान्य स्थिति बहाल हो रही है और अधिकांश लोगों ने कोविड-उपयुक्त व्यवहार छोड़ दिया है क्योंकि उनकी समझ में वायरस वैश्विक महामारी अब भारत से चली गई है। ऐसे में कोरोना के दक्षिण भारतीय रूप ने जोर से खतरे की घंटी बजा दी है। वर्तमान समय में बहुत से लोग मास्क पहन रहे हैं, लेकिन लगभग इतने ही लोगों ने सचेतन रूप से इसके पहनना बंद कर दिया है। तथ्य यह है कि त्योहारी मौसम के बाद भी वायरस संक्रमण नहीं बढ़ा, जबकि लगभग सारे सुरक्षा उपायों को इस गलत धारणा से अनदेखा किया गया कि सबसे बुरा वक्त बीत गया। दुःख है कि ऐसा सोचना गलत है। डब्लूएचओ ने ओमीक्रान को 'चिन्ताजनक स्वरूप' घोषित कर दिया है। इसका अर्थ है कि हमें जोखिम नहीं लेना चाहिए। दुनिया को ओमीक्रान के बारे में समुचित जानकारी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका, बोट्सवाना, बेल्जियम, हांगकांग और इस्राइल में भी इसके मामले पाए गए हैं। यह स्वरूप यूरोप भी पहुंच गया है क्योंकि इसके दो मामले ब्रिटेन में भी मिले हैं। हालांकि, वैज्ञानिक अभी यह नहीं जानते हैं कि इसका विस्फोट हो सकता है, पर उनको कहना है कि इससे पुनः संक्रमण का खतरा बढ़ा है। शुरुआती शोध से स्पष्ट है कि इस स्वरूप का संबंध ऐसे परिवर्तनों से है जिससे यह अत्यधिक संक्रामक तथा तेजी से फैलने वाला बन गया है। ओमीक्रान से खतरे की संभावना का परीक्षण प्रयोगशाला में हो रहा है ताकि इस पर वर्तमान वैक्सीनों की प्रभावशीलता का पता लगाया जा सके। इस महत्वपूर्ण सवाल का हल भी खोजना है कि क्या ओमीक्रान हमारे प्रतिरक्षा तंत्र को चकमा दे सकता है।

इसका जवाब लापरवाही या अज्ञान के कारण संक्रमित जनसंख्या के बजाय वैज्ञानिक प्रयोगशाला से आना बेहतर होगा। इसका भारत के लिए क्या अर्थ होगा जिसने चरणबद्ध रूप से अपना आसमान खोलने की नीति अपनाई है? यदि सरकार विदेश से आने वाले यात्रियों की कठोरता से जांच करे तथा बिना किसी अपवाद के दो सप्ताह का क्वारंटीन लागू करे तो ज्यादा समस्या नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक सूची बना कर उन देशों को उच्च जोखिम वाली श्रेणी में रखा है जहां नया स्वरूप पाया गया है। मंत्रालय को अब इन देशों से आने वाली उड़ानें बहाल करने की अनुमति की समीक्षा करनी चाहिए, चाहे द्विपक्षीय एयर बबुल समझौता जो भी हो। भारत को अब यह भी सुनिश्चित करना होगा कि टीकाकरण प्रक्रिया में किसी ढिलाई, लापरवाही या लाजिस्टिक समस्या को स्थान नहीं मिलेगा। वैज्ञानिक आज पहले की तुलना में ज्यादा जोर दे रहे हैं कि टीकाकरण वृद्ध, अन्य बीमारियों वाले लोगों तथा उन स्वस्थ लोगों के लिए जरूरी है जो पूरी तरह सामान्य गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। यदि पूरी तरह टीकाकरण न हो तो दोनों समूहों के सामने अस्पताल में भर्ती होने या मौत का खतरा बहुत अधिक है। शुक्रवार तक 120 करोड़ लोगों को टीका दिया जा चुका था, लेकिन इनमें केवल एक तिहाई 42.62 करोड़ लोगों ने ही दोनों खूराकें ली थीं। इस आंकड़े में तेजी से वृद्धि करना जरूरी है। दूसरा, नवीनतम अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में उपलब्ध एक वैक्सीन, स्वदेशी कोवैक्सिन कोविड-19 बीमारी के लक्षणों के खिलाफ केवल 50 प्रतिशत प्रभावी है। अतीत के अनेक सर्वेक्षणों से अलग-अलग आंकड़े सामने आए हैं। वे 81 प्रतिशत, 77.8 प्रतिशत तथा 65.2 प्रतिशत के बीच हैं। निसंदेह इनमें से प्रत्येक आंकड़े की वैज्ञानिक व्याख्या होनी चाहिए, लेकिन आम आदमी को इससे कोई लाभ नहीं होता है और वह भ्रमित हो सकता है।

# ग्वादर में सीपीईसी का भारी विरोध

**पाकिस्तानी सेना अब पाकिस्तानी जनता की आर्थिक व सामाजिक स्थितियां निर्धारित कर रही है। इससे क्षेत्र के भू-राजनीतिक हितों को नुकसान होगा।**



निष्ठा कौशिकी
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं सह प्रोफेसर हैं)



**हाल** में ग्वादर में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना-सीपीईसी के खिलाफ भारी विरोध फूट पड़ा। इसे पाकिस्तान की जनता की 'स्थिति बेहतर बनाने वाली परियोजना' बताया जा रहा है, पर इसके बजाय यह चीनी विस्तारवाद का प्रतीक बन गई है और इसके कारण उन लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है जिन्होंने यह परियोजना आमंत्रित की है। पाकिस्तान की कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार से ग्रस्त कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण हालत और खराब हो गई है। प्रदर्शनकारियों को स्थानीय राजनीतिक समूहों तथा एनजीओ का समर्थन मिल रहा है जिनका सीपीईसी परियोजना में वास्तविक हित था। 'ग्वादर को अधिकार दो' रैली के प्रमुख मौलाना हिदायतुर रहमान हैं जो अक्सर ग्वादर की जनता के अधिकारों के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसके साथ ही अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में नेशनल पार्टी तथा बलूच छात्र संगठन की भूमिका भी पूरी तरह स्वीकारी जानी चाहिए। सीपीईसी वाणिज्यिक कारीडोर रास्ते से आगे जाता है। इसके नतीजे बहुत गहरे हैं तथा पाकिस्तानी समाज पर इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पहला, सीपीईसी परियोजना 'तटीय मनोरंजन उद्योग' की लंबी पट्टी है जो लक्ज़री होटलों, स्पा, थियेटरों, गोल्फ कोर्सों, आदि से जीवन्त नाइटलाइफ प्रदान करेगी।

निःसंदेह इसके लिए तटीय भूमि ली जाएगी और इसका पाकिस्तान के छोटे किसानों व मछुआरों से कुछ लेनादेना नहीं है। इसके बजाय चीनी और पाकिस्तानी सेना के सेवानिवृत्त लोगों की सेवा करने वाली 'मनोरंजन' सुविधाओं का खामियाजा मछली पकड़ने के उद्योग को भुगतना पड़ेगा, जबकि इस्लामाबाद की अर्थव्यवस्था में इसका 2 प्रतिशत हिस्सा है। पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि पाकिस्तान सरकार ने चीनी मछली पकड़ने वाले ट्रालरों को अनुमति दे दी है। यह अरब सागर में चीन के अवैध व अनियंत्रित मछली पकड़ने के अलावा होगा जो मछलियों के महत्वपूर्ण प्रजनन काल में भी जारी रहता है। इन ट्रालरों में अद्यतन तकनीक का प्रयोग होता है जिससे वे फौरन पकड़ी गई मछलियों का प्रसंस्करण और भंडारण सुनिश्चित करते हैं। इससे स्थानीय मछली पकड़ने वालों के लिए प्रतियोगिता बहुत कठिन हो जाती है। निश्चित रूप से इस घटनाक्रम के कारण पाकिस्तान में गरीबी तथा बेरोजगारी और बढ़ेगी जिससे जनता का एक हिस्सा नशाखोरी व अवैध मानव व्यापार की ओर प्रवृत्त होगा।

दूसरा, सीपीईसी ने किसानों की उपजाऊ कृषि जमीन पर कब्जे का असाधारण अवसर दे दिया है। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान मोटेतौर से एक ऐसा राज्य है जहां अधिकांश सरकारी मामलों में सेना को वरीयता मिलती है। सीपीईसी का लक्ष्य कृषि क्षेत्र में खाद्यान्न उत्पादन व वितरण के सभी क्षेत्रों पर कब्जा करना है जिनमें बीज व उर्वरक उत्पादन, भंडारण व परिवहन शामिल हैं। लेकिन इस परियोजना का क्रियान्वयन सेना की सीधी निगरानी में भूमि अधिग्रहणों के माध्यम से हो रहा है। ये अधिग्रहण बिना समुचित मुआवजे के हैं और कभी-कभी इनमें वैध स्वामी से अनुमति भी नहीं ली जाती है। कब्जा की गई जमीन के 'भूमि अधिकार' चीनी उद्यमों को दे दिए जाते हैं। दूसरे शब्दों में, कृषि परियोजनायें चीन के निजी उद्यम बन जाती हैं जो पाकिस्तानी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करती हैं। इसके साथ ही यदि पाकिस्तानी निजी उद्यमों के पास अपनी जमीन होती है तो उसका मालिक आमतौर से सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारी या सशस्त्र बलों में प्रभाव रखने वाला व्यक्ति होता है। इसी कारण सेना लंबे समय से जमीनों पर कब्जा कर रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ ही पाकिस्तानी न्यायपालिका ने भी इस पर गौर किया है। अप्रैल, 2021 में लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मुहम्मद कासिम खान ने कहा था कि 'सेना संभवतः देश में जमीन पर कब्जा करने वाली सबसे बड़ी मशीन बन गई है, जबकि सेना की वर्दी सेवा के लिए होती है, राजा की तरह शासन करने के लिए नहीं।' सीपीईसी अधिकरण ने एक मजबूत दीवाल बनाने का निर्णय किया है जिसमें केवल एक प्रवेश और निकास द्वार होगा ताकि लोगों के स्वर कुचल कर यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया मानवाधिकार मुद्दे न उजागर करे। शहर में चौबीसों घंटे एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य उच्च तकनीकी उपकरणों से निगरानी की जाती है जो अत्यधिक निगरानी सुनिश्चित करते हैं। स्त्रोतों से संकेत मिलते हैं कि यह दीवाल 30 किलोमीटर लंबी तथा 10 फीट ऊंची है। पाकिस्तान ने सीपीईसी की रक्षा के लिए 34वीं लाइट इन्फेंट्री तैयार की है जिसे विशेष सुरक्षा डिवीजन-एसएसडी भी कहा जाता है। ऐसी किसी अन्य 'वाणिज्यिक महत्व' वाली परियोजना का उदाहरण नहीं मिलता है जहां एक सैनिक डिवीजन की आवश्यकता हो। इस घटनाक्रम से बलूचिस्तान व खासकर ग्वादर में जनता का सामाजिक अलगाव बढ़ा है जिससे निसंदेह संपूर्ण हिंसक टकराव पैदा होगा। इससे बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने की मांग भी तेज होगी।

सेना ने अर्थव्यवस्था की सहायता करने के नाम पर लगातार कृषि, शहरी आवासीय व वाणिज्यिक भूमि पर कब्जा किया है और इससे पाकिस्तान की खास राष्ट्रीय पहचान बनी है। नेशनल लाजिस्टिक सेल व फौजी फाउंडेशन जैसी विभिन्न सैनिक सब्सिडी के कारण विभिन्न क्षेत्रों में सिविलियन प्रतियोगिता को तेजी से कुचल दिया है। इनमें कार्गो परिवहन, रियल इस्टेट, उर्वरक, तेल व गैस, आदि शामिल हैं। प्रत्येक क्षेत्र पर सेना का प्रभुत्व होने को देखते हुए सीपीईसी केवल सैनिक अर्थव्यवस्था तथा भूमि पर कब्जे के लालच का एक उदाहरण है। आने वाले समय में किसानों का अपनी जमीन पर कोई विधिक अधिकार नहीं रह जाएगा तथा कोई संदेह नहीं कि परियोजना आगे बढ़ाने के नाम पर असली मालिक कौन होगा। इस प्रकार पाकिस्तानी सेना अपने आप में एक देश तथा चीनी सेना के समान है। दूसरी ओर चीन में परियोजना के महत्व को देखते हुए इसे 'आंतरिक गलियारा' कहा जाता है। इस प्रकार यह कहना गलत नहीं होगा कि यह आर्थिक परियोजना के बजाय सैनिक परियोजना है। पिछले साल पास अपराध कानून संशोधन, 2020 के अनुसार पाकिस्तान के सशस्त्र बलों का मजाक उड़ाने या उनका अपमान करने या उसके सदस्यों का सम्मान गिराने पर प्रतिबंध लगाया गया है। निश्चित रूप से हालिया घटनाक्रम के कारण पैदा अशांति से निपटने में इस कानून की भूमिका समझी जा सकती है। आमतौर से दुनिया भर में सैनिक वर्दी का बहुत सम्मान है और दुनिया की जनता अपने सैनिक बलों का सम्मान करती है। लेकिन अब पाकिस्तानी सेना की भूमिका तालिबान व अन्य चरमपंथी तत्वों को चीनी परियोजना से दूर रखने की है। पाकिस्तानी सेना अब पाकिस्तानी जनता की आर्थिक व सामाजिक स्थितियां निर्धारित कर रही है। इससे क्षेत्र के भू-राजनीतिक हितों को नुकसान होगा। 2006 में 79 वर्षीय अकबर खान बुग्ती की हत्या के कारण सैनिक सरकार में बलूच जनता का अलगाव बहुत बढ़ गया था। एक अन्य बलूच नेता मुफ्ती हिदायतुल्ला की 2018 में हत्या से बलूचिस्तान में सैनिक अवस्थापना का इरादा स्पष्ट हो गया था। इस वर्ष के प्रारम्भ में पाकिस्तीान सेना के मेजर जनरल अयमान बिलाई ने बलूच आंदोलन को कुचलने में चीन की भूमिका स्वीकारी थी और यह भी कहा था कि चीन-पाक बलूचिस्तान में ईरानी गतिविधियों के खिलाफहैं।

# उग्रवादीकरण की तीसरी लहर से सावधान

“बांग्लादेश के आतंकवाद-रोधी और अंतरराष्ट्रीय अपराध तंत्र के अत्यधिक दबाव के आगे झुकते हुए, जेएमबी और एबीटी दोनों ने वर्तमान के लिए अपनी गतिविधि को कम कर दिया है, इसके बजाय एचआईबी और आईओबी के माध्यम से अपने सरोगेट को आगे बढ़ाया है।”

जयदीप सैकिया
(लेखक संघर्ष विश्लेषक हैं)



वर्तमान समय में भारत में जिस कट्टरता को महसूस किया जा रहा है, उसका श्रेय पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे समूहों के पुनरुद्धार के माध्यम से देश में हनबली स्कूल के बढ़ते अनुनय को दिया जा सकता है। हालांकि पीएफआई- जिसका शीर्ष नेतृत्व मुख्य रूप से केरल से है- इस आरोप से इनकार करता है कि संगठन का हनबली स्कूल (वहाबी और/या सलाफी का दूसरा नाम) के साथ कोई संबंध है, इस मामले का तथ्य यह है कि वे भारतीय मुसलमानों को कट्टरपंथी बना रहे हैं। इस्लाम का रूढ़िवादी तनाव चाहे कुछ भी हो।

हिफ़ाज़त-ए-इस्लाम बांग्लादेश (एचआईबी) और इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश (आईओबी)-इस्लामी संगठन जो वर्तमान समय में फिर से उभरे हैं और बांग्लादेश के तालिबान के अधिग्रहण के बाद तेजी से सक्रिय हो रहे हैं-पीएफआई के करीबी सहयोगी हैं। एचआईबी और आईओबी बांग्लादेश के अंदर अल-कायदा और आईएस से जुड़े संगठनों जैसे जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के ओवर-ग्राउंड एक्टिविस्ट के रूप में काम कर रहे हैं। बांग्लादेश के आतंकवाद-रोधी और अंतरराष्ट्रीय अपराध तंत्र के अत्यधिक दबाव के आगे झुकते हुए, जेएमबी और एबीटी दोनों ने वर्तमान के लिए अपनी गतिविधि को कम कर दिया है, इसके बजाय एचआईबी और आईओबी के माध्यम से अपने सरोगेट को आगे बढ़ाया है। स्ट्रैटेजम सरल है। कार्यप्रणाली यह है कि जेएमबी और एबीटी गायब हो गए हैं कि स्थापना में आत्मसंतुष्टता की भावना पैदा करें। वास्तविकता यह है कि उन्होंने बांग्लादेश में 'ऑपरेशन कन्फ्यूजन' को सक्रिय किया है और साथ ही बांग्लादेश में इस्लामवाद को फिर से जीवंत किया है।

वास्तव में, इस्लामी खतरे की समय-सीमा काफी सरल है। लेखक अमेरिका के अर्बाना-शैंपेन में इलिनोइस विश्वविद्यालय में अपने उन्नत शोध की अवधि के दौरान एक बोधगम्य समयरेखा तैयार करने में सक्षम थे। अध्ययन ने इस्लामी कार्रवाई के तौर-तरीकों में एक 'लहर की प्रगति' का पता लगाया जो संयोग से समय के अंत तक कभी नहीं रुकेगीः 'इस्लाम में परिवर्तनकारी क्षण' कभी न खत्म होने वाला है। वास्तव में, जिस तरह से संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन ने आईएसआईएस को उस क्षेत्र से गैर-क्षेत्रीयकरण करने की मांग की है,



जिस पर बाद में नव-खिलाफत को बनाए रखने के लिए कब्जा कर लिया था, यह पता चला है कि काफिरों के खिलाफ युद्ध अब न केवल होगा। एक निरंतर लेकिन कार्रवाई का एक त्वरित स्वरूप बनेगा। मुद्दा यह बनाया जा रहा है कि यद्यपि आईएसआईएस ने क्षेत्रीय हार का अनुभव किया है, लेकिन यह दुश्मन को अपने निरंतर छल से भ्रमित करने में सक्षम है, नुकसान को फायदे में बदल रहा है। इसलिए, एक स्पष्ट विश्लेषण उस सादगी को सामने लाएगा जिसके साथ इस्लामवादी अगले हमले के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। इसलिए, जबकि 1999 और 2005 के बीच बड़े पैमाने पर हिंसक आंदोलन और कट्टरता की प्रदर्शनी थी, जिसे लेखक पहली लहर के रूप में वर्णित करता है, दूसरी लहर जेएमबी जैसे समूहों द्वारा निष्ठा की शपथ या बया के साथ शुरू हुई थी। अबू बक्र-अल-बगदादी के नव-खिलाफत के गठन के मद्देनजर आईएस और एआईबी। क्षेत्रीय झटके ने दुनिया भर में लगातार लोन-वुल्फ हमलों को देखा, जिसमें ऑरलैंडो और नीस जैसे स्थान शामिल हैं और बांग्लादेश में इस्लामी कार्रवाई के पर्यवेक्षक 1 जुलाई, 2016 को ढाका में बंधक की स्थिति को याद करेंगे। घटना के बाद के वर्षों में नया हथियारों के लिए आह्वान काफिर को जहां कहीं भी पाया गया, उसे नष्ट करना था क्योंकि अब एक निंदनीय मामला नहीं था। हालांकि, इस्लामवादियों के खिलाफ बांग्लादेश सुरक्षा बलों द्वारा अथक कार्रवाई ने कट्टरपंथियों को क्षण भर के लिए शांत कर दिया है और लड़ाई को अस्थायी रूप से एचआईबी और आईओबी के अच्छे कार्यालयों को सौंप दिया गया है जो ईशनिंदा कानून अधिनियम जैसे पहलुओं की मांग करके आंदोलन को जीवित रख रहे हैं। हालांकि, इराक और सीरिया में जिन क्षेत्रों पर उसने कब्जा कर लिया था, वहां से आईएसआईएस के लगभग कुल क्षेत्रीय निष्कासन के साथ, रणनीति एक समुद्री परिवर्तन देखने वाली है। अल-कायदा और आईएसआईएस, जो पहले से ही भारत के अंदर है, से प्रेरित, इसके सहयोगी (पीएफआई सहित) कट्टरपंथ के द्वार खोल देंगे और एक ऐसा रूप धारण करेंगे जो अब तक सबसे अधिक खतरनाक होगा। यह एक संयोजन होगा ) सामूहिक भर्ती ) कृत्यों, कानूनों और मंत्रालय के खिलाफ विरोध, जिसे कट्टरपंथियों का एक संयुक्त समूह गैर-इस्लामी मानता है - जिससे अल्पसंख्यक समुदाय के बीच बाड़-बैठने वालों और नरमपंथियों को अपनी तह में लाया जाता है और ) ढीले परिष्कृत होने दें हिंसा के ऐसे रूप जिनकी अधिकांश एजेंसियां कल्पना भी नहीं कर सकती हैं। शकीरा की यादें, आईएसआईएस के कट्टर समर्थक, नियो-जेएमबी कैडर के कट्टर समर्थक राशेदुर रहमान सुमन की पत्नी ने 26 दिसंबर, 2016 को अपने बच्चे को गोद में लेकर खुद को उड़ा लिया था, यह इस बात का पर्याप्त सबूत होना चाहिए कि किस तरह से एपिंग-व्यायाम किया जाता है। भारतीय समकक्षों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे लेखक कट्टरपंथीकरण की तीसरी लहर की सुबह के रूप में प्रस्तुत करता है।

## फरमाया




**यदि** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा।

**- प्रियंका गांधी वाड्रा**
कांग्रेस नेता



**नए** कोविड संस्करण में कुछ ऐसे उत्परिवर्तन हैं जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की संभावित चोरी के संबंध में चिंता पैदा कर रहे हैं।


**- एंथनी फॉसी**
एनआईएआईडी निदेशक



**तृणमूल** कांग्रेस के पास त्रिपुरा में खाता खोलने का मौका ही नहीं था, उन्होंने सिर्फ शोर मचाया।

**- दिलीप घोष**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## गरीबी एक अभिशाप

**आजादी** के बाद से ही देश में गरीबी मिटाने की बातें होती रही हैं लेकिन गरीबी है कि मिटती नहीं। अब जब नीति आयोग ने पहली बार राज्यों के लिए गरीबी सूचकांक की लिस्ट जारी की है यानी गरीबी के मामले में राज्यों को रैंकिंग दी है। बिहार, झारखंड, यूपी मप्र जैसे राज्य फिसड्डी साबित हुए हैं। लेकिन सच्चाई कबूल करने और सुधार की कोशिश के बजाय सियासत होने लगी है। कोई ठीकरा फोड़ने के लिए दूसरे का सिर तलाश रहा है तो कोई रैंकिंग पर ही सवाल खड़े कर रहा है।रिपोर्ट बताती है कि देश में सबसे ज्यादा कुपोषित लोग अगर कहीं हैं तो बिहार में। उसके बाद झारखंड, एमपी, यूपी और छत्तीसगढ़ का नंबर आता है। गर्भवती महिलाओं की खराब सेहत के मामले में भी बिहार ही टॉप पर। अगर किसी राज्य में सबसे ज्यादा बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित हैं तो वह बिहार है। सरकार चाहे कितनी ही विकास के दावे करें सच्चाई खुलकर बाहर आ ही जाती है !अरबों खरबों रुपए ,सस्ता अनाज और तरह-तरह कि मुफ्त सुविधाओं के बावजूद गरीबी का जब यह आलम है तो फिर वह कौन सा जादुई चिराग है जो देश को गरीबी के इस दलदल से निकालेगा? यह लिस्ट चाहे शत प्रतिशत सत्य हो मगर इसके लिए अकेले सरकारी जिम्मेदार नहीं हैं!

**- सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

## ओमीक्रान ने बढ़ाई चिंता

कोरोना के नए उत्परिवर्तित रूप ओमिक्रान ने दुनिया भर में चिंता बढ़ा दी है। यह देखते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सतर्कता का आदेश दिया है। जल्द से जल्द देश के सभी राज्यों को नए प्रतिबंध जारी करने चाहिए। भीड़ ज्यादा कहा होती है और उसका कारण क्या है ? यह हमें अच्छी तरह से पता चल चुका है। प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी अगर शादी में भीड़ अधिक है, तो तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। ओमिक्रान ने भारत के बाहर कुछ देशों की चिंता बढ़ा दी है। तो आप अब से भारत में उसका नाम लेकर क्यों चिल्ला रहे हैं? यह सवाल कुछ कथित बुद्धिमानों का है। जहां प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों पर वित्तीय दंड लगाने का प्रावधान है, वहीं अन्य प्रावधान भी होने चाहिए। उदा. मास्क का ठीक से उपयोग न करने और दो टिके लिए बिना यात्रा करने के लिए दंड के साथ उनकी यात्रा पर कुछ दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। इसका मतलब है कहीं न कहीं नियमों का सख्ती से पालन जारी रहेगा और लोगों को अनुशासन की आवश्यकता का महत्व ध्यान में आएगा। अन्यथा लोग जुर्माना भरेंगे और वही गलती फिर कभी की जाएगी। मास्क का उपयोग, टीकाकरण और कोरोना नियमों का पालन आवश्यक है।

**- जयेश राणे, मुंबई**

## लघुकथा/लोमड़ी बुद्धि

**नवनिर्मित** गांधी वाटिका में बच्चों के लिए संचालित ट्रेन लोकार्पण संबंधी बैठक चल रही थी।बैठक में सूझाव आया कि ट्रेन में सबसे पहले मंत्री जी के साथ मोहल्ले के बच्चों को बैठाया जाए।इसे अविलंब नकारते हुए मंत्री जी ने सूझाव दिया - ट्रेन में सबसे पहले अनाथालय के बच्चों को बैठाया जाए।मेरा बैठना भी उचित नहीं होगा। मंत्री जी की बात का समर्थन खुसुर फुसुर करते उपस्थित जनों ने ताली बजाकर किया।बैठक के बाद बंद कमरे की पार्टी भी आयोजित की गई थी। वहां एक चमचे ने मंत्री जी से पूछा- मान्यवर, नई टायट्रेन की पहली खेप में मोहल्ले के बच्चों के बजाय अनाथ बच्चों को बिठाना तो ठीक है, उनके साथ आपके नहीं बैठने का निर्णय समझ से परे है। इस पर मंत्री जी ने दांत निपोरते हुए धीरे से कहा - पगले ,पहली बार चलने वाली ट्रेन का क्या भरोसा। कहीं कुछ घटना दुर्घटना हो गई तो घायल होंगे, मरेंगे अनाथ बच्चे।इससे ज्यादा हंगामा नहीं होगा, पर मोहल्ले के बच्चों को कुछ हो गया तो उनके मां बाप हमारा बाल नोच डालेंगे। हमें भी अपनी जान प्यारी है। इसीलिए ट्रेन की पहली खेप में हमने बैठने से इंकार कर दिया। मंत्री जी की लोमड़ी चाल को समझने के बाद चमचों ने शराब छलकाते, जाम टकराते सहमती दे दी।



विजय मिश्रा
सुंदर नगर
रायपुर (छत्तीसगढ़)

# केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ रही महंगाई : महेंद्र कुंभकार

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी के निर्देश पर कवर्धा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरी राम साहू जी एवं पदयात्रा प्रभारी महेंद्र कुंभकार के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नाकामियों के खिलाफ और केंद्र सरकार के द्वारा बढ़ाई जा रही महंगाई के खिलाफ दिनांक 29/11/2021 दिन सोमवार को बीरकोना, धरमपुरा व मनिकचौरी में जन जागरण अभियान पदयात्रा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ममता चंद्राकर विधायक, महेश चंद्रवंशी जी सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग , हरी पटेल सदस्य शाकंभरी बोर्ड , गणेश नाथ योगी सदस्य योग आयोग दिनेश कोसरिया अ. जा प्राधिकरण, लालजी चंद्रवंशी पूर्व मंडी अध्यक्ष, तुकाराम चंद्रवंशी सदस्य जिला पंचायत प्रदेश सह सचिव युवा कांग्रेस उपस्थित थे द्य


जिसमें होरी राम साहू एवं महेंद्र कुंभकार जी ने बताया की 14 नवंबर से यह जन जागरण अभियान पदयात्रा चलाया जा रहा है जिसमें कांग्रेस का लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ जनता को न्याय दिलाना है जिस देश में महिलाएं चूल्हे से खाना बनाकर अपने पूरे परिवार को खुश रखती थी आज महंगाई की मार ने उन सभी परिवारों को बिखेर दिया है केंद्र सरकार ने सुविधा का प्रलोभन देकर जनता को रसोई गैस तो बांट दिया पर रसोई गैस के आड़ में जनता से वसूली किया जा रहा है जिस रसोई गैस की कीमत 2013 में मात्र 400 रुपए था आज उस रसोई गैस की कीमत 1000 रुपए पार कर चुकी है केंद्र सरकार ना ही गरीब हितैषी है ना किसान और ना ही मजदूर केंद्र की भाजपा सरकार बस व्यापारी हितैषी है मजदूर वो होता है जो रोज कुवा खोदता है और रोज पानी पीता है ये वही मजदूर भाई है जो हमें सीर छुपाने के लिए हमारे एवं सभी मौसमों से निपटने के लिए हमारे घर को मजबूत करती है चाहे गर्मी हो बरसात हो या सर्दी हो इनका कार्य लगातार चलता रहता है सिर्फ 2 से 250 रुपए के लिए ये दिन रात मेहनत करते है तब जाकर इनको 2 से 250 रुपए मिलता है और बढ़ती महंगाई के वजह से ये 250 रुपए में मजदूर अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करे उतने पैसे में अभी के महंगाई को देखते हुवे सिर्फ और सिर्फ एक किलो तेल खरीद सकते है बाकी सब्जी का भी दाम आसमान छू रहा है और केंद्र सरकार ने जो उज्वाला योजना के तहत गैस वितरण किया था उस रसोई गैस भराने के लिए कम से कम 1000 से 1200 से चाहिए तो वो मजदूर भाई क्या 250 रुपए में अब गैस भरवाए , तेल खरीदे , या सब्जी , केंद्र सरकार अपनी मनमानी चला रही है। पेट्रोल डीजल के कच्चे तेल की कीमत मात्र 35 से 40 रुपए है फिर भी केंद्र सरकार के कुनितियो के चलते जनता को किसान को मजदूर गरीब परिवार को यह पट्रोल डीजल 100 से 110 रुपए प्रति लीटर में खरीदना पड़ रहा है केंद्र सरकार को जल्द से जल्द जनता के बारे में सोचकर सभी महंगाई को अंकुश में लाना चाहिए पर केंद्र सरकार सिर्फ और सिर्फ कुछ अमीर लोगो को और अमीर बनाने में व्यस्त है।

केंद्र सरकार को जनता के बारे में सोचना चाहिए और जनता की सुविधाओं का ध्यान रखना चाहिए ना की उन्हे परेशान करना चाहिए। केंद्र में बैठी मोदी सरकार खुद को फकीर बताती है पर एक पहर में ही 2 बात कपड़े बदलती है वो भी एक कपड़ा 10 लाख का , 10 लाख का कपड़ा पहनकर भी भाजपा सरकार खुद को फकीर कहती है केंद्र सरकार सिर्फ और सिर्फ जनता को कंगाल कर रही है अगर उन्हीं पैसों से अगर किसान भाईयो के कर्ज माफ करती तो किसानों को दर बदर भटकना नहीं पड़ता, केंद्र सरकार व्यापारियों का 4 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर सकती है पर किसान का नहीं और 3 काले कृषि कानून जो कि किसान भाईयो से उनका हक छिनती ऐसे कानून केंद्र सरकार लागू करना चाहती थी पर देश के किसानों ने अपनी ताकत दिखाई और केंद्र सरकार के इस काले कानून को लागू करने के मनसूबे की नाकाम किया।

# कलेक्टर ने जनचौपाल कार्यक्रम में सुनी 45 आमजनों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com







कलेक्टर जनमेजय महोबे ने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनचौपाल कार्यक्रम में पहुँचे जिले के 45 आमजनों की समस्याओं तथा शिकायतों को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनचौपाल कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बंजारी के सरपंच ने तालाब गहरीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति दिलाने, ग्राम करहीभदर की केजाबाई ने ऋण पुस्तिका में खाता विभाजन कराने, ग्राम रूदा की रवीना ने सार्वजनिक नल लगाने, ग्राम मटिया के मुकेश कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शेष किश्त की राशि दिलाने, ग्राम मंगचुवा के तखत लाल ने मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम ओरमा के विक्रांत ने सड़क में डामरीकरण कराने, ग्राम खैरतराई के नीलकंठ ने ऋण दिलाने, ग्राम मुजगहन के शीतल राम ने वृद्धा पेंशन दिलाने, ग्राम पंचायत कांदुल के सरपंच ने नहर बांध का जीर्णोद्धार व पुल-पुलिया निर्माण कराने, ग्राम बी जामगांव की हेमलता ने सहायता राशि दिलाने और ग्राम खैरवाही के भूषण लाल ने बिजली बिल देयक में सुधार कराने संबंधी आवेदन कलेक्टर को सौंपे। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन कलेक्टर महोबे को सौंपे। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडीएम विनायक शर्मा, एस.डी.एम. बालोद गंगाधर वाहिले, एस.डी.एम. डौण्डीलोहारा प्रेमलता चंदेल, एस.डी.एम. गुरूर रश्मि वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# कोरोना खतरा अभी तक टला नहीं है आम नागरिकों से टीकाकरण की अपील

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लॉकडाउन से छूट मिली है पर कोरोना खतरा अभी तक टला नही है। कोरोना वायरस के नये वेरियेन्ट की बजह से विश्व भर में दहशत है। संभवतः यह तीसरी लहर की आंशका है, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस के नये स्वरूप को ''बेहद संक्रामक चिंताजनक स्वरूप'' करार दिया है, इसके बजह से कई देशो के आवाजाही पर प्रतिबंध लगया गया है। नया वेरियेन्ट पहले से ज्यादा प्रभावशाली है। इसके लिए ''प्रोएक्टीव'' रहने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने जिलो को अलर्ट जारी किया है, सभी जिलो को कोविड-19 टेस्ट, ट्रैक और ट्रीट बढाने के साथ ही वैक्सिन कवरेज शत-प्रतिशत किया जाना आवश्यक है। जिला बेमेतरा में ''घर-घर दस्तक महाअभियान'' के तहत कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। जिले में 75 फीसदी लोगो को कोविड टीका का प्रथम डोस लगाया जा चुका है किन्तु केवल 25 फीसदी लोगो को दोनो डोस लगे है। जिले में प्रथम एवं द्वितीय डोस लगे हुए व्यक्तियो में किसी की मृत्यु नही हुई है, जिनकी मृत्यु हुई है वो अन्य बिमारी से ग्रसित थे। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के सभी लोगो को पूर्ण टीकाकृत (प्रथम एवं द्वितीय डोस)किये जाने हेतु अपील किया है, जिससे बच्चे भी सुरक्षित रह सके। साथ ही कोविड-19 उपयुक्त व्यवहार जैसे दो गज की दूरी बनाये, बार-बार साबुन से हाथ धोए या अल्कोहल बेस सेनेटाईजर से हाथ धोए, मास्क पहने और भीड़-भाड़ वाले स्थलो में जाने से बचे। साथ ही कोविड-19 लक्षण दिखने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर निःशुल्क जॉच करावे। जिले में अभी भी कोरोना वैक्सिन को लेकर अनेक तरह की भ्रांतिया, डर एवं संशय है। वैक्सिन को लेकर अनेक तरह के भ्रम लोगो के मन में है एवं घर-घर दस्तक में भी लोग टीका लगवाने झिझक रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि, कोविड वैक्सिन पूरी तरह से सुरक्षित है। कोरोना से करनी है परिवार की रक्षा, तो टीका लगवाकर अपनाए पूरी सुरक्षा, मास्क पहनिए और काम पर चलिए।

# धान उपार्जन केन्द्रों में कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन जरूरी : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में कोविड-19 के गाइडलाईन का पालन जरूरी है। उपार्जन केन्द्रों में हाथ धोने के लिए साबुन और पानी की व्यवस्था, मास्क का उपयोग व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य कराएँ। महोबे आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में चेक लिस्ट अनुसार साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, कम्प्यूटर सेट, जनरेटर, नमी मापक यंत्र, कांटा-बाट, केप कव्हर, बारदाना, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, हमाल, डनेज, आवश्यक सूचनाओं के प्रदर्शन हेतु बैनर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में ड्यूटी लगाए गए नोडल अधिकारी व प्रभारी अधिकारी जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा जिले में समय-समय पर प्रवास के दौरान किए गए घोषणाओं के क्रियान्वयन, गोधन न्याय योजना के अंतर्गत वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन व विक्रय, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, धनवंतरी सस्ती दवा दुकान योजना, हमर लैब आदि के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली और नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, जाति प्रमाण पत्र के प्रकरणों का निराकरण अभियान चलाकर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप शतप्रतिशत कोरोना जॉच करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री निवास, राज्य सचिवालय, पीजीएन, कमिश्नर कार्यालय, कलेक्टर जन चौपाल आदि से प्राप्त प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडीएम विनायक शर्मा, एस.डी.एम. बालोद गंगाधर वाहिले, एस.डी.एम. गुण्डरदेही भूपेन्द्र अग्रवाल, एस.डी.एम. डौण्डीलोहारा प्रेमलता चंदेल, एस.डी.एम. गुरूर रश्मि वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सिल्ली थामस, अभिषेक दीवान, अमित श्रीवास्तव, सुब्रत प्रधान, मनोज मरकाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर सेवा सहकारी समिति पिपरछेड़ी के समिति प्रबंधक निलंबित

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

सेवा सहकारी समिति पिपरछेड़ी के समिति प्रबंधक यशवंत कुमार साहू द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सेवा सहकारी समिति पिपरछेड़ी के समिति प्रबंधक द्वारा 29 नवम्बर 2021 को सम्बद्ध सभी आश्रित ग्रामों के कृषकों को मुनियादी कर टोकन वितरण के लिए बुलाए जाने से समिति में भीड़ उमड़ पड़ी। जबकि ग्राम अनुसार क्रमशः टोकन वितरण हेतु बुलाया जाना था। समिति में उमड़ी भीड़ के लिए किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई थी। शासन की महत्वपूर्ण समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने पर समिति प्रबंधक यशवंत कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सेवा सहकारी समिति पिपरछेड़ी में आज अव्यवस्था की जानकारी मिलने पर कलेक्टर जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार वहॉ पहुँचे। वहॉ उन्होंने धान खरीदी हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि समिति में अव्यवस्थित भीड़ के दौरान घायल ग्रामीणों का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। सभी की स्थिति सामान्य है।

## परिक्षेत्र स्तरीय साहू समाज की बैठक संपन्न

**दल्लीराजहरा।** परिक्षेत्रीय साहू समाज राजहरा बाबा की बैठक माँ अंगारमोती मंदिर प्रांगण के आंगनबाड़ी में 29 नवम्बर को सम्पन्न हुआ। इस बैठक के मुख्य अतिथि तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू थे। बैठक में तहसील साहू संघ के सचिव राधेश्याम साहू, रेखु राम साहू उपस्थित हुए। कार्य म के प्रारंभ में मां कर्मा की पूजा अर्चना हुई उसके बाद आए हुए अतिथियों का स्वागत समारोह हुआ। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने समाज में एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए उपस्थित सज्जनों को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारा समाज छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा समाज है जो सामाजिक गतिविधियां में सबसे आगे है ।हमारे समाज के द्वारा शुरुआत की गई निःशुल्क आदर्श विवाह जो एक अन्य समाज के लिए अनुकरणीय बन गया है। जिसे अन्य समाज के साथ-साथ सरकार ने भी हमारे इस कार्यक्रम को सहारा तथा उनके द्वारा भी जगह-जगह आदर्श विवाह हो रहे हैं। यह हमारे साहू समाज की ही देन हैं।

# तीन महीने से फरार आरोपी को कुकदूर पुलिस ने पकड़ कर किया जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कुकदुर थाना कुकदुर जिला कबीरधाम के अपराध क्रमांक 90/ 21धारा 354 354 (घ )आईपीसी के आरोपी रामचंद्र यादव पिता केशव यादव उम्र 20 साल साकिन निभौरी भानपुर थाना समनापुर जिला डिंडोरी (मध्य प्रदेश) विगत 3 माह से फरार था जिसको पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, उप पुलिस अधीक्षक महोदय मनीषा ठाकुर रावते, एस डी ओ पी नरेंद्र के मार्ग निर्देशन में थाना प्रभारी लव कुमार थाना कुकदुर के द्वारा टीम गठित कर आरोपी केरल भाग कर चला गया था जिसके मुखबीर लगाया गया था आने पर रास्ते में ही गिरफ्तार किया गया एवं दिनांक 30,11, 2021 को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया जिसमें महिला प्रधान आरक्षक रमसिया कवर प्रधान आरक्षक ओंकार सिंह आरक्षक राम कुमार श्याम आरक्षक मनोज लहरे आरक्षक अमित ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

# नीतू ने वार्ड नंबर 11 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भरा नामांकन पत्र



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूर्व पार्षद नीतू कोठारी ने एक बार फिर जनता के बीच विश्वास को बनाए रखने के लिए वार्ड पार्षद के लिए निर्वाचन नामांकन फार्म पत्र दाखिल किया, बता दे किसके पूर्व भी इसी वार्ड से रितु कोठारी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में वार्ड पार्षद का चुनाव में विजयश्री प्राप्त किया था किंतु बाद में नगर पालिका अध्यक्ष पद के निर्वाचन के दौरान के वोट क्रास के मामले को लेकर भाजपा के द्वारा नीतू कोठारी सहित कुछ पार्षदों को पार्टी से निकाला गया था इसके बाद नीतू कोठारी ने वार्ड पार्षद से इस्तीफा कलेक्टर को सौंप दिया था।

जिसे कलेक्टर ने बाद में मंजूर भी कर लिया था जिसके कारण से यह वार्ड रिक्त था जहां अब उपचुनाव प्रारंभ हो गया है जिसके लिए नामांकन पत्र जमा दाखिल कर किया जा रहा।

# बेमेतरा में तीन दिसंबर से होगा टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्व. राजरानी छाबड़ा की स्मृति में एकता क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित लगातार 20वां वर्ष के टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 3 दिसम्बर से बेमेतरा के हृदय स्थल बेसिक स्कूल मैदान में होने जा रहा है। प्रतियोगिता के आयोजक, एकता क्लब के अध्यक्ष नन्नू रजक, मैडी धीवर ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के बाहुबली व चैम्पियन कहे जाने वाले नामी टीमे आकर्षण का केंद्र होंगे। लगभग 5 से 6 टीमे दूर के जिले से होंगे। बेमेतरा के क्रिकेट प्रेमी दर्शको को इस प्रतियोगिता का इंतजार हमेशा रहता है।

स्पर्धा के बारे में पता चलते ही दर्शको का भीड़ मैदान में आना जाना शुरू हो जाता है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 40 हजार रूपये व चमचमाती ट्रॉफी- बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा, नपा अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू द्वारा तथा उपविजेता टीम को 20 हजार रूपये व चमचमाती ट्रॉफी- अजीत छाबड़ा विधायक प्रतिनिधी द्वारा प्रदान किया जावेगा। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता से जुड़े अनेको आकर्षक पुरुस्कार भी खिलाड़ियों को प्रदान किया जावेगा। वही स्पर्धा का शुभारंभ 3 दिसंबर को होगा।

**धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होगी बर्दाश्त- कलेक्टर महोबे**

# सभी राजस्व अधिकारी प्रतिदिन 5 से 6 धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने धान उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करें। महोबे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी प्रतिदिन पॉच से छह धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें।

उपार्जन केन्द्रों में टोकन व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति, हमाल, बारदाना की उपलब्धता, धान के बोरे की स्टेकिंग, धान के उठाव हेतु परिवहन व्यवस्था, धान खरीदी हेतु आवश्यक दिशानिर्देशों का पालन आदि का निरीक्षण कर जायजा लें। कलेक्टर ने कहा कि सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में धान खरीदी से संबंधित अधिकारियो से समन्वय बनाकर धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से कराए। धान उपार्जन केंद्रों के समिति प्रबंधक, नोडल अधिकारी सहित अन्य संबंधितों से भी सतत् संपर्क बनाए रखें। उन्होंने सीसीबी के नोडल अधिकारी को नवीन धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम विनायक शर्मा, एसडीएम गुण्डरदेही भूपेन्द्र अग्रवाल, एसडीएम डौंडीलोहारा प्रेमलता चंदेल, एसडीएम बालोद गंगाधर वाहिले, एसडीएम गुरुर रश्मि वर्मा, डिप्टी कलेक्टर आरएस ठाकुर, सिल्ली थामस, अभिषेक दीवान, अमित श्रीवास्तव, सुब्रत प्रधान, मनोज मरकाम सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला खाद्य अधिकारी, सीसीबी के नोडल अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का आयोजन 03 दिसंबर को

**बेमेतरा।** आगामी 10 एवं 12 दिसम्बर से बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चौंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा हैं उक्त प्रतियोगिता के लिए जिला दल का गठन हेतु जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का आयोजन 03 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से एलॉन्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा में रखा गया है। इस प्रतियोगिता में बालक/बालिका 14 वर्ष से कम, 16 वर्ष में कम, 18 वर्ष से कम तथा 20 वर्ष से कम उम्र के लिए रखा गया हैं।

ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को जन्मतिथि सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र अथवा 10वीं कक्षा की अंक सूची लाना अनिवार्य है। चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 14 वर्ष से कम उम्र के बालक/बालिकाओं का प्रवेश निःशुल्क, 16 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं का 30 रुपए तथा 18 एवं 20 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं का 50 रुपए प्रवेश शुल्क लिया जायेगा। कोविड से संबंधित नियमों का पालन करते हुए मास्क लगाकर आये, दो गज की दूरी बनाए रखना पड़ेगा साथ ही अपने साथ खाने की टिफिन भी रखें। जानकारी जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव अरूण कुमार पाल ने दी।

# वर्षों से अपेक्षित मांग हुआ पूर्ण वार्डवासियों के सपने हुए साकार : विजय सिंह



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक 09 की वार्डवासियों की सीसी रोड की मांग व समस्या को लेकर समाचार पत्रों ने ने लगातार खबर प्रकाशित किया था खबर प्रकाशित होने के बाद क्षेत्र के जनपद सदस्य विजय सिंह ने वार्डवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए लगभग 5 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान किया यह सीसी रोड लगभग पाँच लाख रुपये की लागत से 150 मीटर तक बनेगा वार्ड क्रमांक 09 में सीसी रोड बनने से निश्चित ही वार्ड की गलियों की तस्वीरे बदलेगी और इसका लाभ वार्डवासियों सहित पूरे ग्रामीणों को होगा क्योंकि यह ग्राम की मुख्य मार्ग भी है जो पोंडी सहित यह मार्ग दो पड़ोसी गाँव को जोड़ता है जिसका लाभ सभी को होगा सीसी रोड निर्माण कार्य पर वार्डवासियों में खुशी व्याप्त है विजय सिंह जनपद सदस्य के प्रयासों से उनके क्षेत्र में विकास कार्य लगातार हो रहा है जिसका भूमिपूजन सोमवार को किया गया भूमिपूजन में जनपद सदस्य विजय सिंह, सरपंच प्रतिनिधि नंदकुमार कुर्रे, जनपद सदस्य पवन कुमार चन्द्रवंशी, उपसरपंच इदरीस खान, वार्ड पंच नविद खान, विनायक द्विवेदी, रवि अवस्थी, झामसिंह चौहान, सबल सिंह, मुस्तफा खान, राजू, बंटी खान अनुज कुम्भकार, मुन्ना नामदेव, सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### भाजपा चुनाव समिति में शामिल हुए विधायक चंदेल



**सक्ती।** विधायक नारायण चंदेल को भारतीय जनता पार्टी छ.ग. प्रदेष द्वारा गठित प्रदेष चुनाव समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। भाजपा के इस महत्वपूर्ण चुनाव समिति कि नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी ने प्रदश की अनुषंसा पर किया है। विधायक चंदेल को प्रदेष चुनाव समिति में शामिल किये जाने पर जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र, सम्पूर्ण जिला व अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्श व्याप्त है। जिले व अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाष नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस हेतु आभार व्यक्त किया है।

### डाटा एन्ट्री आपरेटर कुंजबिहारी निलंबित

**रायगढ़।** कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात अपर कलेक्टर रायगढ़ द्वारा कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सारंगढ़ में पदस्थ डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कुंजबिहारी गहरे को निर्वाचन कार्य के प्रति उदासीनता, लापरवाही तथा कार्य में रूचि नहीं लेने के कारण एवं उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

# रेल्वे यार्ड के काम में लगी कंस्ट्रक्शन कम्पनी से सरिया चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपियों से 15 टन सरिया व चोरी में इस्तेमाल ट्रेक्टर की जप्ती, छाल पुलिस की त्वरित कार्रवाही**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




छाल पुलिस ने सोमवार को ग्राम पुसल्दा, चीतापाली में कंस्ट्रक्शन कम्पनी से चोरी हुये 15 टन सरिया चोरी मामले के आरोपियों को मय माल एवं चोरी के सामान को ले जाने में प्रयुक्त ट्रेक्टर की जप्ती आरोपियों से की गई है। आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना छाल अन्तर्गत ग्राम पुसल्दा चीतापाली में रेल्वे यार्ड का काम जारी है। श्री बालाजी इंजिकान लिमिटेड कंपनी द्वारा काम कराया जा रहा है। कल 28 नवंबर को स्टोर यार्ड के स्टोर कीपर उत्तरा कुमार लहरे (उम्र 33 वर्ष) के द्वारा थाना छाल में अज्ञात आरोपियों द्वारा 26 एवं 27 नवम्बर की रात यार्ड में रखे लोहे का सरिया 32डड, 25डड,10डड कुल करीबन 15 क्वींटल, कीमती लगभग 75000- रूपये को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा मुखबिरों से अज्ञात आरोपियों के संबंध में जानकारी ली गई। मुखबिर द्वारा ग्राम पुसल्दा के बोटराम राठिया व उसके साथियों पर चोरी की आशंका व्यक्त किया। थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ के साथ ग्राम पुस्लदा जाकर संदेहियों को हिरासत में लिया गया। संदेहियों द्वारा ग्राम चीतापाली रेल्वे यार्ड के पास से लोहे का सरिया करीब 15 टन का चोरी कर ट्रेक्टर में लेकर आना और छिपाकर रखना स्वीकार किए हैं, जिसे आरोपियों की निशानदेही पर जप्त किया गया है। आरोपी बोट राम राठिया पिता स्वर्गीय ज्ञान सिंह राठिया 28 साल, राम कुमार राठिया पिता मुनू राम राठिया उम्र 31 वर्ष, बसंत कुमार राठिया पिता रसायन राठिया उम्र 31 वर्ष, भवानी लाल राठिया पिता चैतराम राठिया 30 वर्ष सभी निवासी ग्राम पुसल्दा थाना छाल से 15 क्विंटल छड कीमती 75,000 तथा चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर सीजी 13 जेड 8393 मय ट्राली सीजी 13 जेड 8394 को आरोपियों से जप्त कर आरोपियों को चोरी के अपराध में जेएमएफसी धर्मजयगढ़ के न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।

# कबाड़ दुकान में निकला अजगर



- **वन मित्र दल ने पकड़कर छोड़ा जंगल में**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ के नीचे पारा स्थित कबाड़ दुकान में विशाल अजगर सांप को देख कबाड़ मालिक सहिंत कर्मियों के होश उड़ गए,विशाल सांप को देख आस पास मौजूद लोगों के हाथ पांव फूल गए, बाद में वन विभाग में फोन कर जानकारी दी गई। सूचना पर वन मित्रदल द्वारा सांप को बोरी में भरकर सुरक्षित जंगल मे छोड़ा गया।

मिली जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ नीचे पारा स्थित कबाड़ खाने में उस वक्त हड़कम्प का माहौल देखा गया,जब कबाड़ मालिक मोहम्मद सफीक द्वारा सोमवार की सुबह दुकान खोला तो वहीं कबाड़ में पड़े एक बड़े गंज में अजगर समाया हुआ था। जिसे देख वे खौफजदा हो गए, और फिर मौजूद लोगों से सांप को निकालने मदद मांगने लगे, लेकिन करीब 12 किलो वजन के विशाल अजगर को देख किसी की हिम्मत नही हुई, लिहाजा युवक सफीक द्वारा स्थानीय पत्रकार असलम खान को फोन के माध्यम से सांप होने की जानकारी दी गई, उसके बाद पत्रकार खान ने धरमजयगढ़ रेंज अफसर राम चन्द्र यादव को अजगर सांप होने की जानकारी दी।

सूचना पर रेंज अफसर के निर्देश पर वन मित्रदल की टीम तत्काल मौके पर पहुंचे, और सुरक्षित ढंग से अजगर सांप को बोरी में डालकर आमादरहा जंगल के पास सहीं सलामत छोड़ दिया गया। यह अंदेशा जताया जा रहा है सांपों का राजा कहा जाने वाला विशाल अजगर चूहा खाने कबाड़ दुकान में कुंडली मारे बैठा हुआ था। बहरहाल वन मित्रदल की सजगता से सांप को सुरक्षित जंगल मे छोड़ दिया गया है।

# बिजली लाइन कटने से पहले बिल जमा करने पर मिल सकती है किस्त की सुविधा

- **कनेक्शन कटने के बाद करना होगा पूरा बिल का भुगतान**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में बिजली विभाग का करोड़ों का बिल बकाया है। उन बकाया बिल की वसूली के लिए विभाग द्वारा कार्रवाई शुरू की गई है और जिले में बिजली बिल के बड़े बकायादारों का बिजली लाईन कनेक्शन काटा जा रहा है। सोमवार को भी विभाग की टीम द्वारा शहर में घूम घूमकर ऐसे बिजली उपभोक्ताओं की बिजली लाईन काटी जा रही थी, जिनका बिजली बिल का बकाया पचास हजार रूपए से अधिक था। इसके अलावा अब जल्द ही सरकारी विभागों की भी लाईन काटने की कार्रवाई की जा सकती है। क्योंकि ऐसे कई सरकारी विभाग भी हैं, जहां का लंबे समय से बिजली बिल नहीं पट सका है और ऐसे में उनका बिजली बिल का करोड़ों का रूपए का बकाया हो चुका है। बिजली बिल समय पर नहीं पटने के कारण बिजली विभाग को नुकसान का भी सामना करना पड़ रहा है और इसी वजह से बकाया बिजली बिल की वसूली शुरू कर दी गई है। बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को काफी राहत दी जाती है। ताकि वे बिजली बिल को जमा कर सके, पर कई उपभोक्ता बिल जमा करने को लेकर लापरवाही बरतते हैं। जिस कारण अब विभाग को कार्रवाई करनी पड़ रही है। बिजली विभाग के कार्यपालन यंत्री एसके साहू ने बताया कि बिजली बिल के बकायादारों को विभाग द्वारा यह राहत भी दी जा रही है कि अगर किसी कारणवश एक साथ वे बकाया बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं, तो लाईन कटने से पहले किस्त में बिल का भुगतान कर सकते हैं। इसके बाद भी कई उपभोक्ता बिजली बिल जमा करने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं। वहीं लाईन कटने के बाद पूरा भुगतान होने के बाद ही अब बिजली लाईन जोड़ी जाएगी। ऐसे में अब भी जिन बड़े बिजली बिल के उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किया है, वे तत्काल बिजली बिल जमा करे तो उन्हें समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# विस् अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत शहीद विप्लव त्रिपाठी के निवास पहुंच दी पुष्पांजलि, पिता को ढांढस बंधाया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने मणिपुर आतंकी हमले में छ.ग. रायगढ़ के वीर जवान कर्नल विप्लव त्रिपाठी, पत्नि अनुजा त्रिपाठी एवं पांच वर्षीय पुत्र अबीर त्रिपाठी के शहादत को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। विस् अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने रायगढ़ निवासी शहीद के पिता वरिष्ठ पत्रकार सुभाष त्रिपाठी को ढांढस बधांते हुए कहा कि, विप्लव ने अपनी छोटी सी उम्र में बड़ा नाम कमाया है छत्तीसगढ़ सहित समूचा देश उनके इस बलिदान को सदैव याद रखेगा।

# 1 एवं 2 जनवरी को गोविंदम पैलेस में होगा महामंगल पाठ

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




श्री नारायणी नमो नमो छत्तीसगढ़ द्वारा आगामी 1 एवं 2 जनवरी 2022 को छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में पहली बार दादी जी का महोत्सव नमो नमो महा मंगल पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, तथा इस आयोजन में दादी भक्त महिलाएं निशुल्क रजिस्ट्रेशन करवाकर महा मंगल पाठ में शामिल हो सकती हैं, तथा छत्तीसगढ़ का यह 23 वा श्री नारायणी नमो नमो आयोजन होगा, एवं नए वर्ष का शुभारंभ दादी जी के वहां मंगल पाठ कार्यक्रम से होगा, श्री नारायणी नमो नमो छत्तीसगढ़ ने 1 एवं 2 जनवरी को बिलासपुर के गोविंदम पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने हेतु सभी दादी भक्त महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में बिलासपुर पहुंचने एवं अग्रिम निशुल्क पंजीयन करवाने का आग्रह किया है, तथा आयोजन को लेकर वृहत रूप से तैयारियां चल रही है।

# उत्तरी सर्द हवाओं ने बढ़ाई जिले में ठिठुरन

- **पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में अचानक गिरा पारा**
- **रात के समय अलाव जलाकर ठंड से बच रहे लोग**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सहित रायगढ़ जिले में भी अब कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिले के पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में रात के तापमान में भारी गिरावट आई है। ऐसे में सार्वजनिक स्थलों पर लोग रात के समय अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं।

इधर राजधानी रायपुर में भी रात के तापमान में कमी आई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की चेतावनी जारी किया है। रायगढ़ जिले में बारिश के थमने और बादल साफ होने के बाद अब तेजी से ठंड बढ़ रही है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों तापमान में और गिरावट होने की संभावना है।

अभी उत्तरी हिस्से से आ रही सर्द हवाओं ने पूरे प्रदेश में ठिठुरन बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि जशपुर में रात का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं रायगढ़ सहित रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में 13 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। वहीं आने वाले दिनों में उत्तर से आने वाली हवाओं के कारण तापमान में गिरावट की संभावना है।

# कपड़ा व्यवसायी से साढ़े 9 लाख की ठगी कस्टमर केयर पर कॉल करना पड़ा महंगा

## धरमजयगढ़ में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कपड़ा व्यवसायी को गूगल में यूनो एप कस्टमर केयर नंबर सर्च कर कॉल करना उस वक्त महंगा पड़ गया जब अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल करके एक डाउनलोड करा कर एवं ओटीपी पूछकर साढ़े 9 लाख रूपए की ऑनलाईन ठगी कर ली गई। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि धरमजयगढ़ में गोयल रेडीमेड के नाम से फर्म है, इस फर्म के लिए धर्मजयगढ़ एसबीआई शाखा से करंट अकाउंट खोला गया है। 25 नवंबर को इनका छोटा पुत्र अनुज गोयल बैंक जाकर यूनो एप का यूजरनेम और पासवर्ड बैंक के कर्मचारी से प्राप्त करके दुकान आया और यूनो एप में दूसरे व्यापारी के खाते में रूपये डालने का प्रयास किया। तब उस व्यापारी का अकाउंट नंबर ऐड नहीं हुआ जिस पर अनुज गोयल गूगल पर कस्टमर केयर का नम्बर सर्च कर कॉल किया । कुछ देर बाद अननोन नंबर से इनके मोबाइल पर कॉल आया उसने कहा कि कस्टमर केयर पर कॉल किये थे क्या जानकारी चाहिये, तब इन्होंने यूनो पर अकाउंट नंबर ऐड करने के संबंध में पूछताछ किये। अज्ञात कॉलर द्वारा बैंक से जुड़े रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर मांगा और एप डाउनलोड करने बोला और ओटीपी पूछा। इसी दौरान मदन गोयल के खाते से 4,50,000 उसके बाद 5,00,000 बैंक खाते से आहरण होने का मैसेज आया, मदन गोयल तत्काल थाने और बैंक में सूचना देकर खाता को होल्ड कराया गया है। उन्होंने बताया कि इनके द्वारा किसी प्रकार के रकम का आहरण नहीं किया गया है ,किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 9,50,000 की ऑनलाइन ठगी की गई है। थाना धर्मजयगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# मध्यप्रदेश के मंत्री बिसाहूलाल के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा फूटा, नारेबाजी करते हुए जलाया पुतला, एफआईआर की भी मांग

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



हाल ही में मध्यप्रदेश के मंत्री बिसाहूलाल के द्वारा राजपूत महिलाओं को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर आपत्ति जताते हुए सोमवार राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने रायगढ़ जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह के नेतृत्व में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। इन महिलाओं ने सोमवार की शाम रैली निकालकर जमकर नारेबाजी की और उसके बाद मंत्री बिसाहूलाल का पुतला फूंकते हुए थाने तक पहुंची। कोतवाली थाना प्रभारी के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि मध्यप्रदेश के मंत्री बिसाहूलाल द्वारा राजपूत महिलाओं के उपर अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी किया गया है। जिससे पूरा राजपूत क्षत्रीय समाज में रोष व्याप्त है। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना रायगढ़ उक्त घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए अपना विरोध जताया है। करणी सेना के सदस्यों का कहना था कि मंत्री बिसाहूलाल की ऐसी निंदनीय बयानबाजी के विरोध में 29 नवंबर की शाम महात्मा गांधी चैक में विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। साथ ही पुलिस को इस मामले में मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान महिला जिलाध्यक्ष प्रियंका सिंह के नेतृत्व में अरुण सिंह जिला उपाध्यक्ष, कुंदन सिंह जिला प्रभारी, संजुक्ता सिंह जिला सचिव (महिला), शबनम सिंह जिला उपाध्यक्ष (महिला), दीपक सिंह कोषाध्यक्ष, अजय सिंह जिला सचिव, सुधांशु सिंह जिला मीडिया प्रभारी, कुणाल सिंह जिला सह मीडिया प्रभारी एवं भारी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित रहे।

# बारदाने के लिए भटक रहे किसान

- **आसमान छू रहे जुट के बारदाने**

**रायगढ़।** बुधवार यानी 1 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू हो जाएगी। रायगढ़ जिले में भी वारदाने की कमी देखी जा रही है। किसानों से 30 प्रतिशत वारदाने लिए जाने के मौखिक आदेश दे दिये गए हैं। जैसे ही यह बात बाजार में गयी कि इस बार भी किसानों से 30 प्रतिशत वारदाना लिया जाना है, वारदाना व्यापारी वारदाने के भाव बढ़ा दिए हैं। 32 से 40 रुपए तक पुराने जुट वारदाने किसान मजबूरी में खरीद कर रहे हैं। विपणन अधिकारी शम्भू गुप्ता ने इस संवाददाता को बताया कि वारदाने किसानों से स्वेच्छा से लिये जा रहे हैं, व्यवस्था के बतौर ताकि धान खरीदी सुगमता से हो सके । कोई जरूरी नही है कि 30 प्रतिशत वरदाने लायी जाए। इसमे कोई लिखित आदेश भी नही है कि किसान को वरदाने लाना जरूरी है।

# प्रेस क्लब बाराद्वार में 8 दिसंबर को होगा एक दिवसीय जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले के बाराद्वार शहर की नवगठित प्रेस क्लब द्वारा आगामी 8 दिसंबर 2021 दिन- बुधवार को सुबह 11.00 बजे से शाम 06 बजे तक मंगल भवन रेस्ट हाउस के पास बाराद्वार में एक दिवसीय जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं विशिष्ट सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है, उक्तआशय की जानकारी देते हुए प्रेस क्लब बाराद्वार के नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील जिंदल एवं सचिव दीपक ठाकुर ने बताया कि 8 दिसंबर को आयोजित सम्मेलन को लेकर आयोजन समिति एवं प्रेस क्लब के पदाधिकारी सदस्य जुटे हुए हैं, तथा 8 दिसंबर को सुबह 11.00 बजे से प्रथम सत्र होगा जिसमें उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास होंगे,तथा इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरविंद अवस्थी रायपुर, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव, जांजगीर चांपा के विधायक एवं




छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के महामंत्री नारायण चंदेल,अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौरभ सिंह, नगर पंचायत बाराद्वार की अध्यक्ष रेशमा विजय सूर्यवंशी, प्रेस क्लब कोरबा के अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल एवं रायगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष हेमंत थवाईत होंगे,वही दोपहर 3.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक सम्मेलन का द्वितीय सत्र होगा, जिसमें समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, कार्यक्रम की अध्यक्षता जैजैपुर विधायक केशव प्रसाद चंद्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा जिला पंचायत की अध्यक्ष यनीता यशवंत चंद्रा, नगर पंचायत बाराद्वार की अध्यक्ष रेशमा विजय सूर्यवंशी, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के विधायक प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मनहरण राठौर, नगर पंचायत बाराद्वार के उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, प्रेस क्लब रायपुर के अध्यक्ष दामू आम्बेडरे, प्रेस क्लब बिलासपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र गहवई, छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित हद्द2ह्य24 चैनल के मनोज सिंह बघेल, छत्तीसगढ़ ईटीवी भारत के प्रमुख प्रवीण सिंह, छत्तीसगढ़ स्वराज एक्सप्रेस के प्रमुख संजय उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र पाठक बिलासपुर, एवं ज़ी न्यूज़ छत्तीसगढ़ के प्रमुख देवेश तिवारी होंगे, प्रेस क्लब बाराद्वार के तत्वाधान में आयोजित इस एक दिवसीय पत्रकार सम्मेलन को लेकर बृहद रूप से तैयारियां की जा रही हैं। तथा दोपहर 1.00 से 2.00 बजे तक कराओके क्लब के द्वारा आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम भी दिया जाएगा, एवं दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे तक भोजन विश्राम होगा,उपरोक्त आयोजन को लेकर प्रेस क्लब बाराद्वार के संरक्षक संजय शर्मा, प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष सुनील जिंदल,उपाध्यक्ष ऋषि वैष्णव, उपाध्यक्ष संतोष यादव, सचिव दीपक ठाकुर, विधि सलाहकार शिव शर्मा,सहसचिव जितेंद्र दास,सहसचिव सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज जिंदल एवं प्रचार मंत्री निशीथ तिवारी प्रमुख रूप से जुटे हुए हैं,साथ ही प्रेस क्लब बाराद्वार के अध्यक्ष सुनील जिंदल ने जांजगीर-चांपा जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकार साथियों को इस एक दिवसीय आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

# भूपेश सरकार ने स्व सहायता समूह का काम सौंपा सरकारी एजेंसी को

- **जिले के 50 समूहों के सामने रोजी रोटी का संकट**
- **महिला समूहों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा स्व सहायता समूह का काम एक सरकारी एजेंसी को दिए जाने के बाद अकेले रायगढ़ जिले की 50 से अधिक महिला स्व सहायता समूह की सैकड़ो महिलाओं के सामने बेरोजगारी का संकट खड़ा हो गया है और इस मुद्दे को लेकर पीड़ित स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उनके काम को वापस पुराने तरीके से लेने का आग्रह किया है।

इस दौरान पूर्व आईएएस अधिकारी व भाजपा नेता ओपी चैधरी ने भी पीड़ित महिलाओं की इस आवाज का समर्थन करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम गलत है।

इस आदेश के चलते बरसो से काम कर रहीं महिला स्व सहायता समूह की हजारों महिलाओं के सामने बेरोजगारी का संकट खडा हो गया है।

इस मुद्दे को लेकर वे महिलाओं के साथ खड़े हैं। उनका यह भी कहना है कि महिलाएं इस मुद्दे पर सड़क पर उतरकर विरोध कर रही हैं। राज्य सरकार को चाहिए कि तत्काल इस मामले में अपने नए आदेश को वापस लेकर महिलाओं के साथ न्याय करें।

# वरमाला के बाद दूल्हे वालों ने 10 लाख की कर दी मांग, लड़की वालों की मिन्नतों के बाद भी लौट गई बारात, थाने पहुंचा मामला

## वर पक्ष का आरोप वधू पक्ष की ओर से हमें बेइज्जत किया गया इसलिए हम लौटे

पायनियर संवाददाता ≺ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के सरहदी क्षेत्र झारखंड से लगे लोदाम चौकी क्षेत्र में सोमवार रात शादी समारोह में एक अजीबो गरीब घटना घटी। जिले के तपकरा से गई बारात बगैर दुल्हन लिए बारातियों और दूल्हे के साथ वापस लौट गई। वधु पक्ष की ओर से लाख मिन्नतें करने के बाद भी वर पक्ष के लोग मानने से इंकार करते रहे और दूल्हा को अपने साथ लेकर बारात वापस लेकर अपने घर तकपरा आ गए। वधु और उनके परिजनों का घटना के बाद से रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद से ही गांव में गम का माहौल है। वधु के पिता और भाई के साथ ही उनके जीजा और अन्य रिश्तेदार पुलिस के पास पहुंचकर वर पक्ष के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि मामला दहेज प्रताड़ना को लेकर जुड़ा है। पुलिस शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच में जुटी है।

### इस तरह बढ़ता गया दहेज का लालच

इस संबंध में वधु पक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक उन्होंने एसपी और कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि अजय कुमार गुप्ता पिता राधेश्याम गुप्ता ग्राम लोदाम निवासी अपनी पुत्री का रिश्ता तपकरा निवासी कुलेंद्र गुप्ता के पुत्र नितेश गुप्ता से एक वर्ष पूर्व किया था। लॉक डाउन की वजह से शादी में विलंब हुआ। तिथि और मुहूर्त के बाद 29 नवंबर को शादी की तारीख तय की गई। तय दिनांक को बारात तपकरा से लोदाम पहुंची।

इससे पहले रिश्ता के दौरान ही 7 लाख रुपए नगद वर पक्ष को दिया जा चुका है और 5 लाख रुपए के दहेज के सामान की खरीदी की गई थी जिसे तिलक में दिया गया। इसके बाद वर पक्ष ने बारात लेकर लोदाम पहुंचे। शादी की पूरी तैयारी हो चुकी थी। खुशी-खुशी वर माला का कार्यक्रम हो गया। आगे के रस्म अदायगी के लिए वर पक्ष को बोला तभी उनके लोगों ने 10 लाख रुपए और देने या गाड़ी या चेक या फिर आश्वासन देने की मांग पर अड़ गए। अजय गुप्ता स्वयं और उनके पुत्र व उनके दामाद व रिश्तेदार भी वर पक्ष के सामने हाथ जोड़कर मिन्नतें की पर कोई भी बात मानने को तैयार नहीं था। और अंततः गहराते विवाद के बीच वर पक्ष रात में ही बारात लेकर लौट गए।

### वर पक्ष ने कहा हमसे दुर्व्यवहार हुआ

लोदाम से बारात वापस लेकर लौटने के दौरान वर पक्ष की ओर से दूल्हा नितेश गुप्ता ने सिटी कोतवाली में एक सूचना देकर बताया कि वधु के पिता अजय गुप्ता के द्वारा मेरे रिश्तेदारों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा था। गाली-गलौज की जा रही थी और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। वहां माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा था। तनाव की स्थिति निर्मित हो रही थी और बीच-बचाव का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था इसलिए मैं सभी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वहां से निकल जाना ही उचित समझा और नजदीकी लोदाम चौकी में सूचना न देकर कोतवाली में सूचना दे रहा हूं। उन्होंने कहा मुझे वधु से कोई शिकायत नहीं है अगर वह चाहती है तो मैं शादी करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने सूचना पत्र में कहा मुझे कार्रवाई नहीं चाहिए है।

> शादी के बिना बारात वापस लौट जाने की घटना की जानकारी मिली है। वर और वधु दोनों पक्षों का कथन लिया जा रहा है। निष्कर्ष में पहुंचने के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
> **विजय अग्रवाल,** एसपी जशपुर

# आज से 135 केंद्रों में समर्थन मूल्य पर होगी धान खरीदी की शुरुआत 8 हजार से अधिक नए और पंजीकृत किसान सरकार को बेचेंगे धान

पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com

1 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत होने वाली हैं। जिसकी तैयारियां कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में पूरी कर ली गई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे लगातार बैठके लेकर सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देशित करते रहे हैं। साथ ही कमियों को दुरुस्त करने की बात भी कहते रहे हैं। इतना ही नही स्वंय कलेक्टर एवं एसपी ने अंदरूनी क्षेत्रों के खरीदी केंद्रों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया हैं। कलेक्टर जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने बालोद ब्लॉक के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों पिपरछेड़ी, निपानी, खपरी, लाटाबोड़ और सांकरा(ज.) का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में बारदाना की उपलब्धता, कांटा-बाट, स्टेकिंग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, नमी मापक यंत्र, केप कव्हर आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को परेशानी न हो। उल्लेखनीय हो कि जिले में इस बार 9 नए खरीदी केंद्र सुरडोंगर, पटेली, खरथुली, माहुद/अ, कन्याडबरी, सिंगारपुर एवं खपरी बनाये गए है। जिसके बाद खरीदी केंद्रों की संख्या कुल 135 हो गई है। पिछले साल 1 लाख 30 हजार 880 किसानों ने धान बेचा था, लेकिन इस बार 1 लाख 38 हजार 984 पंजीकृत किसान धान बेच पाएंगे। 8 हजार से अधिक नए पंजीकृत किसानो की संख्या भी बड़ी है। वही इस वर्ष 59 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 7 लाख क्विंटल अधिक है।

पिछले 2020-21 वर्ष में 52 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था।



**कोविड-19 के गाइडलाईन का पालन जरूरी-कलेक्टर**

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में कोविड-19 के गाइडलाईन का पालन जरूरी है। उपार्जन केन्द्रों में हाथ धोने के लिए साबुन और पानी की व्यवस्था, मास्क का उपयोग व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य कराए। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में चेक लिस्ट अनुसार साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, कम्प्यूटर सेट, जनरेटर, नमी मापक यंत्र, कांटा-बाट, केप कव्हर, बारदाना, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, हमाल, डनेज, आवश्यक सूचनाओं के प्रदर्शन हेतु बैनर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में ड्यूटी लगाए गए नोडल अधिकारी व प्रभारी अधिकारी जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें।

**कानून व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर दिये आवश्यक निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का का कार्य एक दिसम्बर से शुरू होगी। धान खरीदी के लिए पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है। धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी टीम बनाकर संयुक्त रूप से धान खरीदी केन्द्रों का भ्रमण करें। कोचियों और बिचौलियों द्वारा अवैध धान परिवहन या वि य करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

# 16 दिसंबर को सेल में हड़ताल, सीटू ने दिया नोटिस

पायनियर संवाददाता ≺ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



एनजेसीएस की मूल अवधारणा के खिलाफ सेल प्रबंधन द्वारा बहुमत के आधार पर किए गये आधे अधूरे वेतन समझौते से सेल कर्मचारी बेहद खफा व आक्रोशित हैं।इस समझौते में कई कर्मचारी विरोधी प्रावधानों के कारण सीटू ने समझौते पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है। फिर भी प्रबंधन ने तीन यूनियनों द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू के आधार पर वेज रिवीजन आदेश जारी कर नया वेतनमान लागू कर दिया है। जिससे कर्मचारियों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं अधिकारियों का समग्र वेतन संशोधन लागू कर पूर्ण लाभ दिया गया है। सेल प्रबंधन की इस प्रकार कर्मचारी विरोधी भेदभाव पूर्ण नीति के खिलाफ सीटू ने पूरे सेल मे 16 दिसंबर 2021 को हडताल की घोषणा कर दी है। जिसके लिये आज 29 नवम्बर को सेल की सभी इकाइयों में हडताल नोटिस प्रबंधन को दिया गया है। इसी तारतम्य मे 29 नवम्बर को स्थानीय हिन्दुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू के नेतृत्व मे खदान कर्मियों ने माइंस आफिस गेट के समक्ष दो घंटे तक प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए प्रबंधन को हड़ताल का नोटिस सौंप दिया। प्रदर्शन के दौरान यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि वेतन वार्ता प्रारंभ होते ही सीटू ने स्पष्ट तौर पर मांग की थी कि 1 जनवरी 2017 से पूरा एरियर्स, ग्रेज्युटी सीलिंग, व ठेका श्रमिकों की वेतन बढ़ोत्तरी के मामले मे प्रबंधन की स्पष्ट राय के बिना समझौता करना सेल कर्मचारियों के हित मे नहीं होगा । फिर भी प्रबंधन की कुटिल चाल में फंसकर तीन यूनियनों ने जो समझौता किया उसमें कर्मचारियों को 40 माह के एरियर्स की लाखों रूपये की राशि नहीं मिल पायी।ओपेन एंडेड स्केल न होने से 3त्न इंक्रीमेंट का पूरा लाभ भी नहीं मिला।कर्मचारियों को मिलने वाली सभी प्रकार की सब्सिडी भी बंद कर दी जा रही है । 10 वर्षीय समझौता होने के बावजूद मात्र 13त्न एमजीबी जिसपर सीटू को छोड़ कर अन्य सभी यूनियन ने सहमति दिया था इसके साथ न्यूनतम 28त्न पर्क्स भी नहीं मिला। अधिकारियों को पर्क्स एरियर्स का भुगतान अप्रैल 2020 से किया गया है और कर्मचारियों को यह राशि 18 नवम्बर 2021 से भुगतान की गई है।

# 9 को 108 ग्राम में और 10 दिसंबर को कवर्धा में होगा भगवा ध्वजारोहण

**थानखमरिया/कवर्धा।** देश के अनेक तीर्थ स्थानों से अलग-अलग मठ, अखाड़ा से कवर्धा में भगवा ध्वजारोहण कार्यक्रम में सम्मिलित होने महामंडलेश्वर, सन्यासीगण, संतगण कवर्धा पहुँचने वाले हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए शङ्कराचार्य जन कल्याण न्यास के प्रबंध ट्रस्टी चन्द्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि शङ्कराचार्य जनकल्याण न्यास ने निर्णय लिया है कि कबीरधम जिले के 108 ग्राम का चयन हो चुका है, जिसमें 21 फुट के स्तंभ में भगवा ध्वजारोहण होना है, जिसमें किस ग्राम में कौन सन्यासी, महामंडलेश्वर, ब्रम्ह्चारी, संतगण, महंतगण जाएंगे तय हो चुका है। ग्राम प्रभारी का निर्णय भी हो चुका है। 108 ग्राम में दिनांक 09 दिसंबर को मध्यान्ह 3.45 बजे एक ही समय में सभी ग्राम में एक साथ ध्वजारोहण किया जायेगा, जिसमें सभी ग्रामवासी उपस्थित होकर ग्राम में भगवा ध्वजारोहण में शामिल होंगे, साथ ही 10 दिसंबर को कवर्धा में आयोजित 108 फीट के स्तंभ में होने वाले भगवा ध्वजारोहण कार्यक्रम का निमंत्रण सभी ग्रामवासियो को देंगे एवं धर्मध्वज के विशेषता के उपर प्रवचन करेंगे। सभी संतगण जो कवर्धा पधारने वाले है जो 108 ग्राम जायेंगे, उनके आवास व्यवस्था हेतु कवर्धा नगर में 108 गृह का भी चयन हो गया है। कवर्धा में 10 दिसंबर को आयोजित 108 फीट के स्तंभ में भगवा ध्वजारोहण संपूर्ण भारत वर्ष का यह सबसे बड़ा स्तंभ में धर्मध्वज होगा । विश्व के कोई भी शहर या ग्राम में इतने ब? स्तंभ में स्थायी धर्मध्वज कही नहीं लगा है।

# 16MP AI ड्यूल रियर कैमरा, 4+64 जीबी स्टोरेज और इंडियन लैंग्वेज सपोर्ट के साथ टेक्नो नया स्पार्क 8 वेरियंट लॉन्च किया

**रायपुर।** 10,999 रुपये की कीमत में उपलब्ध, स्पार्क 8 में बेहतरीन मेटल कोडिंग डिजाइन, ज्यादा बड़ा डिस्प्ले और हाई डेफिनेशन कैमरा है। इसमें 4+64 जीबी स्टोरेज है। इस फोन को नए भारत के जेनरेशन जेड ग्राहकों को संपूर्ण रूप से स्मार्टफोन का अनुभव देने के लिहाज से डिजाइन किया गया है, लॉन्च ऑफर्स में 799 रुपये की कीमत का मुफ्त ब्लूटुथ ईयरपीस, वन-टाइम स्क्रीन रिप्लेसमेंट शामिल है, यह नया स्मार्टफोन देश भर के सभी रिटेल स्टोर्स में आज से बिक्री केलिए उपलब्ध होगा, ग्लोबल प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रैंड टेक्नो ने अपनी सबसे लोकप्रिय स्पार्क सीरीज के तहत ऑल-न्यू 4+64 जीबी स्टोरेज वैरिएंट स्पार्क 8 को लॉन्च किया। इस वैरिएंट में सेग्मेंट में पहली बार कई फीचर्स दिए जा रहे हैं। इसका दाम 10,499 रुपये है। इस फोन में 16 एमपी एआई ड्यूल रियर हाई रेजोल्यूशन कैमरा, शानदार व्यूईंग के लिए 269 पीपीआइ स्क्रीन पिक्सल डेंसिटी के साथ 6.56 इंच का ज्यादा बड़ा डिस्प्ले, ताकतवर हेलियो जी25 प्रोसेसेर और बेहतर इंडियन लैंग्वेज सपोर्ट जैसे कई सेगमेंट अग्रणी फीचर्स शामिल है। स्पार्क 8 को ग्रेटर भारत के लिए शानदार स्मार्टफोन अनुभव देने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। टेक्नो के लेटेस्ट स्पार्क 8 4+64 जीबी वैरिएंट को हमेशा बिजी रहने वाले नए भारत के जेनरेशन जेड उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। ये फोन इन उपभोक्ताओं की तमाम जरूरतों को पूरा करता है। चाहे वह मनोरंजन के लिए बिना किसी रुकावट के कंटेंट की खपत की जरूरत हो या रोजाना प्रोफेशनल अंदाज में मल्टी टास्किंग का अनुभव। ब्रैंड के सिद्धांतों के अनुरूप स्पार्क 8 को कैटिगरी को परिभाषित करने वाले फीचर्स से लैस किया गया है। इसमें सेगमेंट में पहली बार 6.56 इंच का एचडी+डिस्प्ले दिया गया है। गेम्स खेलने के दौरान आसानी से मोबाइल को चलाने के लिए इसमें120 हटर्ज का टच रेस्पॉन्स दिया गया है। टेक्नो की स्पार्क सीरीज को अपने बेहतरीन कैमरा, डिस्प्ले और अफोर्डेबल सेगमेंट में ऑल इन्क्लूसिव स्मार्टफोन का अनुभव प्रदान करने के लिए समग्र रूप से डिजाइन किया गया है। नया वैरिएंट बेहतर इंडियन लैंग्वेज सपोर्ट फीचर के साथ भी आता है। इससे उपभोक्ताओं को अपनी स्थानीय भाषा में आसानी से और खुलकर बातचीत करने की सुविधा मिलती है। नया स्मार्टफोन तीन नए वाइब्रैंट रंगों में उपलब्ध है, जिसमें अटलांटिक ब्लू, टरक्वॉइज़ सायन औरआइरिश पर्पल शामिल हैं।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के कारण स्व सहायता समूह हुए बेरोजगार: विक्रम ध्रुवे



**दल्लीराजहरा।** जिलाध्यक्ष अनु. जनजाति मोर्चा व सांसद प्रतिनिधि विक्रम ध्रुवे ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने रेडी टू ईट मामले में लगभग 20 हजार महिला समूह से काम छीनकर कर एक करोड़पति ठेकेदार को काम दे दिया है ।एक ही व्यक्ति को व्यापार देने के कारण 20 हजार स्व सहायता समूह का काम बंद करना सरकार की सोच को उजागर करता है। श्री ध्रुवे ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना से 7लाख 60 हजार प्रधानमंत्री आवास गरीबों को मिलना था जिसमें छत्तीसगढ़ का 11 हजार करोड़ का लाभ होता ।यह योजना वापस चली गई क्योंकि इसके लिए राज्य सरकार के पास पैसा नहीं है । श्री ध्रुवे ने कहा कि राज्य सरकार के पास शराब पिलाने और शराब के ठेकेदारी के लिए पैसा है लेकिन गरीबों के आवास के लिए उनके पास पैसा नहीं है ।उन्होंने कहा कि सरकार अपने वादों के विपरीत काम कर रही है धान खरीदी के लिए बारदाने के संकट को लेकर विक्रम ध्रुवे ने कहा कि 15 वर्ष तक राज्य में भाजपा की सरकार थी लेकिन कभी एक दिन भी बारदाने का संकट राज्य में नही आया है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार हर चीज के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोषी करार देती है, यह बिल्कुल गलत बात है। कांग्रेस की भूपेश सरकार को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

# जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में 14 करोड़ 55 लाख 16 हजार रूपये की विभिन्न कार्यो की स्वीकृति का अनुमोदन

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर वसंत ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेस्टोफिटिंग ऑनलाईन निविदाओ, निविदाओं की स्थिति और पाईप लाईन के माध्यम से हर घर जल आदि कार्यो की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन अभियंता तथा जिला जल एवं स्वच्छता मिषन के सदस्य सचिव संजीव बृजपुरिया को आवष्क निर्देष दिये। इस अवसर पर एकल ग्राम योजना के तहत तकनीकी स्वीकृति उपरांत 14 करोड़ 55 लाख 16 हजार रूपये की विभिन्न कार्यो की प्रषासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। अनुमोदित कार्यों में विकास खण्ड पथरिया के ग्राम करही के लिए 01 करोड़ 16 लाख 06 हजार, ग्राम रौनाकापा के लिए 01 करोड़ 27 लाख 48 हजार, ग्राम खपरी (ढ़ोढापुर) के लिए 01 करोड़ 20 लाख 52 हजार, ग्राम तुमाढेटा के लिए 01 करोड़ 23 लाख 27 हजार और विकास खण्ड लोरमी के ग्राम घठेली के लिए 01 करोड़ 34 लाख 31 हजार, ग्राम रबेली के लिए 01 करोड़ 52 लाख 04 हजार, ग्राम बैजलपुर के लिए 01 करोड़ 14 लाख 14 हजार, ग्राम भस्करा के लिए 01 करोड़ 13 लाख 30 हजार, ग्राम चरनीटोला के लिए 87 लाख 51 हजार, ग्राम कुम्हरौली के लिए 01 करोड़ 07 लाख 81 हजार, ग्राम नवागांव ठेल्का के लिए 01 करोड़ 16 लाख 65 हजार और ग्राम सिंघनपुरी के लिए 01 करोड़ 22 लाख 07 हजार रूपये के विभिन्न कार्य शामिल है।

### दिव्यांग महिला को ट्राईसायकल भेंट किया

**मुंगेली।** जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर की मानवता एक बार फ़िर सामने देखने को मिली जब एक बुज़ुर्ग दिव्यांग महिला की दास्तान सुनने के बाद उन्होंने उसे मदद करने का विश्वास दिलाया और अगले दिन उक्त दिव्यांग महिला को बुलाकरएक ट्राईसाईकिल एवं कम्बल भेंट किया उनकी चेहरे में वह उत्साह और ख़ुशी देखकर कहा कि उक्त महिला महिला के चहरे में आई शकुंन से मुझे भी आत्मीय रूप से ख़ुशी महसूस होता है।

# अनुराग कोचिंग सेंटर का नंद कुमार बघेल ने किया लोकार्पण



**मुंगेली।** जिला के अंतर्गत जरहागांव में अनुराग कोचिंग सेन्टर के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के पिता नंद कुमार पटेल पहुंचे। अनुराग कोचिंग सेन्टर के लोकार्पण कार्यक्रम जरहागांव के अनुराग सेन्टर के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के पिता नदकुमार बघेल रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला पंचायत के अध्यक्ष लेखनी चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि कुर्मी राज कुमार कश्यप संस्था के प्रबंधक एव संचालिका सुभद्रा कश्यप रही। कार्यक्रम का शुभारंभ धुप दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण कु एंजल वानी एव स्कूल के स्थापना एव कोचिंग के विषय पर सस्था के संचालिका ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से शाला के शिक्षिका कु प्रीयंका ठाकुर, कु.जननी ठाकुर, स्मिता बजारे, पार्वती कश्यप, चन्द्रकुमार कश्यप, आशुतोष कश्यय , सरपंच घीर सिंग बजारे, सदाराम कश्यप, कृष्णा साहु, शलेन्द्र राठौर, ऋषि कश्यप, एस डी ई ओ .रमाशंकर कश्यप, रामकुमार कश्यप, पत्रकार शशीकांत लाल, मन्नु कश्यप, नीलकंठ कश्यप, नानक आदि सभी उपस्थित रहे।


**संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व**
**रायपुर-छत्तीसगढ़**
दूरभाष : 0771-2537404, टेलीफैक्स 0771-2234731
ई-मेल : deptt_culture@yahoo.co.in वेब साइट : www.cgculture.in

क्रमांक 506/.../अनु/स.पु./2021 रायपुर, दिनांक-27/11/2021

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (अंक/शब्दों में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | राज्य संरक्षित स्मारक किरारीगोढ़ी, जिला-बिलासपुर में अनुरक्षण कार्य। | 6,55,923/- (छः लाख पचपन नौ सौ तेईस मात्र) | 13.12.2021 |
| 2. | संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व में पुराने महिला कामन रूम को तोड़कर नवीन आर.सी.सी. युक्त महिला कामन रूम निर्माण, फाल्स सिलिंग, लाईटिंग एवं पेंटिंग कार्य। | 7,93,649/- (सात लाख तिरान्बे हजार छः सौ उन्चास मात्र) | 13.12.2021 |
| 3. | राज्य संरक्षित स्मारक फणिकेश्वर नाथ मंदिर, फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद में रिपेयरिंग एवं अन्य कार्य। | 1,96,778/- (रू. एक लाख छियान्वे हजार सात सौ अठहत्तर) | 13.12.2021 |
| 4. | राज्य संरक्षित स्मारक कपिलेश्वर मंदिर समूह एवं बावड़ी, बालोद, जिला-बालोद में रिपेयरिंग एवं अन्य कार्य। | 2,00,557/- (रू. दो लाख पांच सौ सन्तावन) | 13.12.2021 |
| 5. | उत्खनन स्थल महेशपुर, जिला सरगुजा में निर्मित शेड, बाउंड्रीवाल, ग्रील, गार्डरूम में पेंटिंग कार्य। | 1,94,172/- (रू. एक लाख चौरान्वे हजार एक सौ बहत्तर) | 13.12.2021 |

निविदा के सामान्य शर्ते विस्तृत निविदा विज्ञप्ति एवं निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
(विभाग के वेबसाईट में प्रसारित करने हेतु)

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व

G- 65466/3



**Bandhan Bank**
रीजनल ऑफिस : नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-6.
फैक्स: +91-79-26560649 | टोल फ्री नं.: 18002335300
Website: www.bandhanbank.com

**बिक्री सूचना सह निविदा आमंत्रण**

इसके द्वारा आम जनता और विशेष रुप से ऋणकर्ताओ को बिक्री सूचना सह निविदा के लिए आमंत्रण दिया जाता है कि गृह **(अब ''बंधन बैंक'')** के पास गिरवी रखी गई नीचे बताई गई अचल संपत्ति की बिक्री हो रही है। संपत्ति की बिक्री के लिए आवश्यक जानकारी अनुसूची में दी गई है।

| ऋणी का(के) नाम, लोन खाता नं., कब्जे की दिनांक और निविदा रेफ. नं. | बेची जाने वाली संपत्ति का वर्णन (सुरक्षित आस्ति) | सिक्योर्ड डेब्ट मांग की सूचना के दिनांक और 31.10.2021 के अनुसार (रू. में) की राशि, जिसमें कर्जदार द्वारा भुगतान योग् राशि, मांग पत्र से संबंधित दिनांक तक के अतिरिक्त ब्याज, खर्च, शुल्क आदि सहित की राशि शामिल है | रिजर्व प्राइस और देय ईएमडी |
|---|---|---|---|
| श्री तरविंदर सिंह सिंधु<br>श्रीमती मिलजीत सिंधु<br>लोन खाता नंबर: 861/695<br>05.01.2021<br>861-1043 | सभी चल और अचल संपत्ति पी.एच. नंबर 13/18, खसरा नंबर 65/2 भाग, बंगलो नंबर 61, वार्ड नंबर 14, राजमहल टाउन्स, कैलास नगर के पास, भिलाई, तहसील और जिला दुर्ग स्थित है और जिसकी चतुर्सीमा निम्नलिखित है:<br>उत्तर: प्लॉट नंबर 60, पूर्व: 25 फिट सड़क<br>पश्चिम: रस्तोगी की भूमि, दक्षिण: प्लॉट नंबर 62 | रू.23,28,317.30 जो डिमान्ड नोटीस कि दिनांक 12.10.2018 के अनुसार एवं दिनांक 31.10.2021 के दिन, रू.33,09,807/- | रू.20,93,000/- ईएमडी ओफर मूल्य के 10 प्रतिशत |
| श्री जागीर सिंह चीमा<br>श्रीमती रंजीत कौर<br>लोन खाता नंबर: 861/323<br>24.02.2020<br>861-1003 | सभी चल और अचल संपत्ति खसरा नंबर 627/11 पी.एच. नंबर 13/18, जमुल, वार्ड नंबर 13, लवेकुश नगर, ए.सी.सी. प्लान्ट के पास, जिला जमुल, दुर्ग, भिलाई स्थित है और जिसकी चतुर्सीमा निम्नलिखित है: उत्तर: रधुबीर और अन्य द्वारा बेची गई जमीन, पूर्व: सड़क, पश्चिम: मद्रासी का घर, दक्षिण: मद्रासी का घर | रू.19,82,514.33 जो डिमान्ड नोटीस कि दिनांक 13.08.2018 के अनुसार एवं दिनांक 31.10.2021 के दिन, रू.29,66,304/- | रू.23,50,000/- ईएमडी ओफर मूल्य के 10 प्रतिशत |

निविदा खोलने का दिनांक और ऊपर वर्णित संपत्ति के अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं.

| | |
|---|---|
| निविदा फॉर्म शुल्क | रू. 100/- प्रति निविदा उपर वर्णित संपत्ति के लिए ''बंधन बैंक लिमिटेड'' के पक्ष में बेन्कर्स चैक/डीमान्ड ड्राफ्ट द्वारा भुगतान (नोन-रीफंडेबल) |
| संपत्तियों के निरीक्षण की दिनांक | दि. 21.12.2021 को सुबह 10:00 से सायं 5:00 के बीच |
| निविदाएं प्राप्त करने के लिए अंतिम दिनांक और समय | 10.01.2022 को सांय 5 बजे तक बंधन बैंक लिमिटेड के रीजनल कार्यालय, नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ता के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380 006 |
| देय अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) | प्रस्तावित मूल्य का 10% निविदा के साथ ''बंधन बैंक लिमिटेड'' के पक्ष में बने बैंकर्स चेक/डिमांड ड्राफ्ट द्वारा देय |
| निविदाएँ खोलने का दिनांक और स्थान | बंधन बैंक के रीजनल कार्यालय में 13.01.2022 को निविदाएं खोली जाएंगी |
| निविदा उपलब्धता का स्थान | **बंधन बैंक लिमिटेड,- दुर्ग शाखा**<br>पहली मंज़िल, केसरी कुंज, मोहन नगर थाना के सामने, स्टेशन रोड, गुरुद्वारा रोड़, दुर्ग - 491001, छत्तीसगढ<br>संपर्क व्यक्ति(यों) के नाम : श्री आशीष साहू: 7898053974, श्री तुषार मिश्रा: 9329960006 |

सिंपत्ति की बिक्री **''जहाँ है जैसे है''**, **''जैसे है वैसे''**, **''कोई तबदीली नहीं''** और **''वहाँ जो भी है''** के आधार पर की जाएगी। संपत्ति को आरक्षित मूल्य (रिजर्व प्राइस) से नीचे नहीं बेचा जा सकता है । बैंक यह स्वीकार करता है कि बैंक में गिरवी रखी गई उपरोक्त संपत्ति के खिलाफ कोई भी मुकद्दमा, विवाद फाइल किए जाने की अथवा पेन्डिंग होने की कोई सूचना हमें प्राप्त नहीं हुई है। ऋणकर्ता/गिरवीदार गिरवी संपत्ति को SARFAESI ACT की धारा 13 (8) के तहत बिक्री निश्चित होने की तारीख तक वापिस पा सकते हैं। बिक्री सूचना सह निविदा आमंत्रण के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.gruh.com\tender देखें।

दिनांक: 01/12/2021
स्थान: दुर्ग

बंधन बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

# 80 लाख क्विंटल धान खरीदी की मुहिम पर बारदाने का संकट अब भी बरकरार, जल्द नई खेप न आने पर ठप्प पड़ सकती है खरीदी

- अपनी ही उपज बेचने दोहरी मार झेल रहे किसान, उपार्जन केंद्रों अब भी बारदाने का पर्याप्त स्टॉक नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



आज से धान खरीदी की शुरुआत होनी है। प्रशासन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि सबसे पहले उन्हीं किसानों के धान खरीदे जाएंगे जो स्वयं के बारदाने लेकर आएंगे। इसे लेकर किसानों की दिक्कतें और बढ़ गई है। बाजार में बारदाने की कीमत काफी ज्यादा है और शॉर्टेज भी। देखा जाए तो बारदाने सोसईटियों से उपलब्ध न होने के चलते प्रति 40 किलो धान की रकम पर किसानों को 17 रुपए की चपत लगेगी। एक बारदाने की कीमत बाजार में 35 से 40 रुपए तक है। जबकि शासन से उस बारदाने के एवज में 18 रुपए ही मिलने हैं।

बताया जा रहा है कि जिले भर के 145 उपार्जन केंद्रों को बारदाने उपलब्ध कराए गए हैं लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। कम मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराए गए हैं जिसके चलतेकई केंद्रों में एक हफ्ते के बाद ही खरीदी प्रभावित होने की आशंका है। उम्मीद की जा रही है कि ऐसी स्थिति बनने से पहले ही बारदाने मिल जाएं ताकि विपरित स्थितियां न निर्मित हो। प्रशासन ने तय किया है कि किसानों को 25 प्रतिशत बारदानों की व्यवस्था खुद करनी है लेकिन फिलहाल सहकारी समितियों के पास इतने भी बारदाने नहीं है कि वे शेष 75 प्रतिशत बारदानों की पूर्ति कर सके। इस स्थिति को भांपते हुए सहकारी समितियों ने 50-50 का रेश्यो तय कर लिया है। किसानों से कहा जा रहा है कि वे बारदानों की किल्लत को देखते हुए 50 प्रतिशत बारदाने खुद लाएं। किसानों के लिए ये दोहरी मार है।गौरतलब है कि जिले में 80 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**2 लाख से ज्यादा किसान बेचेंगे फसल-** 22 दिनों कि सहकारी कर्मियों की हड़ताल के चलते उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की तैयारियां पिछड़ गई थी। कई किसानों का पंजीयन भी नहीं हो सका। इन सबके बाद एक दिसंबर से धान खरीदी शुरु हो जाएगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी खरीदी का लक्ष्य बढ़ा दिया गया है। जिले में इस बार किसानों की नए किसानों की संख्या भी बढ़ी है। कुल 2 लाख 12 हजार 615 किसान अपनी उपज केंद्रों में बेचने की तैयारी में हैं। खरीदी से पहले ही समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी को लेकर निर्देशों को दोहराया है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने बैठक में कहा कि सभी धान खरीदी केन्द्रों में एक दिसंबर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। इसके लिए सभी व्यवस्था पूरी होनी चाहिए। किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध होना चाहिए। किसान पहले दिन से ही अपने बारदाने में धान का विक्रय कर सकेगें।

**145 केंद्रों में होगी खरीदी-** 145 धान खरीदी केन्द्रों में लगभग 80 लाख क्विंटल धान की खरीदी की संभावना है। पिछले वर्ष 1 लाख 96 हजार किसानों ने अपने धान का विक्रय किया था। इस वर्ष 2 लाख 12 हजार 615 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष किसानों की संख्या और धान की मात्रा में बढ़ोत्तरी हुई है। कलेक्टर ने धान खरीदी के बाद से ही धान का उठाव प्रारंभ करने के निर्देश दे रखे हैं। खरीदी केन्द्र में भण्डारित समस्त धान के उठाव के लिए आवश्यक परिवहन व्यवस्था करने के निर्देश उन्होंने कुछ दिनों पहले उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान दिए थे।

**बारदाना के एवज में मिलेंगे 18 रुपए -** किसान पहले दिन से ही अपने बारदाने में धान का विक्रय करेंगे। उन्हें 25 प्रतिशत बारदाना लाना होगा। स्वयं के बारदाने वाले किसानों को धान खरीदी में प्राथमिकता दी जाएगी। किसानों को 18 रूपए प्रति बारदाना की दर से भुगतान किया जाएगा। धान के भुगतान के साथ ही बारदाने की राशि भी प्राप्त होगी। किसानों द्वारा लाने वाले बारदानों का रिकार्ड रखकर एन्ट्री करें। बारदाने के लिए सुपरवाईजर लगाने के निर्देश प्रशासन ने दिए हैं।

## 4 सौ बोरा धान जप्त, पहले भी पकड़ाई खेप

धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए सीमा पर तैनात टीम ने मंगलवार को बोरतलाव की सीमा पर एक ट्रक से 400 बोरा अवैध धान की खेप बरामद की है।इससे पहले भी 21 नवम्बर की रात अंतराज्यीय जांच चौकी अंबागढ़ चौकी कल्लुबंजारी में 1 ट्रक धान पकड़ा गया था जिससे 770 बोरा धान जब्त किया गया था। वहीं 17 नवंबर को मानपुर तहसील में अवैध धान परिवहन करते हुए 2 वाहन सहित 320 क्विंटल धान और छुरिया विकासखंड में 70 कट्टा धान (28.00 क्विंटल) बिना मंडी अनुज्ञा के अवैध परिवहन किये जाने पर धान जप्त किया गया था। गौरतलब है कि प्रशासन ने दूसरे राज्यों से लगी सीमा पर 9 जांच चौकियां बनाकर अवैध धान परिवहन पर लगाने की कवायद की है। इसी के चलते महाराष्ट्र के तुमसर से उरला जा रही ट्रक से 410 बोरा अवैध धान जब्त की गई है। ट्रक चालक के पास धान परिवहन से संबंधित कोई वैधानिक दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए हैं। ट्रक चालक और परिचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।




# पंचायत सचिव ने की पत्नी की हत्या, खुद भी फांसी लगाई

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ इलाके में पत्नी की हत्या और फिरपति के फंदे में झूलने की खबर ने सनसनी फैला दी है। मंगलवार की सुबह यह खबर सामने आई।ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोटनापानी के सचिव अरुण चंद्रवंशी और उनकी पत्नी सूरज बाई चंद्रवंशी अपने कमरे में मृत पाए गए। जहां महिला का शव बिस्तर पर पड़ा था तो वहीं अरुण फंदे पर झूल रहा था। मृतक ग्राम सेंदरी निवासी अरुण ग्राम कोटनापानी में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ था। परिजनों ने बताया कि सोमवार को अरुण पंचायत ड्युटी पर गया था। वहां से वह कोविड की वैक्सीन लगवाकर घर लौटा था। रात में सभी खाना खाकर अपने-अपने कमरे में चले गए। सुबह जब अरुण और उसकी पत्नी कमरे से बाहर नहीं आए तो परिजनों ने उन्हें काफी देर तक आवाज दी। आखिर में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो दोनों का शव सामने था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन ली और पूछताछ की है। दोनों के ही शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया। हालांकि परिजनों और पुलिस दोनों के लिए ही यह हत्या और आत्महत्या की गुत्थी अनसुलझी है। परिजन भी इस घटना के बाद सकते में हैं। वहीं पुलिस ने पुष्टि की है कि मृतका की गला घोंटकर हत्या की गई है। वहीं मृतक के छोटे भाई युवराज ने किसी फोन कॉल के चलते अपने भाई के लगातार परेशान रहने की बात बताई है। उसके बयान के आधार पर अब पुलिस मृतक अरुण के सीडीआर को खंगालकर जांच आगे बढ़ाने की तैयारी में है।

# ट्रक की चपेट में आई बाईक, स्कूल जा रहे प्रभारी प्राचार्य की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

रायपुर-नागपुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में प्रभारी प्राचार्य की मौत हो गई। वहीं बाईक चला रहा उनका भतीजा गंभीर रुप से घायल हो गया। यह हादसा राजनांदगांव के नजदीक पारीनाला में हुआ। इस घटना के बाद पारीकला के ग्रामीणों ने दो बार नेशनल हाईवे जाम कर दिया। सुबह यहां तकरीबन 3 घंटे तक प्रदर्शन चलता रहा जिसके चलते लगभग 8 किमी लंबा जाम लग गया। इस प्रदर्शन के खत्म होने के बाद देर शाम मृतक के अंतिम संस्कार से पहले एक बार फिर ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए चक्काजाम कर दिया। मिडिल कट का काम अधूरा छोड़े जाने को लेकर ग्रामीण अर्थी बीच सड़क पर रख प्रदर्शन करने लगे। स्थिति दोबारा बिगड़ती दिखी तो तत्काल दोबारा काम शुरु करवाया गया। स्थिति को भांपते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर स्थिति संभाली। गौरतलब है कि पारीकला मोड़ सड़क दुर्घटनाओं के लिहाल से काफी संवेदनशील है। यहां अब तक कई सड़क हादसों में कईयों की जान जा चुकी है। पहले भी ग्रामीण यहां व्यवस्था सुधारने और स्थाई समाधान के लिए कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। लेकिन आश्वासनों के बाद भी प्रशासन ने इस ओर कभी ध्यान नहीं दिया। मंगलवार तड़के हुए सड़क हादसे के बाद ग्रामीण एक बार फिर आक्रोशित हो गए। घटना के संबंध में बताया गया कि मानपुर इलाके के ग्राम बोरिया में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य भाऊदास



रामटेके (56) अपने ग्राम पारीकला से मानपुर आना-जाना किया करते थे। मंगलवार की सुबह भी वह अपने भतीजे संजय रामटेके (22) के साथ मानपुर जाने के लिए निकले थे। इस बीच ही पारीकला मोड़ पर नेशनल हाईवे में बने छोटे मिडिल कट से गाड़ी पार कर रहा था तभी ट्रक ने दोनों का अपनी चपेट में ले लिया। घटना का समय सुबह 6बजकर 45 मिनट बताया जा रहा है। इस घटना में भाऊदास रामटेके की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं संजय को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां से उसकी स्थिति को देखते हुए उसे भिलाई रेफर कर दिया गया। देर शाम तक भी संजय की हालत में सुधार की कोई खबर नहीं है।

**प्रशासन जिम्मेदार, समाधान पर ध्यान नहीं दिया -** घटना के तुरंत बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। इस हादसे के बाद दोबारा उनका गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने चाक्काजाम कर दिया। ग्रामीण के आ ोश का कारण प्रशासन द्वारा लगातार अनसुनी की जाती रही उनकी मांगे और इसी के चलते लगातार हो रहे सड़क हादसे थे। ग्रामीणों ने बताया कि नेशनल हाईवे पर मिडिल कट बनवाने को लेकर कई कवायदें की गई। प्रशासन ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। यहां स्टॉपर भी नहीं लगाए गए हैं। जिसके चलते तेज रफ्तार से गुजरते बड़े वाहन सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रहे हैं। ग्रामीणों ने यहां सर्विस लेन की भी मांग की जो कि अब तक पूरी नहीं हो सकी है। बिफरे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे इन हादसों का जिम्मेदार प्रशासन ही है।

**तुरंत शुरु करना पड़ामिडिल कट का काम -** बिफरे ग्रामीणों का मनाने का जिम्मा डीएसपी लोकेश देवांगन ने संभाला। उनके अलावा प्रशासनिक अधिकारी और कोतवाली टीआई अलेक्जेंडर किरो सहित कई पुलिस जवान मौके पर तैनात थे। ग्रामीणों ने तीन घंटे के प्रदर्शन के बाद तत्काल नेशनल हाईवे पर मिडिल कट बनाने, स्टॉपर लगाने और ब्रेकर ठीक करने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने मृतक और घायल के लिए मुआवजे की भी मांग रखी। अधिकारियों ने उन्हें इसके लिए आश्वस्त किया जिसके बाद ही 3 घंटे का चक्काजाम खुल सका।

**देर शाम फिर बिफरे, सड़क पर अर्थी रख बैठ गए -** मृतक के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। दोपहर तीन बजे के लगभग शवयात्रा नेशनल हाईवे से होते हुए दुर्घटनास्थल से ही गुजर रही थी। इसी दौरान ग्रामीणों ने देखा कि जिस मिडिल कट का काम सुबह उनके सामने शुरु किया गया था उसे अधूरा छोड़ दिया गया है और काम बंद है। ग्रामीण फिर आ ोशित हो गए। इस बार उन्होंने बीच सड़क पर अर्थी रखकर ही दोबारा सड़क जाम कर दिया। जैसे ही इसकी सूचना मिली पुलिस अधिकारी फिर मौके पर पहुंचे। काम दोबारा शुरु करवाया गया तब जाकर प्रदर्शन खत्म हुआ। बताया जाता है कि जिस जेसीबी को मिडिल कट के काम के लिए लगाया गया था वह दोपहर को ही काम अधूरा छोड़ कर चला गया था।

# 14 लाख की वसूली और बिजली के 256 कनेक्शन काटे

- बकाया वसूलने सीएसपीडीसीएल ने चलाया अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मानपुर, मोहला, अम्बागढ़ चौकी एवं डोंगरगांव क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में डोंगरगांव संभाग के सभी वितरण केन्द्रों में बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्यवाही करते हुए ऐसे 265 विद्युत कनेक्षन विच्छेदित किये गये। इस अभियान में 161 बकायादार उपभोक्ताओं से 14 लाख 73 हजार रूपए की राषि का भुगतान भी प्राप्त किया गया।

गौरतलब है कि पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं



को निर्धारित समयावधि पर बिजली बिल के भुगतान के लिए बिल वितरण की व्यवस्था कराई जाती है। उसके बाद बिजली बिल के देयको के भुगतान में विलंब होने पर कई दफा सूचना देने के बाद भी बिल नही पटाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्षन को विच्छेदित करने की कार्यवाही की जा रही है।

**9 सौ मीटर बदले -** डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता पीसीसाहू ने बताया कि मोहला, अम्बागढ़ चौकी एवं डोंगरगांवउपसंभाग स्तर पर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 265 उपभोक्ताओं द्वारा बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर उनके विद्युत कनेक्शन काट दिए गये हैं। इस अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए नियुक्त रीडरों के द्वारा संपादित किये जा मीटर वाचन के कार्यो का भी निरीक्षण किया जा रहा है। मानपुर, मोहला, अम्बागढ़ चौकी एवं डोंगरगांव क्षेत्र के 900 उपभोक्ताओं के बंद/खराब विद्युत मीटरों को भी बदला गया है।

# किस तरह मिला संगीन आरोपों से घिरे डॉक्टर को सम्मान

- जिस डॉक्टर को हटाया गया बीएमओ पद से उसे प्रशासन सम्मानित कर चुका है
- करीब डेढ़ साल के भीतर तीन कई बार लगा आरोप, कर्मचारी इनके खिलाफ हड़ताल पर भी बैठे

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले के मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ को बीएमओ पद से हटाकर जिला प्रशासन ने अपनी जवाबदेही की इतीश्री तो कर ली। लेकिन संगीन आरोपो के कटघरे में खड़े इस डॉक्टर के मामले में कई ऐसे बड़े सवाल हैं जो प्रशासनिक कार्यप्रणाली में बड़ी लापरवाही की ओर इशारा कर रहे हैं।

दरअसल जिस डॉक्टर के ऊपर महिला कर्मचारियों ने हाल ही में संगीन आरोप लगाए हैं वो डॉक्टर अभी ही नही बल्कि पिछले डेढ़ साल से ऐसे ही आरोपो के चलते कटघरे में खड़ा है। इस बीच उसपर कड़ी कार्यवाही तो नही हो सकी लेकिन हां हुक्मरानों ने बाकायदा उसका सम्मान जरूर कर दिया। आज तौबत ऐसी आन पड़ी है कि जिसे प्रसासन ने सम्मान दिया वही प्रशासन की फजीहत का सबब बन गया है।

करीब डेढ़ साल पहले डॉ कौशिक के बीएमओ रहते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कई कर्मचारियों ने गंभीर आरोप लगाए थे। दुर्व्यवहार, अभद्रता, पक्षपात, दबाव पूर्ण रवैया, प्रताड़ना जैसे आरोप लगाते हुए ये कर्मचारी काम बंद कर अस्पताल में धरने पर बैठे रहे। उस समय भी महज उन्हें बीएमओ के दायित्व से मुक्त कर कार्यवाही की खानापूर्ति कर दी गई। कुछ समय बीएमओ पद से पृथक रहने के बाद हुक्मरानों ने दोबारा इन्हें बीएमओ बना दिया। पूर्व में कड़ी कार्यवाही के अभाव ने डॉक्टर के हौसले को बुलंद रखा और दोबारा बीएमओ बनते ही बुलंद हौसलों के साथ अपनी मनमानी में जुट गए। बीएमओ बनते ही कुछ समय बाद ये फिर से महिला कर्मचारियों से आपत्तिजनक व्यवहार के आरोपो में घिर गए। प्रशासन ने इस बार आरोपों को दरकिनार कर कोई कार्यवाही नहीं की। अब फिर से हाल ही में अस्पताल की बीपीएम व नर्स ने डॉ कौशिक पर यौन उत्पीडन् की कोशिश, गलत तरीके से छूने, आपत्तिजनक व्यहार करने, धमकाने जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। यहां तक कि मामला थाने तक भी जा पहुंचा है। डेढ़ साल से अब तक इस विवादित डॉक्टर पर ठोस कार्यवाही नही बल्कि इसी बीच इनका बाकायदा एक गरिमामस्य प्रशासनिक कार्यक्रम के बीच सम्मान किया गया।

**कार्रवाई से संतुष्ट नहीं शिकायतकर्ता -** विभागीय कार्रवाई नाकाफी मानी जा रही है। शिकायतकर्ता इससे संतुष्ट नहीं है। उनकी मांग है कि ऐसे चिकित्सकों को हटाया जाना ही एकमात्र उपाय है। पीड़ितों का पक्ष है कि जब वे अपने ही विभाग के अधिकारी-कर्मियों के साथ इस तरह की हरकतें कर सकते हैं तो दोबारा भी ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति हो सकती है। शायद किसी दिन कोई मरीज ऐसी शिकायतें लेकर सामने आए। मांग की जा रही है डॉक्टर को निलंबित कर मानपुर से हटाया जाए। ऐसा न होने की स्थिति में पीड़ितों ने पुलिस में शिकायतदर्ज कराने की भी तैयारियां कर रखी है।

# चिटफंड की संपत्तियों की नीलामी और टीकाकरण पर जोर

- समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**राजनांदगांव।** चिटफंड कंपनियों में निवेशकों की डूबी रकम वापस दिलाने की जद्दोजहद जारी है। प्रशासन ने पुलिस को चिटफंड कंपनियों का ब्यौरा उपलब्ध करवाया है। आज कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि पुलिस विभाग के माध्यम से कंपनियों को नोटिस प्रेषित की जाए। वहीं जिन कंपनियों की संपत्ति पर कार्रवाई हो गई है, उनकी नीलामी कराना सुनिश्चित करें। इसके अलावा कोविड के नए वैरिएंट को लेकर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों पर भी कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के बचाव का सबसे अच्छा तरीका टीका लगाना और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना है। सभी अनिवार्य रूप से टीकाकरण जरूर कराएं और कोविड एप्रोप्रिएट का पालन जरूर करें। उन्होंने कहा कि जिले में अब तक 18 लाख लोगों ने टीका लगवा लिया है। शेष लोगों के टीकाकरण के लिए गुरूवार को टीकाकरण विशेष महाभियान चलाया जाए। इसमें शत-प्रतिशत टीकाकरण का कार्य करें और इसके लिए रणनीति बनाई जाए। ऐसे गांवों को चिन्हांकित करें जहां अधिक टीका लगाने के लिए शेष बचे हुए है। सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर टीकाकरण करें।

बीज विक्रय केंद्र व मसाला निर्माण इकाई का शुभारंभ, जनपद अध्यक्ष के प्रयास से सोनेसरार में यूनिट प्रारंभ

# बिहान यूनिट से आत्मनिर्भर बनेंगी ग्रामीण महिलाएं

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत डोंगरगांव में बिहान अंतर्गत महिला समूहों की आय बढ़ाने व स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करने बीज विक्रय केंद्र व मसाला निर्माण इकाई स्थापित किया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत मॉडल संकुल सोनेसरार में बीज विक्रय केंद्र तथा मसाला निर्माण इकाई का जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया। उक्त इकाई का संचालन आस्था संकुल संगठन के द्वारा किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू द्वारा क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने बिहान टीम को सतत मार्गदर्शन दे रहे हैं। जनपद अध्यक्ष श्रीसाहू के मॉनिटरिंग व प्रोत्साहन से बिहान अंतर्गत सोनेसरार में इकाई



स्थापित होने से संकुल अंतर्गत समूह से जुड़े महिलाओं को स्वरोजगार प्राप्त होंगे। वहीं महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। शुभारंभ अवसर पर मुख्यअतिथि जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू थे। अध्यक्षता श्रीमती शारदा ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्यगण लखन सूर्यवंशी, डीबिका साहू, सुशीला साहू व अम्बिका साहू थे। उक्त अवसर पर मयंक यदु सरपंच, सीईओ एलआर चन्द्रवंशी, बीईओ आरएल पात्रे, बिहान प्राभारी व ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर होरीलाल साहू, जिला पंचायत एडीईओ व जीपीएम असफाक अहमद, भगवती साहू, हिमांजली सिदार, वीरेंद्र ध्रुव, रिंकी सिंह, संकुल पदाधिकारी, बिहान कैडर व तकनीकी संस्था अधिकारी सहित ग्रामीण महिलाएं मौजूद थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील-गंडई, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.17/ब-121/वर्ष 2021-22
साकिन-लालपुर
प.ह.न.-23

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आत्माराम पिता लुड़गु जाति सतनामी निवासी ठंढार (लालपुर) प.ह.न. 23 तहसील गण्डई के द्वारा अपने माता स्व. इन्द्रोतिन पति समली का मृत्यु दिनांक क्रमशः 5/10/1984 को ग्राम पंचायत में पंजीयन किये जाने हेतु निर्देश जारी करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 7/12/2021 को या पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं तिथि समाप्त पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
तहसील (गंडई)

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील-गंडई, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.16/ब-121/वर्ष 2021-22
साकिन-लालपुर
प.ह.न.-23

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आत्माराम पिता लुड़गु जाति सतनामी निवासी ठंढार (लालपुर) प.ह.न. 23 तहसील गण्डई के द्वारा अपने दादा स्व. गुहा पिता बुधारी का मृत्यु दिनांक क्रमशः 11/03/1981 को ग्राम पंचायत में पंजीयन किये जाने हेतु निर्देश जारी करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 7/12/2021 को या पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं तिथि समाप्त पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
तहसील (गंडई)

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202111092300030
ब/121 वर्ष 2021-22

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बहरू राम सिन्हा आ. अनदीराम सिन्हा जाति कलार निवासी ग्राम जामरी द्वारा अपनी माता श्याम कुंवर बाई सिन्हा पति अनदीराम सिन्हा की मृत्यु दिनांक 26/05/2009 को ग्राम जामरी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में हो जाने से तथा भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण अपनी माता की मृत्युतिथि दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 06/12/2021 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/11/2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है। आवेदक का मो. नं. 7999861558

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

# एटीआर से लगे गांवों में बाघ दंपती के पद चिन्ह मिले, अपने शावक की कर रहे तलाश, बाघ की दहाड़ से ग्रामीण दहशत में

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



अचानकमार टाइगर रिजर्व से लगे गांवों में बाघ के पग चिन्ह मिलने से लोग दहशत में है। चार पांच दिन पहले ही टिंगीपुर गांव में बाघ का शावक का शव मिला था। इसके बाद अब गांवों में बाघ की दहाड़ सुनाई दे रही है। वन विभाग के अफसर भी बताते हैं कि टिंगीपुर और आसपास के क्षेत्र में बाघ-बाघिन पिछले दो महीने से घूम रहे हैं। बताया जा रहा है कि शावक की मौत के बाद बाघ-बाघिन उसकी तलाश में भटक रहे हैं। हालांकि वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है। बाघ से बचने गांव-गांव में मुनादी भी कराई जा रही है।

दरअसल, वन विभाग के कर्मचारियों ने भी बाघ के पद चिन्ह मिलने का दावा किया है। साथ ही पेड़ों पर भी खरोचने के निशान मिले हैं। इसके बाद कोटा क्षेत्र के पिपरतराई, जोगीपुर, तखतपुर-लोरमी क्षेत्र के टिंगीपुर सहित आसपास के गांव के लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। यहां गांव-गांव में बाघ के पंजे के निशान मिलने की बात कहकर गांव में मुनादी कराई जा रही है। ग्रामीणों को अकेले जंगल जाने से मना किया जा रहा है और ग्रुप में जाने की समझाइश दी जा रही है।

**कैमरे से भी कर रहे निगरानी-** वन विभाग के अफसरों ने बताया कि ए टी आर के जंगल में सी सी टीवी कैमरा भी लगा है, जिससे बाघ-बाघिन की निगरानी की जा रही है। उनकी स्थिति का पता लगाया जा रहा है, लेकिन अभी तक बाघ-बाघिन कैमरे में भी ट्रैप नहीं हुए हैं। पद चिन्ह और दहाड़ने की आवाज से उनकी मौजूदगी का पता चल रहा है।


सर्चिंग के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गईं ए टी आर के डी एफ ओ सत्यदेव शर्मा ने बताया कि दो माह से बाघ-बाघिन के जंगल में विचरण करने की बात सामने आई। कई जगह उनके पद चिन्ह भी मिले हैं। पांच माह के शावक की मौत के बाद बाघ-बाघिन गुस्से में हैं। ऐसे में किसी पर भी हमला कर सकते हैं। जंगल में सर्चिंग की जा रही है। इस स्थिति में विभाग के कर्मचारियों को भी अकेले जंगल जाने से मना किया गया है। सर्चिंग के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई है। उन्हें 10 से 15 किलो मीटर के क्षेत्र में बाघ-बाघिन की तलाश करने के निर्देश दिए गए हैं।

### शावक की खोज में भटक रहे बाघ-बाघिन

ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में शावक की मौत से पहले ही बाघ के हमला करने की बात सामने आई थी। जोगीपुर में भैंस पर बाघ ने हमला किया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। कुछ दिन पहले कोटा क्षेत्र में भी तेंदुए ने बकरे पर हमला कर दिया था। ग्रामीणों ने बताया कि रात में बाघ की दहाड़ सुनाई देती है। ऐसे में उनके बकरों सहित अन्य मवेशियों पर हमला करने का डर बना रहता है।

# छजका के पूर्व जिला अध्यक्ष विक्रांत ने नया संगठन 'आजाद मंच' बनाया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के निधन के बाद उनकी पार्टी छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस की हालत वैसे ही पतली है उसके बाद पार्टी के प्रमुख नेता पार्टी छोड़कर जाते जा रहे है इसी कड़ी में पार्टी से निलंबित कर दिए गए .जनता कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष विक्रांत तिवारी ने आजाद मंच के नाम से एक नया संगठन खड़ा कर दिया है ।उन्होंने बताया कि जल्द ही नए संगठन के बैनर तले छत्तीसगढ़ की जनता की लड़ाई लड़ेंगे। विशेष कर बिलासपुर जिले को पिछड़ेपन से आज़ाद कराने क्रांतिकारी सोच के साथ गैर राजनीतिक मंच का गठन किया गया है। छत्तीसगढ़ की पावन भूमि और बिलासपुर की पहचान और आस्था का केंद्र बिंदु माँ महामाया मंदिर रतनपुर से नए मंच की घोषणा की गयी है। संगठन का नाम 'आज़ाद मंच' रखा गया है।

आजाद मंच के नए और पहले अध्यक्ष विक्रांत ने बताया कि जनता के साथ लगातार अन्याय के खिलाफ आवाज बुलन्द करने साथियों ने आजाद मंच का गठन किया है। सभी साथियों ने माँ महामाया के दरबार मे माथा टेककर नए संगठन की बुनियाद को रखा। आजाद मंच का झंडा पीले रंग का होगा। मंच का चिन्ह माता को अर्पित किया। भैरवबाबा मंदिर में भी झण्डा और चिन्ह अर्पित किया गया।

विक्रांत तिवारी ने बताया कि आज़ाद मंच बिलासपुर में बिलासपुर आज़ाद मंच (बम) के नाम के साथ बोल बम के नारे के साथ जनता के हित् की लड़ाई लड़ने सडको पर उतरेगी। हमारा लक्ष्य जनसेवाकरना है। हर आज़ाद सोच और जनता के मुद्दों को निडरता से उठाने वाले समर्पित साथियों का इस मंच में स्वागत है। मंच किसी भी दल या पार्टी से संबंधित नही होगा। हर दल के व्यक्ति आजाद मंच के सदस्य् हो सकते हैं। जिले में मंच की कार्यकारणी जल्द घोषित की जाएगी।

विक्रांत तिवारी ने बताया कि आज़ाद मंच के चिन्ह में उगते सूरज के साथ बंद मुट्ठी को दर्शाया गया है। निष्ठा- निडरता- सेवा और सम्मान को मंच के चिन्ह में लिख कर मंच की विचार धारा को स्पष्ट किया गया है। आज़ाद मंच बिलासपुर में बिलासपुर आज़ाद मंच के नाम के साथ कार्य करेगा। पंजीकृत गैर राजनीतिक मंच के रूप में मैदान में काम करेगा। जिसका अन्य जिलों में भी शीघ्र विस्तार किया जाएगा। मंच के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को बेहतर कल बेहतर बिलासपुर देने के उद्देश्य से जनहित के मुद्दों को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। जल्द लोगो को जोड़ने अधिकृत नम्बर जारी किए जाएंगे जिसके माध्यम से लोग जुड़ भी सकेंगे और अपनी समस्याओं से आज़ाद मंच को अवगत भी करवा सकेंगे। विक्रांत ने बताया कि 6 दिसंबर को आज़ाद मंच का बिलासपुर में जनहित का पहला आंदोलन का आयोजन होगा।

# टोल प्लाजा से निकाले गए कर्मियों ने किया रोड जाम



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजमार्ग और बिलासपुर रायपुर रोड के भोजपुरी टोल प्लाजा में नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों ने विरोध में चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही बिल्हा एसडीएम अमित गुप्ता, नायब तहसीलदार केशकर, चकरभाटा सीएसपी गरिमा द्विवेदी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने भोजपुरी टोल प्लाजा से पहले ही नेशनल हाईवे को जाम कर दिया था। पुलिस मौके पर पहुंची और चक्काजाम कर रहे लोगों को खदेड़ कर सड़क क्लियर करवाया।

चक्काजाम कर रहे यह लोग भोजपुरी टोल प्लाजा से निकाले गए कर्मचारी है। जो फिर से टोल प्लाजा में नौकरी लगाने मांग कर रहे हैं। वहीं प्रशासन और पुलिस चक्काजाम कर रहे लोगों को समझाइश देते रहे। मगर प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। भोजपुरी टोल प्लाजा में बैठे अधिकारी टोल प्लाजा से निकाले गए लोगों को काम में लेते हैं या नहीं यह आने वाले दिनों में स्पष्ट हो जाएगा।

# कांग्रेस शासन में कांग्रेसी नगर निगम की माली हालत खराब

■ **विकास कार्यों के लिए शासन से नहीं मिल रही राशि**

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में एक कहावत है हाथ में नई है हथियार कामा कांटे कुशियार यह कहावत बिलासपुर नगर निगम के महापौर पर फिट बैठ रहा है। बिलासपुर नगर निगम में लंबे अरसे बाद कांग्रेस का बहुमत हो पाया है इसके बाद भी राज्य सरकार और नगरीय निकाय विभाग से नगर निगम को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि नहीं मिल पा रहा है ।कई महत्वपूर्ण कार्य राशि के अभाव में रुके हुए हैं ।इसके विपरित भाजपा शासन काल में चूंकि नगरीय निकाय मंत्री अमर अग्रवाल थे और नगर निगम में भाजपा का बहुमत था इसलिए अमर अग्रवाल ने नगर निगम को विकास कार्यों के लिए भारी भरकम राशि मंजूर करते रहे ।आज स्थिति एकदम विपरित है । बिलासपुर नगर निगम की सीमा को बढ़ाने तथा वार्डो की संख्या में वृद्धि के लिए शहर से लगे एक नगर पालिका और दो नगर पंचायतों समेत 15 गांव को शामिल कर नगर निगम के वार्डो की संख्या में बढ़ोतरी तो कर दी गई लेकिन नगर निगम में शामिल इन क्षेत्रों में विकास के कोई भी कार्य नहीं हो रहे हैं ।यहां तक कि सफाई की एक गाड़ी भी राज्य शासन ने इन्हें क्षेत्रों के लिए नहीं दिए हैं ।कमोबेश यही स्थिति प्रदेश के कांग्रेस बहुमत वाले अधिकांश नगर निगम की है ।



बिलासपुर नगर निगम के वार्डो की बात करें तो 39 वार्ड शहर विधायक शैलेश पांडेय के विधानसभा क्षेत्र में आता है ।इसी तरह बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में 12 वार्ड ,तखतपुर विधायक रश्मि सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में 4 वार्ड ,मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी के निर्वाचन क्षेत्र में 2 वार्ड और नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के निर्वाचन क्षेत्र में शेष वार्ड आते हैं ।धरमलाल कौशिक रजनीश सिंह और डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी यह तीनों भाजपा के विधायक हैं इन्हें अगर छोड़ दिया जाए तो शेष दो शैलेश पांडेय और रश्मि सिंह कांग्रेस के विधायक हैं नगर निगम को इन विधायकों से अपने अपने क्षेत्र के वार्ड के विकास के लिए राशि स्वीकृत कर नगर निगम को देनी चाहिए लेकिन विकास कार्यों के मामले में किसी भी विधायक द्वारा नगर निगम को प्रत्यक्ष तौर पर मदद नहीं की जा रही है। नगर निगम में स्थिति यह है कि जो भी काम छोटे-मोटे चल रहे हैं वह सब स्मार्ट सिटी की राशि से चल रहे हैं ।कांग्रेस शासन काल में कांग्रेसी नगर निगम में विकास कार्यों के लिए राशि का टोटा हो यह अजीब लगता है मगर सच्चाई तो यही है ।ऐसा नहीं है कि बिलासपुर नगर निगम की आर्थिक स्थिति से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नगरीय निकाय मंत्री डॉक्टर शिव डहरिया वाकिफ ना हो ।नगर निगम की ओर से राशि स्वीकृति के लिए अनेकों बार आग्रह किया जा चुका है उसके बाद भी बिलासपुर शहर और आसपास के सम्मिलित गांव में विकास के लिए फंड का ना होना दुखदाई हो गया है ।यदि यही हाल रहा तो आने वाले विधानसभा और नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस मुश्किल में पड़ सकती है।। जानकारी के मुताबिक जोरापारा तालाब और जतिया तालाब के उन्नयन के लिए टेंडर भी हो चुका है मगर राशि के अभाव में ठेकेदारों ने काम शुरू करने से हाथ खड़ा कर दिया है। एक तरफ नगर निगम की आर्थिक बदहाली तो दूसरी तरफ राज्य शासन की ओर से दर्जन भर से ज्यादा ऐसे अधिकारी और कर्मचारी की पदस्थापना कर दी गई है जिनके पास कोई काम नहीं है ।

# शासकीय नवीन पिछड़ा वर्ग बालक क्रीड़ा परिसर में प्रवेश हेतु परीक्षा 2 दिसम्बर को

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नवीन पिछड़ा वर्ग बालक परिसर बिलासपुर में एथलेटिक्स, हॉकी, कबड्डी एवं स्वीमिंग विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य के किसी भी माध्यमिक शाला में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के ऐसे छात्र जिनकी आयु 31 दिसम्बर 2021 को 17 वर्ष से कम हो इस क्रीड़ा परिसर में प्रवेश ले सकते है।

इस क्रीड़ा परिसर में प्रवेश हेतु 06 छात्रों का चयन किया जाएगा। छात्रों का चयन 10 बैटरी टेस्ट लेकर उसके मूल्यांकन द्वारा किया जाएगा। ये टेस्ट 50 मी. दौड़, उछाल परीक्षण, शटल रेस (4म10 मी.), स्टैण्डिग ब्रांड जमा, गतिशील स्फूर्ति परीक्षण, अपर बॉडी बेंडिंग, पुश अप, लेग रेसिंग, सिट अप, 400 मीटर दौड में होंगे।

प्रवेश परीक्षा 2 दिसम्बर को स्व. बी.आर.यादव, राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर में प्रातः 10 बजे से आयोजित की जाएगी। 3 दिसम्बर 2021 को चयन सूची जारी कर चयनित छात्रों का चिकित्सीय परीक्षण किया जाएगा। तत्पश्चात् छात्रावास में प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। क्रीड़ा परिसर में उन्ही छात्रों का चयन किया जाएगा जो राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व कर चुके हों। भूमि एवं भवन उपलब्ध होते तक प्रारंभिक रूप से इनके आवास की व्यवस्था साइंस कालेज सीपत रोड के सामने स्थित नवीन पिछड़ा वर्ग बालक क्रीड़ा परिसर बिलासपुर में की जाएगी। अभ्यास हेतु स्व.बी.आर.यादव, राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर के मैदान एवं स्वीमिंग पुल का उपयोग किया जाएगा। छात्रों को अध्ययन हेतु पूर्व माध्यमिक शाला चिंगराजपारा एवं पूर्व माध्यमिक शाला लिंगियाडीह बिलासपुर में प्रवेश कराया जाएगा। छात्रों को आवासीय व्यवस्था गद्दे, तकिये, कंबल, चादर, मच्छरदानी एवं पलंग उपलब्ध कराई जाएगी तथा खेल किट ट्रेक शूट, जूता, मोजा, निकर एवं टी शर्ट एवं शालेय गणवेश प्रति वर्ष शासन द्वारा प्रदान किया जाएगा।

## विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा 1 से 15 दिसंबर तक

**बिलासपुर।** एचआईवी एक वायरस है जो हमारी शरीर में रोगो से लड़ने वाली शक्ति को कमजोर कर देता है। इसके कारण व्यक्ति बिमारियों से घिर जाता है। इस अवस्था को एड्स कहते है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अर्न्तगत विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा 1 से 15 दिसंबर तक मनाया जायेगा। जिसके तहत जन समान्य को एड्स जैसी खतरनाक बिमारी के प्रति जागरूक किया जायेगा।

## लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम के अन्तर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 1 दिसंबर को

**बिलासपुर।** पीसीएनडीटी एक्ट 1994 लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत अनुवांशिक सलाह केन्द्र, अनुवांशिक प्रयोगशाला, अनुवांशिक क्लीनिक के पंजीयन मंजूर, निलंबन या रद्द करने के संबंध में प्राप्त आवेदनों/प्रकरणों पर सलाह व विचार करने हेतु जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 1 दिसंबर 2021 को सुबह 11ः30 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय नूतन चौक सरकण्डा बिलासपुर में आहूत की गई है।

# कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं, आज मिले 35 आवेदन



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ.सारांश मित्तर ने जन चौपाल में जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं और मांगों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनचौपाल में आज 35 लोगों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याएं एवं मांग रखी। जनचौपाल में अकलतरी निवासी राजकुमार, ग्राम मड़ाई निवासी मोहन लाल साहू, गौरवपथ वार्ड न. 2 निवासी साधेलाल पात्रे, ग्राम बेड़ापाट के समस्त ग्रामीण, रतनपुर निवासी नन्हें राम माड़वा, बिटकुला निवासी रामाधार, खम्हरिया निवासी भद्रिका कौशिक, कुकदा निवासी छोटेलाल सूर्यवंशी, सरपंच धनगंवा, सहित अन्य लोगों ने मांग एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया।

# रेडी टू ईट अब कमीशन टू ईट बन गया : हर्षिता

**बिलासपुर।** राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय ने रेडी टू ईट कार्यक्रम से महिलाओं को अलग करने पर कड़ा विरोध करते हुए कहा कि भूपेश सरकार ने इसे कमीशन टू ईट में बदल दिया है। हर्षिता ने कहा कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान भूपेश सरकार महिला विरोधी है। ये महिलाओं को रोज़गार देना तो दूर उल्टे उनसे रोज़गार छीन रही। हर्षिता पांडेय ने बताया कि भाजपा सरकार में हज़ारों की संख्या में महिला समूहों का गठन हुआ था और उन्हें मध्यान्ह भोजन तथा रेडी टू इट के साथ साथ राशन दुकानों की भी जिम्मेदारी दी गयी थी जो कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित हुआ था।इस सरकार में रेडी टू ईट में कमीशन का बड़ा खेल हुआ है, इसलिए ये कार्य हरियाणा के शराब ठेकेदार को दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार शराब बंदी का वादा करके सत्ता में आई इस सरकार ने उल्टे घर घर शराब पहुंचा कर महिलाओं का जीवन और नर्क बना दिया है।ये सरकार की नीतियां महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक विनाश का कारक बन रही हैं।



## 1 लाख 17 हजार 209 किसानों ने कराया पंजीयन, 1 लाख 30 हजार 498 हेक्टेयर पंजीकृत रकबे के धान की होगी खरीदी

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिले में व्यापक तैयारी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिले में व्यापक तैयारी की गई है। जिले मे 1 लाख 17 हजार 209 किसानों ने धान विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिनके 1 लाख 30 हजार 498 हेक्टेयर पंजीकृत रकबे के धान की खरीदी की जायेगी। किसान पंजीयन एवं रकबे में गत वर्ष के मुकाबले 3.71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खाद्य नियंत्रक बिलासपुर ने बताया कि जिले में 114 सेवा सहकारी समितियों के अन्तर्गत 125 उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी की जायेगी। उपार्जन केन्द्र स्तर पर भौतिक व्यवस्था, बारदानो की व्यवस्था तथा संवेदनशील उपार्जन केन्द्रों में सहकारिता एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों की नियुक्ति और उपार्जन केन्द्र वार जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों एवं ग्रामीण कृषि विभागो के अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। खरीदी के संबंध में किसी प्रकार के शिकायत के निवारण के लिए जिला स्तर पर शिकायत निवारण प्रकोष्ठ/नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिले में विपणन वर्ष 2021-2022 में 4 लाख 88 हजार 602 मेट्रिक टन धान उपार्जन का अनुमान है।

जिसके अनुसार 24 हजार 430 गठान बारदाने की आवश्यकता को देखते हुए तैयारी की जा रही है। वर्तमान में 9 हजार 314 गठान बारदाना उपलब्ध है जिसे खरीदी केन्द्र में पहुंचा दिया गया है। जिला स्तर पर धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था के लिए 101 नोडल अधिकारियो की नियुक्ति की गई है साथ ही सभी उपार्जन केन्द्रो में निगरानी समिति गठित की गई है। अन्तर्राजीय धान के अवैध परिवहन पर निगरानी रखे जाने हेतु राजस्व, सहकारिता, खाद्य विभाग के कर्मचारियों का दल गठित किया गया है। इनके माध्यम से अवैध परिवहन, कोचियों, बिचैलियो पर नजर रखी जा रही है। जिले के 534 मण्डी अनुज्ञप्तिधारियों का सतत निरीक्षण कार्य जारी है।

### पांच नये धान उपार्जन केन्द्र

इस वर्ष जिले में 5 नये धान उपार्जन केन्द्र खोले गये है। तखतपुर विकासखण्ड में दैजा, कोड़ापुरी और विंध्यांसर कोटा विकासखण्ड में अमाली और बिल्हा विकासखण्ड में अकलतरी में नया खरीदी केन्द्र बनाया गया है। जिससे किसानो को सुविधा होगी साथ ही 125 खरीदी केन्द्रों में 552 चबुतरे बनाये गये है।

# भाजपा विधायक डॉ. बांधी के खिलाफ समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं मस्तूरी के भाजपा विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने विगत दिवस अपने कार्यक्रम के दौरान अजा समाज के ऊपर कथित रूप से किए गए अभद्र टिप्पणी के खिलाफ मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अजा समाज के लोगों ने मस्तूरी विधायक डॉक्टर बांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के साथ ही मस्तूरी के कांग्रेस पार्टी के लोगों ने भी मस्तूरी जोंधरा चौक के पास डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी का पुतला दहन कर विरोध में जोर शोर से नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव, राजकुमार अंचल, लक्ष्मी भार्गव, लखन टंडन, अरविंद लहरिया, अशोक रजवाल, दामोदर कांत, देवेंद्र कृष्णन, अरविंद लहरिया, नरेंद्र दिनकर, एनल ग्रीतलहरें, सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्य सचिव जैन ने धान खरीदी के तैयारियों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी संभागों के कमिश्नर, पुलिस महानिरीक्षक, जिले के कलेक्टर और पुलिस अधिक्षकों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्य रूप से कोविड-19 के नए वेरिएंट से बचाव हेतु आवश्यक तैयारी, धान खरीदी केन्द्रों पर सुचारू व्यवस्था और आगामी दिनों में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय मानस मंडलियों की प्रतियोगिता और युवा एवं लोक कला महोत्सव के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को इनके संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। मुख्य सचिव जैन ने कोविड-19 के नए वेरिएंट से बचाव के लिए जरूरी तैयारियों के संबंध में कहा कि विदेशों से छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों की विधिवत निगरानी और मॉनिटरिंग की जाए। विदेशों से आने वाले यात्रियों की सूची राज्य स्तर से जिले के कलेक्टर को नियमित रूप से भेजी जाए। संबंधित जिलों में इन यात्रियों की टैÑकिंग एवं आवश्यक होने पर उपचार और संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए जिला स्तर पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। संक्रमण न होने की स्थिति में 14 दिन का होम क्वारेंटिन और संक्रमण की स्थिति पाए जाने पर जरूरी उपचार के साथ ही जीनोम सिक्वेंसिंग भी कराई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के तीन प्रमुख हवाई अड्डों में संक्रमण की जांच के साथ ही हेल्पडेस्क स्थापित किए जाएं, जहां विदेशों से आने वाले प्रत्येक यात्रियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। जिसमें वेक्सीनेशन के प्रमाण पत्र, संक्रमण जांच की रिपोर्ट का निरीक्षण किया जाए। साथ ही यात्रियों से यह प्रमाण पत्र लिया जाए कि उनकी यात्रा किन-किन देशों से होकर गुजरी है। इसके साथ ही राज्य के धान खरीदी केन्द्रों में भी जांच और टीकाकरण शिविर नियमित रूप से लगाए जाएं, इन शिविरों में धान बेचने आ रहे किसानों की जांच और टीकाकरण की व्यवस्था भी की जाए। जैन ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख स्थलों, चौक-चौराहों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संक्रमण बढ़ने की स्थिति से निपटने के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों और कोविड केयर सेंटर में पर्याप्त बेड, दवाईयां, ऑक्सीजन सिलेण्डर, वेंटिलेटर सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश भी दिए है। मुख्य सचिव ने धान खरीदी केन्द्रों में सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय-समय पर दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने टोकन वितरण व्यवस्था को नियमित करने प्रभावी कदम उठाने कहा है। साथ ही धान खरीदी की प्रक्रिया में विवादित रहे समितियों-व्यक्तियों-कर्मचारियों पर कड़ी निगरानी रखने और कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि धान खरीदी केन्द्रों के नियमित निरीक्षण और परीक्षण के लिए सेक्टर बनाकर जोनल अधिकारियों की तैनाती की जाए। ये जोनल अधिकारी अपने प्रभार के धान खरीदी केन्द्रों में नियमित रूप से भ्रमण करेंगे और धान खरीदी की व्यवस्था सुचारू रूप से सम्पादित कराएंगे। जैन ने तकनीकी क्षमताओं और स्थानीय लोगों की मदद से धान खरीदी केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति को रोकने और ऐसे अप्रिय कार्यों में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि पुलिस की गश्त नियमित रूप से धान खरीदी केन्द्रों में की जाए। साथ ही आवश्यक होने पर ऐसे विवादित केन्द्रों में पुलिस बल की भी तैनाती की जाए।

# धान खरीदना ना पड़े इसलिए बारदाना का अभाव पैदा कर रही है भूपेश बघेल सरकार: बृजमोहन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भूपेश बघेल सरकार को धान खरीदी के तैयारियों में पूरी तरह फेल होने का आरोप लगाते हुए कहा की सरकार सिर्फ जुबानी जमा खर्च में चल रही है। धान खरीदी की जमीनी हकीकत पूरी तरह बदहाल एवं बर्बाद है। कल 1 दिसम्बर से धान खरीदी होनी है और सरकार आज तक बारदाने की व्यवस्था भी नहीं कर पाई है। अग्रवाल ने कहा कि 1 दिसंबर से धान खरीदी करने की घोषणा करने वाली सरकार को यह भी मालूम नहीं है कि उन्हें कितने बारदना चाहिए? कितने बारदाना किन-किन माध्यमों से मिलेगा? कितना बारदाना नया लेना है, कितना पीडीएस से लेना है? कितना राइस मिलर्स से लेना है? क्या यह सरकार बारदाना के लिए सालभर से सो रही थी? सरकार पीडीएस व राइस मिलर्स का बारदाना क्यों समय पूर्व इकट्ठा नही कर पाई? अग्रवाल ने कहा कि जब सरकार को धान खरीदी के लिए 5 लाख गठान बारदाना की जरूरत थी? तब सरकार ने बारदाना के लिए साल भर में क्या किया? बारदाना का आर्डर कब-कब किस एजेंसियों के माध्यम से किया गया? कितना पैसा बारदाने के लिए भेजा गया? कब भेजा गया? यह भी स्पष्ट सामने आना चाहिए। साल भर का समय मिला था, धान खरीदी का व बारदाना दोनों के लक्ष्य तय थे, फिर साल भर में बारदाना खरीद नही पाना किसके निकम्मेपन को प्रदर्शित करता है।

क्यो साल भर में बारदाना की खरीदी नही हो पाई? अग्रवाल ने कहा कि खरीदी केंद्र में टोकन लेने वाले किसानों के ऊपर दबाव बनाया जा रहा है कि आप अपने बारदाने में धान लेकर आइए। किसान पुराना व नया बारदाना खरीदने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। सरकार से जुड़े बारदाना माफिया के पौ बारह है। किसान मजबूरी में पुराने बारदाना 40-40, 50 - 50 रुपए में खरीद रहे हैं। और सरकार सिर्फ बारदाना के 18 रुपए प्रति बारदाना के दर से भुगतान करेगी। इस प्रकार किसानों से प्रति 50 किलो धान पर किसानों की 22 रुपए से लेकर 32 रुपए की लूट हो रही है। किसानों को जो 44 रुपए से लेकर 64 रुपए तक की प्रति क्विंटल लूट हो रही है उसके लिए जवाबदार कौन है?

अग्रवाल ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार धान खरीदी के नाम पर किसानों को लूटने में लगी है। बारदाना खरीदी, धान खरीदी, किसानों को धान का पेमेंट करने, धान का ट्रांसपोर्टिंग करने एवं धान का मिलिंग कराने में ये सरकार पूरी तरह फेल है। श्री अग्रवाल ने कहा कि अपनी असफ्लता को छुपाने के लिए ही यह सरकार कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के ऊपर आरोप लगाकर अपने जिम्मेदारियों से बचना चाहती हैं।

## राज्यपाल को छत्तीसगढ़ जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमण्डल ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में छत्तीसगढ़ जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की और उन्हें अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल ने उनकी समस्याओं पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि डॉक्टरों की पी.जी. काउंसिलिंग में करीब साल भर का विलंब हो रहा है, जिसके कारण बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नये बैच नहीं आने से उन पर कार्य भार बढ़ गया है और पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति अन्य राज्यों की अपेक्षा काफी कम दी जा रही है, जिसे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। कोविड के दौरान जो विशेष भत्ता दिया जाना था वह अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। साथ ही बांडेड और नॉन बांडेड चिकित्सकों के वेतन में काफी अंतर है। प्रतिनिधिमण्डल ने यह अंतर समाप्त किये जाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमण्डल में डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. अमन अग्रवाल, डॉ. प्रेम चौधरी एवं डॉ. गौरव परिहार शामिल थे।

## छात्राओं ने स्कूल में टीचर का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम में किया अपलोड, मचा हड़कंप

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



मस्ती मस्ती में अपने ही शिक्षक का वीडियो इंस्टाग्राम में पोस्ट करना छात्राओं को पड़ा भारी शिक्षक को पता चला तो शिक्षक द्वारा छात्रों पर मारपीट का आरोप परिजन लगा रहे आरोप। यह पूरा मामला शहर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है। जहाँ के स्कूली छात्राओं द्वारा अपने ही स्कूल के शिक्षक का वीडियो शोसल मीडिया इंस्टा ग्राम में अपलोड किये जाने के बाद शिक्षक को किसी तरह इसकी जानकारी होने के बाद परिजनों के साथ छात्रों को स्कूल में बुलाकर परिजनों से शिकायत के बाद छात्रों के साथ मार-पीट का आरोप परिजनों और बच्चो ने लगाया है। जिसके बाद स्कूल में जैसे ही यह मामला तूल पकड़ा स्कूल कैम्पस में हड़कम्प मच गया व यह मामला मीडिया में आने के बाद छात्रों व उनके परिजनों व शिक्षकों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया यह मामला यहीं नहीं थमा यह मामला जिला शिक्षा अधिकारी के संज्ञान में आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने भी जांच के आदेश दिए है। जानकारी के मुताबिक बच्चो और परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल में पढ़ाई के दौरान बच्चो ने टीचर का एक वीडियो बना कर इंस्टाग्राम में डाल दिया था जब इस बात का पता शिक्षक को चला तो उन्होंने शिक्षक से माफी भी मांग ली लेकिन शिक्षक द्वारा छात्रों की पिटाई कर दी गई जिसकी जानकारी परिजनों को होने के बाद यह मामला तूल पकड़ने लगा और आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया वहीं यह मामला स्कूल से जुड़े होने के चलते जांच होने के बाद ही मामला स्पष्ट होंने की बात कही जा रही है। वही इस पूरे मामले को लेकर स्कूल के शिक्षकों का कहना है कि स्कूल में मोबाइल प्रतिबंध है इसके बावजूद बच्चे परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन लेकर आए थे छात्रों के द्वारा स्कूली कार्य का वीडियो बना कर शोशल साइड इंस्टग्राम में पोस्ट कर दिया गया जब इस बात की जानकरी शिक्षक को हुई तो बच्चों को शोशल साइड्स से दूर रहने की समझाइश दी गई है किसी तरह का मार-पीट नही किया गया है विभागीय जांच की जा रही है।

# उद्योग हितैषी नीति से तेज हुई औद्योगीकरण की रफ्तार

## तीन वर्ष की अवधि में ही स्थापित हुई 1751 औद्योगिक इकाइयां

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में हो रहे तीव्र औद्योगिक विकास का ही परिणाम है कि पिछले तीन सालों में ही बड़े, मध्यम, मेगा, माइक्रो तथा छोटे उद्योगों की कुल 1751 इकाईयां स्थापित हुई हैं। इन औद्योगिक समूहों के द्वारा कुल 19 हजार 550 करो? 72 लाख रूपए का पूंजी निवेश किया गया है। जिससे इन इकाईयों में 32 हजार 912 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा के मार्गदर्शन में राज्य में उद्योगों के विकास एवं निवेश का बेहतर महौल तैयार हुआ है। राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति से कृषि और वनोपज आधारित उद्योगों को प्राथमिकता दी गई है। खनिज आधारित उद्योगों को हर तरह का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। नई औद्योगिक नीति के तहत अब इस्पात (स्पंज आयरन एण्ड स्टील) क्षेत्र के मेगा, अल्ट्रा प्रोजेक्ट में निवेश हेतु विशेष प्रोत्साहन पैकेज की व्यवस्था की गई है। मेगा निवेश के लिए इस पैकेज में अधिकतम 500 करोड़ रूपए तक निवेश प्रोत्साहन दिया जा रहा है। बस्तर संभाग के लिए 1000 करोड़ का निवेश प्रोत्साहन दिया जा रहा है। निवेशकों को सिर्फ छूट और सुविधा ही नहीं दी जा रही है बल्कि इस बात का भी ख्याल रखा गया है कि प्रदेश में आसानी के साथ उद्योग स्थापित हो सकें। इसके लिए प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया गया है। औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन के लिए भू-प्रब्याजी में 30 प्रतिशत की कमी की गई है। भू-भाटक में एक प्रतिशत की कमी की गई है। औद्योगिक क्षेत्रों में 10 एकड़ तक आबंटित भूमि को लीज फ्री होल्ड करने के लिए नियम बनाए गए हैं।

औद्योगिक भूमि और भवन प्रबंधन नियमों का सरलीकरण किया गया है। कोरोना संकट काल के लॉकडाउन के दौरान पूरा देश आर्थिक मंदी से प्रभावित रहा ऐसे स्थिति में छत्तीसगढ़ में उद्योग जगत भी अछूता न रहा। इन सबके बावजूद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के तीन वर्षों के कार्यकाल में 8 बड़े उद्योग लगे जिसमें मैनेजमेंट के तहत 132 एवं कुशल श्रेणी के 409 तथा अन्य 432 अकुशल श्रेणी के कर्मचारी कार्यरत है। इन औद्योगिक समूहों द्वारा 430 करोड़ 34 लाख रूपए का निवेश किया गया है। मध्यम श्रेणी के 33 उद्योगों में 322 कर्मचारी मैनेजमेंट के तहत एवं 868 कुशल श्रेणी तथा 1249 अकुशल कर्मचारी कार्यरत है। मध्यम श्रेणी के उद्योगों में 303 करोड़ 75 लाख रूपए का पूंजी निवेश किया है। मेगा श्रेणी के चार उद्योगों में 387 कर्मचारी मैनेजमेंट के अंतर्गत एवं 1635 कुशल श्रेणी के तथा 364 अकुशल कर्मचारी कार्यरत हैं। इन उद्योगों में एक हजार 388 करोड़ 80 लाख रूपए का निवेश किया है।

माइक्रो श्रेणी के उद्योगों के 292 उद्योगों में 344 मैनेजमेंट कर्मचारी एवं 707 कुशल तथा 1125 अकुशल कर्मचारी कार्यरत हैं। उक्त उद्योगों में 130 करोड़ 73 लाख रूपए का पूंजी निवेश किया है। विभिन्न छोटे श्रेणी के 494 उद्योगों में 839 कर्मचारी मैनेजमेंट में एवं 1871 कुशल तथा 3415 अकुशल कर्मचारी काम कर रहे हैं। इन छोटे उद्योगों के द्वारा कुल 942 करोड़ 62 लाख रूपए का पूंजी का निवेश किया गया है।

# मनोरा में हिंदी स्कूल बंद होने से प्रभावित 600 विद्यार्थियों ने निकाली रैली, बीजेपी ने विद्यार्थियों के साथ दिया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < मनोरा
www.dailypioneer.com





विकास खंड मनोरा में एक मात्र हिंदी मीडियम स्कूल है, जिसमें 600 बच्चे अध्ययनरत हैं। इन 600 बच्चों की बात करें तो यह बच्चे 12-15 किलोमीटर दूर से अध्ययन करने यहां आते हैं। और खास बात यह है कि मनोरा उ.मा.विद्यालय में बच्चों को अच्छे तरीके से शिक्षा प्रदान की जाती है। इसी उत्सव के कारण आज मनोरा मुख्यालय हिंदी स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या 600 है। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल से स्कूली बच्चों की मांग है कि उ. मा.विद्यालय मनोरा में हिंदी की शिक्षा बंद नहीं की जाए।

### कई पीढ़ी के लोग हुए शिक्षित

विद्यार्थियों का कहना है कि स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलने से राज्य सरकार की यह मंशा है कि हिंदी माध्यम के स्कूलों को धीरे धीरे पूर्णतः बन्द कर दिया जाएगा, जिसे लेकर 600 विद्यार्थियों ने आज मनोरा मुख्यालय में रैली निकाली। स्कूली बच्चों ने कहा कि अगर स्कूल को बंद कर दिया जाता है तो हम 600 बच्चे कहा जाएंगे और हम सब का भविष्य पूर्णतः अंधकारमय हो जाएगा। क्योंकि मनोरा मुख्यालय हिंदी स्कूलों में ज्यादा तर गरीब बच्चे अध्ययन करने आते हैं।

### बच्चों को इन्होंने दिया समर्थन

मंगलवार को मनोरा मुख्यालय में 600 बच्चों ने रैली निकाली। उनके समर्थन में बच्चों के माता व पिता आए। उन्होंने राज्य सरकार भूपेश बघेल से मांग की और कहा कि हमारी बच्चे का भविष्य को खराब न करें।

### समर्थन में सभी प्रतिष्ठान बंद रहे

बच्चों का हिंदी स्कूल बंद ना हो इसलिए मनोरा मुख्यालय के होटल और प्रतिष्ठान बंद रहे। व्यापारियों ने भी समर्थन में कहा कि हिंदी स्कूल बंद ना हो अगर बंद हो गया तो 600 बच्चे कहा जाएंगे। मुख्यालय में एक मात्र स्कूल है और सरकार उसे भी बंद करने की मंशा में है। इस मंशा को दूर करें और हिंदी स्कूल को संचालित होने दें।

### भाजपा ने दिया समर्थन

रैली स्कूल ग्राउंड से होते हुए जनपद पंचायत घूमते हुए मनोरा बस्ती व बस स्टैंड से होते हुए निकली जहाँ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पंडाल लगाकर स्कूली बच्चों को आश्वासन दिया कि आप लोगो की मांगे पूरी करने के लिए पूरी कोशिश किया जाएगा। रैली में पुलिस चौकी मनोरा पूरी तरह से मुस्तैद थी। स्कूली बच्चों ने और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

# धुर नक्सल पीड़ित गांव पायतुलगुट्टा ने शुरू की कुपोषण से जंग, मुख्यधारा से कटे पायतुलगुट्टा में खुली आंगनबाड़ी

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

नक्सल प्रभाव के कारण वर्षों से विकास की मुख्यधारा से कटे रहे कई क्षेत्र अब विपरीत और कठिन परिस्थितियों के बावजूद आगे बढ़ने लगे हैं। अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित दूरस्थ इलाकों के लोगों तक सुविधाएं पहुचांने की बड़ी चुनौती अब राज्य सरकार के दृढ़ निश्चय और मैदानी अमलों के हौसलों के आगे आसानी से हल होने लगी है। इसका एक उदाहरण सुकमा जिले के कोण्टा विकासखण्ड के नक्सल प्रभावित ग्राम पायतुलगुट्टा में आंगनबाड़ी केन्द्र की शुरूआत के रूप में सामने है। यहां के निवासियों को अशिक्षा, पिछड़ेपन की वजह से कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ा है, जिसमें कुपोषण भी एक मुख्य समस्या बनकर उभर आई। कुपोषण से बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास सामान्य बच्चों की तुलना में कम हो जाता है। ऐसे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के छत्तीसगढ़ को कुपोषण मुक्त बनाने के संकल्प से सुदूर क्षेत्रों के महिलाओं और बच्चों को सुपोषित बनाने की शुरू हुई मुहिम वरदान साबित हुई है। इसके परिणामस्वरूप नक्सलवाद से पीड़ित ग्राम पायतुलगुट्टा भी अब कुपोषण से भी जंग लड़ने लगा है। वर्ष 2019 में एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना कोन्टा के अन्तर्गत सेक्टर किष्टाराम 01 के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र पायतुलगुट्टा आंगनबाड़ी केन्द्र खुला। धुर नक्सल क्षेत्र होने के कारण कार्यकर्ता मिलना भी कठिन था, लेकिन वर्ष 2020 के जून में कार्यकर्ता तोडेम पार्वती की नियुक्ति के बाद केन्द्र संचालित होना शुरू हो गया। अब क्षेत्र के महिलाओं और बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तोडेम पार्वती और आंगनबाड़ी सहायिका पायम रूकमणी की मदद से शासन के नियमित टीकाकरण, ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण कार्यक्रम, वजन त्यौहार, पूरक पोषण आहार जैसी सुविधाओं का फायदा मिलने लगा है। गृह भेंट कर कार्यकर्ता और सहायिकाएं लोगों तक शासन की योजनाओं, उचित खाने-पान की जानकारी देने के साथ कुपोषण दूर करने के कई उपाय समझा रही हैं।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | Operation theater tech. | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| Medical Surgical Nsg. | | Ortho and dresser tech. | 1 year |
| Community Health Nsg. | | | |
| Child Health Nsg. | | | |
| Mental Health Nsg. | | | |



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन : 0771-4241000,4241057 | वेब : www.balajinursingcollege.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403